स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

एमटीएनएल

34वीं
वार्षिक रिपोर्ट
2019-20

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड

पारदर्शिता ही हमारी पहचान है!

एम.टी.एन.एल

चौंतीसवीं
वार्षिक रिपोर्ट
2019-20

egkuxj VsyhQksu fuxe fyfeVsM

¼uojRu dEiuh½

egkuxj VsyhQksu fuxe fyfeVsM dh ifjdYiuk

"दूरसंचार क्षेत्र में अग्रणी एकीकृत सेवा प्रदाता बनने के लिए उपभोक्ता संतुष्टि को लक्ष्य बनाकर महत्वपूर्ण रूप से विस्तार करने के लिए संबंधित व्यवसाय के विविध क्षेत्रों में प्रवेश करना।"

egkuxj VsyhQksu fuxe fyfeVsM dk fe'ku

"विश्वस्तरीय दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी सेवाओं को किफायती दरों पर उपलब्ध कराने और सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय मानकों को प्राप्त करके बाजार में अग्रणी बने रहने के लिए प्रतिबद्ध।"

'kS;j/kkjdksa ds fy, egRoiw.kZ lwpuk

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनियों द्वारा कागज रहित अनुपालन को अनुमति देते हुए ''निगमित अभिशासन में हरित पहल'' शुरू की है और परिपत्रों को जारी कर स्पष्ट किया है कि शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट सहित सूचना/दस्तावेज भेजने का कार्य केवल ई मेल द्वारा किया जाए। सरकार की इस हरित पहल का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे सदस्य जिन्होंने अभी तक अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं कराएं हैं। जमाकर्ता (निक्षेपागार) के साथ इलेक्ट्रॉनिक धारण (होल्डिंग) के संबंध में अपने संबंधित निक्षेपागार प्रतिभागी के पास अपनाई ई–मेल पंजीकृत कराएं।

fo"k; lph

		i"B la[;k
1.	निदेशक मंडल	04
2.	सांविधिक सूचना	04–05
3.	निदेशकों की रिपोर्ट	06–27
4.	निदेशकों की रिपोर्ट के परिशिष्ट	
	• परिशिष्ट I – सचिवालयी (सेक्रेटेरियल) लेखापरीक्षा रिपोर्ट	28–30
	• परिशिष्ट II – सूचीकरण विनियमन के अंतर्गत निगमित अभिशासन के अनुपालन का प्रमाणपत्र	31
	• परिशिष्ट III – वार्षिक सचिवालयी अनुपालन रिपोर्ट	32–35
	• परिशिष्ट IV – सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में सापेक्षताओं पर एमटीएनएल के उत्तर कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में अनुपालन प्रमाणपत्र और वार्षिक सचिवालयी अनुपालन रिपोर्ट	36
	• परिशिष्ट V – एमजीटी 9 (वार्षिक विवरणी से उद्धरण)	37–47
	• परिशिष्ट VI – निगमित अभिशासन रिपोर्ट	48–72
	• परिशिष्ट VII – व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट	73–81
	• परिशिष्ट VIII –प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट (एमटीएनएल की उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति)	82–92
5.	लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	93–117
6.	वार्षिक लेखे (तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखा, समेकित तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखे एवं नकदी प्रवाह विवरण)	118–287
7.	निदेशकों की रिपोर्ट के परिशिष्ट–निदेशकों की 2019–20 की रिपोर्ट का अनुशेष सांविधिक लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां और उन पर प्रबंधन के उत्तर	288–302
8.	नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां तथा निदेशकों की 2019–20 की रिपोर्ट के परिशिष्ट	303–312
9.	सहायक/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की प्रमुख विशेषताओं का विवरण (एओसी–1)	313–315
10.	मिलेनियम टेलीकॉम लिमिटेड– निदेशकों की रिपोर्ट, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, तुलन–पत्र, नकदी प्रवाह विवरण।	316–359
11.	महानगर टेलीफोन (मॉरीशस) लिमिटेड– लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, तुलन–पत्र	366–399

fun'kd eMy
¼31-07-2020 dks½

श्री पी. के. पुरवार	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
श्री सुनील कुमार	निदेशक मानव संसाधन एवं उद्यम व्यवसाय
श्री मिलिंद विजय जोशी	निदेशक (वित्त) (30.09.2020 तक)
श्री संजीव कुमार	निदेशक (तकनीकी)
श्री नवनीत गुप्ता	निदेशक सरकारी निदेशक
श्री महमूद अहमद	निदेशक सरकारी निदेशक (26.11.2020 तक)
श्री चिन्मय बासु	स्वतंत्र निदेशक (25.10.2020 तक)
श्री के. बी. गोकुलचंद्रन	स्वतंत्र निदेशक (25.10.2020 तक)
श्रीमती जी0 पद्मजा रेड्डी	स्वतंत्र निदेशक (25.10.2020 तक)
श्रीमती सुनीता त्रिवेदी	स्वतंत्र निदेशक (25.10.2020 तक)
श्री एस. के. गुप्ता	निदेशक (वित्त) (21.10.2020 से)
श्री अमिताभ रंजन सिन्हा	सरकारी निदेशक (26.11.2020 से)

dEiuh lfpo	,l-vkj- L;ky
iathd`r ,o fuxfer dk;kZy;	महानगर दूरसंचार सदन, पांचवीं मंजिल, 9, केंद्रीय कार्यालय परिसर (सीजीओ) कॉम्पलैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 टेलीफोन : 011–24319020, फैक्सः 011–24324243 सीआईएन एल32101डीएल1986जीओआई1023501 वेबसाइट : www.mtnl.net.in/www.bol.net.in
lkafofèkd ys[kkijh{kd	eSllZ dqekj fot; xqIrk ,.M daiuh] lunh ys[kkdkj 408, नई दिल्ली हाउस, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001 फोन : 011–23314525 / 26, 45562649 eSllZ foukn dqekj ,.M ,lkfl,V~l] lunh ys[kkdkj 4696, बृज भवन, 21ए, अंसारी रोड़, दरियागंज, नई दिल्ली–110002 फोनः 011–23288101
ykxr ys[kkijh{kd	eSllZ vkj- ,e- cqly ,.M daiuh] ykxr ys[kkdkj फ्लैट नं.–260, पॉकेट–ए, सरिता विहार, नई दिल्ली–110076 फोन : 09415134328
lfpoky;h ys[kkijh{kd	eSllZ vkj-ih- lgxy ,.M ,lkfl,V~l] daiuh lfpo ए–2304, आर.जी. कॉम्पलैक्स, कम्यूनिटी सेंटर, मोतिया खान, डी.बी.जी. रोड, पहाड़गंज पुलिस स्टेशन के सामने, नई दिल्ली–110055 फोनः 011–43564836 / 9810126612

cldj

cldj	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली/मुंबई, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, नई दिल्ली/मुंबई, पंजाब नेशनल बैंक, दिल्ली/मुंबई, आईसीआईसीआई बैंक, नई दिल्ली/मुंबई, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, नई दिल्ली, सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई/दिल्ली, बैंक ऑफ बड़ौदा, नई दिल्ली/मुंबई, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली/मुंबई, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, इंडियन बैंक, नई दिल्ली, एक्सिस बैंक, नई दिल्ली/मुंबई, सिंडीकेट बैंक, नई दिल्ली, कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली, पंजाब एवं सिंध बैंक, नई दिल्ली, यस बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली, इंडसइंड बैंक, मुंबई, आंध्रा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, एचडीएफसी बैंक, नई दिल्ली, यूको बैंक

ithj;d ,o vrj.k ,tsV	ell chVy Qkbuf'k;y ,M dI;Vj lfoll t ¼Ikk-½ fyfeVM तीसरी मंजिल, बीटल हाउस, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली –110062 फोन नं.: 011–29961281–82, फैक्स : 011–29961284 ई–मेलः beetal@beetalfinancial.com, beetalrta@gmail.com वेबसाइटः www.beetalfinancial.com सेबी पंजीकरण संख्याः INR000000262
b&okfVx ,tslh	सेंट्रल डिपॉजिटरी सिक्यूरिटीस् लिमिटेड (सीडीएसएल) ई–मेलः helpdesk.evoting@cdslindia.com
lohk{kd	ell ger dekj flg ,M ,lkfl,Vl] diuh lfpo ई–मेल : hemantsinghcs@gmail.com
fuos'kd lgk;rk MLd	फोन : 011.24317225, फैक्स : 011–24316655 ई–मेल : mtnlcsco@gmail.com

egkuxj VsyhQku fuxe fyfeVM के सदस्यों 34वीं वार्षिक आम सभा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओवीएएम) के माध्यम से वृहस्पितिवार, 31 दिसंबर, 2020 को पूर्वाहान 11.30 बजे आयोजित की जाएगी।
okf"kd fjiksV www.mtnl.net.in vkj LVkd ,Dlpt dh osclkbV ij Hkh miyCèk gA

'k;j/kkjdk ls vihy

lHkh 'k;j/kkjdk ls fuonu gs fd ftUgkus viuk b&ey dk iath tek ugh djok, g] o fuEukuq lkj] **mtnlcsco@gmail.com / beetalrta@gmail.com** *ij viuk ist Hkt n%*

uke %

Qkfy;k u %

Mhih vkbMh@xkgd vkbMh %

b&ey vkbMh %

'k;jk dh l[;k %

funs'kdksa dh fjiksVZ

सेवा में

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड

के सभी शेयरधारक

प्रिय शेयरधारकों,

आपके निदेशक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु आपकी कंपनी की 34वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ वित्तीय विवरण तथा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं वित्तीय विविरणों पर पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत कर रहे हैं।

foÙkh; o"kZ 2019&20 ds fy, ,eVh,u,y dh fu"iknu leh{kk

1- ekSckby usVodZ

ए. दूरसंचार विभाग ने अपने दिनांक 29 अक्तूबर 2019 के कार्यालय ज्ञापन सं:30–40/2019–पीएसयू अफेयर के माध्यम से सूचित किया है कि भारत सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के द्वारा कर्मचारी लागत को कम करके, 4जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आबंटन, राष्ट्रिक गारंटी बांण्ड जारी करके कर्ज की पुनर्रचना, परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण और बीएसएनएल और एमटीएनएल के सैद्धांतिक रूप में विलयन के द्वारा एमटीएनएल और बीएसएनएल के पुनरुत्थान हेतु दूरसंचार विभाग के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

¼,½ fnYyh vkSj eqacbZ esa 4 th lsokvksa dk vkjEHk

दूरसंचार विभाग द्वारा स्पेक्ट्रम का आबंटन किया जाना है। दिल्ली और मुंबई में 4जी सेवाओं को शुरू करने के संबंध में, 4जी सेवाओं को शीघ्रतम आरंभ करने के श्रेष्ठ संभव विकल्प की संभावना को खोजने के लिए बीएसएनएल के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ विस्तृत चर्चा और विचार–विमर्श किया गया। बीएसएनएल की प्रस्तावित निविदा में एमटीएनएल की मात्रा जोड़ने पर सहमति बनी। तदनुसार अनेक बार चर्चा करने के बाद एमटीएनएल ने अपनी आवश्यकताओं की सूची (एसओआर) को बीएसएनएल के साथ उनके फेज ix टेंडर की मदों में सम्मिलित करने के लिए साझा किया है, जिससे कि एमटीएनएल के लिए भी प्रतियोगी दरें प्राप्त की जा सके। वित्तीय दबावों के कारण कम साइट्स के साथ 7000(दिल्ली 4000 और मुंबई 3000) केवल रेडियों एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) के लिए एसओआर, बीएसएनएल को भेजा गया है। रेडियों एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) का अनुमानित मूल्य रु. 877 करोड़ है, इस संबंध में बीएसएनएल द्वारा 23 मार्च 2020 को निविदा मंगाई गई।

बी. निम्नलिखित मुख्य परियोजनाओं के साथ एमटीएनएल के दिल्ली और मुंबई में वायरलैस नेटवर्क के सुधार का कार्य शुरू किया है ताकि 21.1 एमबीपीएस की कवरेज एवं डाउनलिंक गति और 5.76 एमबीपीएस की अपलिंक गति को सुधारा जाए जो पहले क्रमशः 3.6 एमबीपीएस और 384 केबीपीएस थी। :

I- fnYyh esa 3 th dk foLrkj vkSj mUu;u

3 जी के 1080 साइट और 800 हाइब्रीड माइक्रोवेव को जोड़कर बैकहॉल क्षमता और डाटा हैंडलिंग क्षमता को 10 जीबीपीएस तक करने के लिए जीबीएसएम/3 जी आरएफ नेटवर्क का विस्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त 720 पुराने नोड – बी का उन्नयन/पुनः स्थापन और 914 पुराने 8 एमबीपीएस माइक्रोवेव हॉपस् का 400 एमबीपीएस क्षमता के हाइब्रीड एम/डब्ल्यू में उन्नयन किया गया है।

II. e|cbl e: 3th mUu;u%

720 पुराने नोड–बीएस का उन्नयन और 497 पुराने 8 एमबीपीएस माइक्रोवेव हॉपस् का 400 एमबीपीएस क्षमता के हाइब्रीड एम/डब्ल्यू में उन्नयन/पुनःस्थापन किया गया है। डाउनलोड लिंक और अपलिंक पर 3.6 एमबीपीएस से 21 एमबीपीएस तथा 384 केबीपीएस से 5.76 एमबीपीएस डाटा गति बढाने के लिए एचएसपीए का 3 जी अपग्रेड कार्यान्वयन पूर्ण हो गया है।

III- fnYyh vkj e|cbl d: dkj uVodl dh ,d:irk ¼dkotsl½%

एमटीएनएल ने दिल्ली और मुंबई के 3जी नेटवर्क के सामान्य कोर के लिए शुरुआत की है। मुंबई नेटवर्क के मुख्य घटकों को दिल्ली से बदलकर दिल्ली और मुंबई के कोर नेटवर्क को एकरूप किया गया है। इसके परिणामस्वरूप रु. 96 करोड़ की प्रचालन व्यय की बचत हुई जिनसे एएमसी लागत तथा स्टाफ लागत की मद में वार्षिक आधार पर प्रचालन व्यय कम करने में मदद होगी। इस एकरूपता से संसाधन उपयोग और नेटवर्क की विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण सुधार होंगे। इस कन्वर्जेंस से मुंबई नेटवर्क दिल्ली के अपग्रेडेड कोर नेटवर्क के लाभों का उपयोग करने योग्य भी होगा।

2- ok;jykbu uVod%

,- ,eih,y,l uVodl dk mPphdj.k% एमटीएनएल पूरे एमपीएलएस नेटवर्क का उच्चीकरण करने की योजना बना रहा है, तथा इसे एफटीटीएच और 4जी नेटवर्क की बढ़ती ट्रैफिक जरूरतों से निपटने के लिए भविष्य हेतु तैयार कर रहा है।

ch- ,QVhVh,p jktLo Hkkxhnkjh uhfr% एमटीएनएल ने अपनी एफटीटीएक्स सेवाएं देने के लिए राजस्व सहभागिता आधार पर साझेदार जुटाने के लिए नीति तैयार करके उसे अंतिम रूप दिया तथा उसे कार्यान्वित किया। फाइबर पर उच्चगति ब्रांडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न साझेदार लाए गए। वर्ष 2019–20 में 80% से अधिक उपभोक्ता इन राजस्व सहभागिता साझेदारों द्वारा जोड़े गए।

lh- Mh,l,y,,e dks fQj ls yxk;k tkuk% दिल्ली तथा मुंबई में वर्तमान ब्रांडबैंड नेटवर्क के डीएसएलएएम को उपभोक्ता परिसर के निकट फिर से लगाकर कॉपर की लंबाई को कम किया गया तथा ब्रांडबैंड सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाया गया। 31 मार्च, 2020 तक दिल्ली में 242 तथा मुंबई में 203 डीएसएलएएम फिर से लगाए गए परिणामस्वरूप कॉपर की लंबाई कम की गई तथा ब्रॉडबैंड सेवा की गुणवत्ता बढ़ाई गई। इससे उपभोक्ता का अनुभव उन्नत हुआ तथा शिकायतों की संख्या में कमी आयी।

Mh- fiyj rFkk Mhih dh lkt&lTtk% सेवा की गुणवत्ता के मापदंडों (पैरामीटर) में सुधार के लिए पिलर तथा डीपी का नवीकरण चरणबद्ध ढंग से करने की योजना बनाई गई है। दिल्ली में 219 पिलर तथा 1906 डीपी तथा मुंबई में 1260 पिलर एवं 6455 डीपी का 2019–20 में नवीकरण किया गया।

bZ- Mªkiok;j cnyuk% कॉपर पेयर गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एमटीएनएल ने वर्ष 2019–20 में 13,37,110 मीटर वर्तमान ड्रॉपवायर को ट्विस्टेड ड्रॉपवायर से बदला है अथवा डीपी में खुले जोड़ों (जॉइंट्स) पर थर्मो स्लीव रखी है।

,Q- czkMcSaM dh xfr c<+kuk% उपभोक्ता के अनुभव में वृद्धि करने के लिए ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की गति साध्यता (फीजिबिलिटी) तथा लाइन पैरामीटर को ध्यान में रखते हुए बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 एमबीपीएस में बढ़ाई गई है।

3- ,eVh,u,y vkSj ch,l,u,y ds e/; uVodl dk ,dhdj.k &

श्रेष्ठ संभव तकनीकी समाधानों जिनका विवरण नीचे दिया गया है, को खोजने के लिए अनेक सहक्रिया/सिनर्जी/एकीकरण मदों की पहचान की गई और उन्हें बीएसएनल के साथ साझा किया गया :

,- vkbZVh flLVe vkj vk/kkfjd lajpuk & एमटीएनएल के पास बिलिंग के लिए विरासत में प्राप्त आई टी सिस्टम, सीआरएम प्रावधान, वित्तीय प्रबंधन, बीएसएस आदि है जबकि बीएसएनएल के पास नवीनतम आईटी सिस्टम हैं। आगे बीएसएनएल में बीएसएनएल प्लेटफार्म में फिक्स लाइन नेटवर्क के एकीकरण के लिए नए सी डी आर टेंडर के लिए सहमति बनी है और यह तीसरे पक्ष द्वारा किया जाएगा इसलिए कोई समस्या नहीं है। तथापि ई आर पी, मोबाइल बीएसएस, यूजर इंटरफेस आदि के लिए प्रयास अपेक्षित है और पहले ई आर पी के एकीकरण और उसके बाद अन्य आईटी सिस्टम के एकीकरण का सुझाव दिया गया।

ch- ,Dlsl usVodZ ¼vks ,l ,l vkj ch ,l ,l½ & एमटीएनएल और बीएसएनएल में विभिन्न एक्सेस नेटवर्क जैसे पीएसटीएन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच,मोबाइल,लीज लाइन आदि कार्य कर रहे हैं और इन नेटवर्क का अलग ओ एस एस और बी एस एस सिस्टम है। दोनों संगठनों को ऐसे नेटवर्क का पता लगाने की आवश्यकता है जिसमें और निर्विघ्न/सुचारु एकीकरण विभिन्न एक्सेस नेटवर्क विकास के लिए के लिए समान ओ ई एम/विशिष्टता हो।

lh- 0;kikj çfØ;k & एमटीएनएल उपभोक्ताओं के अनुभवों और उत्पाद/सेवाओं की सूची सहित बी एस एन एल की समान व्यापार प्रक्रिया और सेवाओं के लिए सहमत हुआ। एमटीएनएल के लिए एमटीएनएल लोगो, संबंधित एलएसए के अनुसार पते अथवा नियामक अपेक्षाओं की आवश्यकता के अतिरिक्त अलग से बदलाव की आवश्यकता नहीं है। तथापि एमटीएनएल के कर्मचारियों को व्यापार प्रक्रिया और सेवाओं (रिपोर्ट सहित) और उत्पाद सेवा कैटलॉग के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

Mh- fctusl likVZ flLVe ¼ch,l,l½ dk ,dhdj.k & एमटीएनएल बीएसएस एकीकरण के लिए या तो x.25 अथवा समुचित सुरक्षित चैनल द्वारा फिक्स्ड लाइन सीडीआर उपलब्ध कराने के लिए सहमत है।

,eVh,u,y ds foÙkh; o"kZ 2019&20 ds foÙkh; ifj.kke

वित्त वर्ष 2019–20 के लिए आपकी कंपनी के एकल वित्तीय परिणाम तथा साथ ही समेकित वित्तीय परिणाम इस रिपोर्ट के परिशिष्ट के रूप में संलग्न हैं।

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए आपकी कंपनी के एकल और समेकित वित्तीय विशिष्टताओं का सार निम्न प्रकार है :

	,dy ifj.kke		lesfdr ifj.kke ¼,eVh,u,y] mldh lgk;d daifu;ksa] la;qDr m|e vkSj lg;ksxh daifu;ka½	
	2019&20	2018&19	2019&20	2018&19
परिचालन से आय	1,536.36	1,987.80	1,623.55	2.085.41
व्यय (वित्तीय लागत को छोड़कर)	3,981.16	4,293.73	4,067.82	4,404.87
ifjpkyu ykHk@¼gkfu½	¼2]444-80½	¼2]305-93½	¼2]444-27½	¼2]319-46½
अन्य आय	690.66	618.91	693.04	636.09
वित्त लागत	1,941.54	1,703.18	1,941.66	1,703.18
dj iwoZ ykHk@¼gkfu½	¼3]695-68½	¼3]390-20½	¼3]692-89½	¼3]386-55½
अपवादात्मक मदें	–	–	–	–
निवेश में लाभ/(हानि) का हिस्सा जो, इक्विटी पद्धति का प्रयोग करते हुए लेखांकित किया गया।	–	–	0.23	(0.64)

¼#i;s djksM+ esa½

	,dy ifj.kke		lesfdr ifj.kke ¼,eVh,u,y] mldh lgk;d dEifu;k] l;qDr m|e vkSj lg;ksxh dEifu;k½	
	2019&20	2018&19	2019&20	2018&19
वर्ष के लिए कर प्रावधान	–	–	1.07	0.88
सतत परिचालनों से वर्ष के लिए लाभ/(हानि)	¼3]695-68½	¼3]390-20½	¼3]693-73½	¼3]388-07½
असतत परिचालनों से वर्ष के लिए लाभ/(हानि)		–	–	
o"kZ ds fy, ykHk@¼gkfu½	¼3]695-68½	¼3]390-20½	¼3]693-73½	¼3]388-07½
अन्य व्यापक आय	(115.32)	(7.39)	(120.44)	(7.75)
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	¼3]811-00½	¼3]397-58½	¼3]814-17½	¼3]395-82½
fofu;kstu		–		–
अंतरिम/प्रस्तावित अंतिम लाभांश	–	–	–	–
लाभांश कर	–	–	–	–
dks@¼ls½ varj.k		–		–
ए) आकस्मिकता आरक्षित निधि	–	–	–	–
बी) डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि	–	–	–	–

foÙk o"kZ 2019&20 ds fy, fuf/k;ksa ds lzksr ,oa vuqiz;ksx uhps fn, x, gSa&

fuf/k;ksa ds lzksr ,oa mi;ksx	2019&20	2018&19	2019&20	2018&19
प्राधिकृत पूंजी	10,000.00	10,000.00	10,000.00	10,000.00
निर्गमित, अभिदत्त एवं प्रदत्त पूंजी	630.00	630.00	630.00	630.00
अन्य इक्विटी	(14,215.65)	(10,364.94)	(14,212.10)	(10,357.83)
गैर चालू और चालू उधार	22,965.57	19,737.16	22,965.57	19,737.16
आस्थगित कर देयता (निवल)	–	–	6.75	6.34
fuEufyf[kr }kjk fu:fir				
संपत्ति, संयंत्र एव उपस्कर (नेट ब्लॉक)	3,486.95	4,233.78	3,579.11	4,329.56
चालू पूंजीगत कार्य	328.08	320.04	328.08	320.04
निवेश संपत्ति	31.42	25.74	39.80	34.96
अमूर्त परिसंपत्तियां (नेट ब्लॉक)	2,766.21	3,101.90	2,766.21	3,101.90
निवेश	106.13	106.13	3.51	3.73
अन्य परिसंपत्तियां	9,937.28	6,890.03	9,971.35	6,914.33
अन्य देयताएं	7,276.15	6,889.86	7,297.84	4,688.85

कंपनी के ये समेकित और एकल वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली 2015(इंड ए एस)के अनुसार तैयार किए गए हैं

jkf'k] ;fn dkbl gk] ftl fun'kd eMy fdlh vkjf{kr fufèk e y tku dk iLrko djrk g

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कोई लाभ न होने के कारण कंपनी ने कोई भी राशि आरक्षित निधि को अंतरित नहीं की है।

ykHkk'k%

कोई परिचालन लाभ न होने के कारण आपकी कंपनी का निदेशक मंडल रिपोर्ट किए गए वर्ष के लिए किसी लाभांश की सिफारिश करने में अपनी असमर्थता व्यक्त करता है।

bu foÙkh; fooj.kk l lcfèkr foÙk o"k dh lekfIr rFkk fjikV dh frfFk d chp ;fn dkbl egRoi.k ifjorlu rFkk opuc)rk, gbl gk] ftudk diuh dh foÙkh; fLFkfr ij iHkko iMk gkA

कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन तथा वचनबद्धताएं इन वित्तीय विवरणों से संबंधित वित्त वर्ष की समाप्ति तथा रिपोर्ट की तिथि के बीच नहीं हुई, जिनका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ा हो। कंपनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

,eVh,u,y dk ith rFkk _.k <kpk

वित्त वर्ष के दौरान आपकी कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी में कोई वृद्धि नहीं हुई है। आपकी कंपनी की 31 मार्च 2020 को प्राधिकृत शेयर पूंजी रु. 10,000 करोड़ थी जिसमें रु. 100 प्रत्येक के 65 करोड़ अधिमान्य शेयर और रु. 10 प्रत्येक के 350 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल हैं। 31 मार्च, 2020 को आपकी कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी रुपये 630 करोड़ थी, जिसमें रुपये 10 प्रत्येक के 63 करोड़ इक्विटी शेयर हैं।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी ने तो विभेदक मतदान अधिकारों के साथ कोई शेयर निर्गमित किए हैं तथा न कोई स्टॉक विकल्प अथवा श्रम जन्य इक्विटी प्रदान की अथवा कोई इक्विटी शेयर अथवा अधिमान्य शेयर अथवा न ही ऐसी प्रतिभूतियां निर्गमित की, जिनमें किन्हीं शेयर वारंट को बदलने अथवा निर्गमित करने का अधिकार अथवा विकल्प होता है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी ने कोई डिबेंचर/बॉण्ड जारी नहीं किए हैं।

31 ekpZ 2020 dks fu"ikfnr :i ls j[ks x, ,eVh,u,y dh _.k i=frHkwfr;ka@ckW.M

Ø la	tkjhdrkZ dk uke	vkbZ,lvkbZ,u la[;k	tkjh gksus dh frfFk	ifjiDork dh frfFk	dwiu nj	Hkqxrku ckjackjrk	lfUufgr fodYi ;fn dksbZ gks	lfUufgr fodYi] ;fn dksbZ gks] rks fodYi dk fooj.k nsa	lfUufgr fodYi] ;fn dksbZ gks] rks dkWy odfYid fooj.k	tkjh dh xbZ jkf'k	cdk;k jkf'k ¼#i;ks esa½	fMcspj VLVh dk uke	dwiu dh fVIif.k;ka] ;fn dksbZ gks
1	एमटीएनएल	आईएनई153ए08014	28–मार्च–13	28–मार्च–13	8.57%	अर्द्ध वार्षिक	नहीं			10,050,000,000	10,050,000,000	एसबीआई कैप ट्रस्टी कंपनी लि.	
2		आईएनई153ए08022	5–दिस.–3	5–दिस.–3	9.38%		नहीं			19,750,000,000	19,750,000,000		
3		आईएनई153ए08030	26–मार्च–14	26–मार्च–14	9.39%		नहीं			7,650,000,000	7,650,000,000		अर्द्धवार्षिक ब्याज तथा मूलधन के भुगतान की देयता दूरसंचार विभाग (भारत सरकार) की है।
4		आईएनई153ए08048	19–नव.–14	19–नव.–14	8.24%		नहीं			14,000,000,000	14,000,000,000		
5		आईएनई153ए08055	19–नव.–14	19–नव.–14	8.28%		हाँ		नवें वर्ष के अंत में कॉल विकल्प	1,000,000,000	1,000,000,000		
6		आईएनई153ए08063	19–नव.–14	19–नव.–14	8.24%		नहीं			7,00,000	7,00,000		
7		आईएनई153ए08071	28–नव.–14	28–नव.–14	8.29%		नहीं			22,689,000,000	22,689,000,000		
		dqy ;ksx								75]139]700]000	75]139]700]000		

,eVh,u,y }kjk tkjh fd, x, _.k@ckW.M dh ØsfMV jsfVax rFkk foÙkh; o"kZ 2019&20 ds nkSjku mlesa gq, dksbZ la'kks/ku

क्रिसिल तथा केयर ने महानगर टेलीफोन निगम लि. (एमटीएनएल) के रुपये 7513.97 करोड़ के गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर पर क्रमशः अपनी 'क्रिसिल एएए (सीई)/स्टेबल' तथा केयर एएए (सीई)/स्टेबल रेटिंग को पुनः दोहराया है। क्रिसिल तथा केयर द्वारा पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2017, 2018 तथा 2019 में दी गई रेटिंग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

lgk;d] lg;ksxh dEifu;ka rFkk la;qDr m|e dEifu;ksa dh leh{kk

कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 129(3) के अनुसरण में अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट संबंधित लेखा मानक तथा उसके साथ पठित कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के अनुसार कंपनी तथा उसकी सहायक, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यम कंपनियों के समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं, जो इस वार्षिक रिपोर्ट का भाग हैं। उक्त धारा के प्रावधानों के अनुसरण में कंपनी की सहायक, सहयोगी कंपनियों तथा संयुक्त उद्यमों की प्रमुख विशेषताओं से युक्त एक विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में फार्म एओसी–1 में दिया गया है। वर्तमान में कपंनी अधिनियम, 2013/सेबी (एलओडीआर), 2015 के अभिप्राय के अंतर्गत एमटीएनएल की कोई महत्वपूर्ण सहायक कंपनी नहीं है।

महत्वपूर्ण सहायक कंपनी संबंधी नीति को निदेशक मंडल ने अनुमोदित कर दिया है तथा इसे कंपनी की वेबसाइट के लिंकः http://mtnl.in/policy-materialsubsidy.pdf पर देखा जा सकता है।

वित्त वर्ष 2019–20 अंतर्गत सहायक, सहयोगी तथा संयुक्त उद्यम कंपनियों के निष्पादन के संबंध में संक्षेप में मुख्य बातें निम्नवत् हैंः–

lgk;d dEifu;k

¼i½ egkuxj VsyhQksu ¼ekWjh'kl½ fyfeVsM ¼,eVh,e,y½ ¼fons'k esa ,d iw.kZ LokfeRo okyh lgk;d dEiuh½

एमटीएमएल मॉरीशस में एमटीएनएल की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है। कंपनी के पास मोबाइल सेवाएं, अंतरराष्ट्रीय दूरस्थ सेवाएं और इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने का लाइसेंस हैं। एक छोटा सा द्वीप देश, जिसकी जनसंख्या लगभग केवल 13 लाख है, तथा मोबाइल दूर–घनत्व 150 प्रतिशत से अधिक है, में एमटीएमएल उपभोक्ता केन्द्रित सेवाओं के साथ सफलतापूर्वक अपनी प्रतिष्ठा बना चुका है तथा इसका उपभोक्ता आधार 3,00,000 से अधिक का हो गया है। एमटीएमएल संतृप्त दूरसंचार बाजार में प्रतिस्पर्धा देने में पूरी तरह सक्षम है। कंपनी लगातार 11वें वर्ष भी लाभ में रहीं है। एमटीएमएल पूरे द्वीप में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी वाला 2जी/3जी नेटवर्क तथा कुल आबादी के 90 प्रतिशत से अधिक को 4जी (एलटीई) सेवाएं उपलब्ध करवा रही है। 4जी पर एच्च गति डाटा सेवाओं के बढ़े हुए कवरेज तथा अपने 4जी नेटवर्क पर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को जोड़कर एमटीएमएल उपभोक्ता अब प्रत्येक माह 1000 टीबी से अधिक का डाटा उत्पन्न कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान डाटा डाउनलोड 250 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। एमटीएमएल ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान डाटा एमयूआर 468.13 मिलियन (भारतीय रुपये 108.43 करोड़) की तुलना में इस वित्त वर्ष में एमयूआर 448.33 मिलियन (भारतीय रुपये 89.50 करोड़) लगभग का सकल राजस्व अर्जित किया है। राजस्व में हल्की गिरावट मुख्यतः कम हुई रोमिंग के कारण तथा (आईएलडी) राजस्व में गिरावट उपभोक्ता उपयोग पैटर्न में परिवर्तन के कारण आई है क्योंकि अधिकतर उपभोक्ता दूरस्थ वॉयस तथा वीडियो कॉलों के लिए व्हाट्सअप जैसी ओटीटी सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। कंपनी ने मार्च 2020 के दौरान, कोविड–19 के कारण निम्न आर्थिक गतिविधि तथा लॉकडाउन/कर्फ्यू का भी सामना किया है फिर भी कंपनी ने पिछले वर्ष एमयूआर 18.12 मिलियन (भारतीय रुपये 3.41 करोड़) के शुद्ध लाभ की तुलना में 2019–20 के दौरान 18.12 मिलियन (भारतीय रुपये 3.47 करोड़) का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी ने उद्यम सेवाओं पर और अधिक ध्यान देना शुरू किया है तथा इस चुनौतिपूर्ण बाजार में प्रवेश कर रही है। यह विशेष इसलिए है क्योंकि एमटीएमएल के पास फिक्सड लाइन सेवाएं तथा ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क नहीं है। इस चुनौती से तथा उच्च डाटा वृद्धि की आवश्यकताओं से निपटने के लिए, एमटीएमएल अपने मोबाइल टॉवरों के लिए फाइबर कनेक्टिविटी की संभावनाओं को खोज रहा है। वर्तमान में, सभी मोबाइल साइट माइक्रोवेब रेडियो नेटवर्क पर जुड़ी हैं। जिसकी डाटा वहन क्षमता की वृद्धि के संबंध में अपनी सीमाएं हैं। एमटीएमएल ने मॉरीशस के एक सरकारी संगठन, केन्द्रीय विद्युत बोर्ड (सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड), को इसके कार्मिको को एमटीएमएल मोबाइल सेवाओं के बदले में प्रारंभ में 6 महीने तथा आगे एक वर्ष तक विस्तार योग्य अवधि के लिए निःशुल्क एमटीएमएल हब साइटों को ऑप्टिकल फाइबर उपलब्ध कराने के लिए अनुबंधित करने में सफलता प्राप्त की है। प्रस्तावित व्यवस्था के अंतर्गत, एमटीएमएल मोबाइल कनेक्शन परीक्षण आधार पर स्मार्ट मीटर नेटवर्क में भी लगाए जाएंगे जिसे सीईबी द्वारा विकसित किया जा रहा है। इस व्यवस्था से एमटीएमएल का 4जी का बैकहॉल नेटवर्क सुदृढ़ होगा तथा इंटरप्राइज उपभोक्ता को कैरियर ग्रेड सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा इसके साथ–साथ स्मार्ट मीटर नेटवर्क में आगे व्यापार अवसर भी सृजित होंगे। जीएसएम नेटवर्क के अतिरिक्त, एमटीएमएल के पास सीडीएमए नेटवर्क लाइसेंस भी है जो 15 वर्ष के लिए वर्ष 2004 में लिया गया था। जनवरी, 19 में एमटीएमएल लाइसेंस की समाप्ति पर, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन होने के कारण, दूरसंचार नियामक ने इसके सीडीएमए नेटवर्क को बंद करके स्पैक्ट्रम को खाली करने का निर्णय लिया। एमटीएमएल के अनुरोध पर, लाइसेंस को और 1 वर्ष के लिए बढ़ाया गया था

तथा अब लॉकडाउन के कारण 30 जून, 2020 तक बढ़ाया गया है जब सीडीएमए नेटवर्क बंद किया जाएगा। एमटीएमएल ने सीडीएमए नेटवर्क से इसके जीएसएम नेटवर्क पर जाने के इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए इस हेतु विशेष रूप से तैयार किए गए विभिन्न प्लानों तथा योजनाओं के माध्यम से प्रक्रिया को पहले ही प्रारंभ कर दिया है। कंपनी के सभी खर्चों का भुगतान उसके अपने निजी आंतरिक स्रोतों द्वारा किया जाता है। उपस्करों की खरीद के लिए पूंजीगत व्यय पूरी तरह अपने आंतरिक संसाधनों से किया जा रहा है। एमटीएमएल अपने आंतरिक संसाधनों से निर्मित अपने भवन से परिचालन कर रहा है जो मॉरीशस में सूचना प्रौद्योगिकी का केंद्र कहे जाने वाले साइबर सिटी, मॉरीशस में स्थित है। कंपनी पर कोई ऋण देयता नहीं है। कंपनी का प्रबंधन मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य तकनीकी अधिकारी (सीटीओ), मुख्य वित्त अधिकारी तथा मूल कंपनी से आए 10 अन्य अधिकारी देख रहे हैं तथा ये सभी मूल कंपनी से प्रतिनियुक्ति पर हैं। अन्य परिचालनों की व्यवस्था स्थानीय लोगों की आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाती है।

¼ii½ feyfu;e Vyhdke fyfeVM ¼,eVh,y½ ¼,d i.k LokfeRo okyh Hkkjrh; lgk;d diuh½

मिलेनियम टेलीकॉम लिमिटेड एमटीएनएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जो कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत फरवरी 2000 में निगमित हुई थी। एमटीएल द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में दूरसंचार सलाह एवं इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, वाई–फाई समाधान, ई–गवर्नेंस परियोजना, प्रबंधित सेवाएं, तैयार हालत में आईसीटी समाधान, जीआईएस आधारित सेवाएं, क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास आदि शामिल हैं। मिलेनियम टेलीकॉम लिमिटेड (एमटीएल) भी बहुत ऊंची वृद्धि दर से आगे बढ़ रहा है। 2014–15 में कंपनी अखिल भारतीय स्तर पर सिस्टम इंटीग्रेशन तथा अन्य आईसीटी संबंधित व्यवसाय के कारण लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी ने रु. 1.47 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। एमटीएल ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के दौरान रुपये 25.67 लाख का निवल लाभ अर्जित किया है। एमटीएल आने वाले वर्षों में और अधिक आदेश प्राप्त करने में सफल होने की प्रक्रिया में हैं। एमटीएल को सरकारी संस्थाओं द्वारा नामांकन आधार पर बहुत बड़ी संख्या में कार्य सौंपे गए हैं जिन्हें एमटीएल द्वारा सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया है। इसकी उपभोक्ता सूची में एयर इंडिया, जम्मू एवं कश्मीर सरकार, केंद्रीय विश्वविद्यालय (महेंद्रगढ़) हरियाणा, यूपी बिल्डिंग एंड अन्य कन्सट्रक्शन्स वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड (बीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी), लखनऊ, थाणे नगर निगम, सीआईडीसीओ, भारतीय फिल्म प्रभाग, भारतीय बीमा संस्थान आदि सम्मिलित हैं। एमटीएल सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थाओं के अनुकूल सामान्य के साथ–साथ उनके अनुसार विशिष्ट समाधान प्रदान करने के लिए अपनी सेवाओं के क्षेत्रों का विस्तार भी कर रहा है।

एमटीएल ने वर्ष 2016–17 में रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से 10 वर्ष के लिए 26 व्यापार विकास एसोसिएट्स (बीडीए) को सूचीबद्ध किया है। वित्त वर्ष 2019–20 में एमटीएल ने श्रमिक उपकर के लिए सामाजिक कल्याण कोष तैयार करने हेतु उत्तर प्रदेश के मेरठ तथा गाजियाबाद जिले का जीआईएस आधारित सर्वेक्षण, सीआईडीसीओ ईपीएबीएक्स सर्वर (तीन वर्ष का ठेका), टीएमसी डब्ल्यूएएन नेटवर्किंग (5 वर्ष का ठेका), टीएमसी प्रबंधित सेवाएं (5 वर्ष का ठेका) जैसी विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया है।

l;Dr m|e

¼I½ ,eVh,u,y ,lVhihvkbZ vkbZVh lfoZlst fyfeVM ¼,e,lvkbZVh,l,y½

एमटीएनएल एसटीपीआई आईटी सर्विसेज लिमिटेड (एमएसआईटीएसएल) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की 50:50 हिस्सेदारी की संयुक्त उद्यम कंपनी है। एमएसआईटीएसएल 50 करोड़ रुपए की प्राधिकृत पूंजी के साथ, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत 31 मार्च, 2006 में निगमित हुई थी। एमएसआईटीएसएल ने एसटीपीआई से चेन्नई में पट्टे पर जगह लेकर टीयर–III डाटा सेंटर की भौतिक संरचना स्थापित की है। इस डाटा सेंटर के पास लगभग 3500 वर्गफुट का सर्वर फार्म एरिया है और इसके लिए रु. 477 लाख का कुल निवेश किया गया है। यह टीयर–III डाटा

सेंटर दिन रात 99.98 प्रतिशत अप टाइम बनाए हुए है। डाटा सेंटर का वाणिज्यिक प्रचालन 2009 में प्रारंभ हुआ। वर्तमान में हमारे निम्नलिखित प्रमुख उपभोक्ता हैं जिन्होंने अपनी परियोजनाओं तथा परिचालनों के लिए एमएसआईटीएसएल डाटा सेंटर में सर्वर रैक साथ–साथ लगाए हैं।

- विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मै. टीसीएस के माध्यम से एमएसआईटीएसएल डाटा सेंटर में पासपोर्ट सेवा परियोजना लगाई है।
- महानिदेशालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (डीजीईएंडटी), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एमएसआईटीएसएल डाटा सेंटर पर एसटीपीआई के माध्यम से नेशनल कैरियर प्रोजेक्ट लगाया है।
- मै. रैपको बैंक लि. ने बैंकिंग परिचालनों के लिए सर्वर रैक साथ–साथ लगाए हैं।
- एमएसआईटीएस डाटा चेन्नई में पासपोर्ट सेवा परियोजना को साथ–साथ रखे जाने हेतु टीसीएस तथा एमएसआईटीएस के बीच सेवा करार 11 जून, 2020 को समाप्त हो गया, जिसे 31.12.2000 तक बढ़ाया गया है।

वर्ष 2009 में कंपनी के वाणिज्यीकरण की तारीख से इसका राजस्व बढ़ता ही जा रहा है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एमएसआईटीएसएल ने पिछले वर्ष 572.54 लाख रुपये की तुलना में 614.60 लाख रुपये का करोबार (टर्नओवर) प्राप्त किया, जो गत वर्ष से 42.06 लाख रुपये अधिक है। एमएसआईटीएसएल ने पिछले वर्ष 205.92 लाख रुपये की तुलना में मूल्यह्रास के लिए प्रावधान करने के बाद 249.79 लाख रुपये का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है। कंपनी का सकल लाभ आस्थगित कर के पश्चात 186.33 लाख रुपये है जो पिछले वर्ष 145.70 लाख रूपये था। जिसमें 40.63 लाख रुपये की वृद्धि हुई।

¼II½ ;wukbVsM VsyhdE;wfuds'kUl fyfeVsM ¼;wVh,y½] usiky

यूटीएल एमटीएनएल की संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसमें टीसीएल, टीसीआईएल, एनवीपीएल (नेपाल) और एमटीएनएल शामिल हैं। कंपनी नेपाल में मोबाइल/आईएलडी/डाटा सेवाएं प्रदान करती है। वर्तमान में यूटीएल में एमटीएनएल की इक्विटी धारिता 26.68 प्रतिशत है। कंपनी पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। इसे बहुत अधिक घाटा हो रहा है। उपभोक्ता आधार भी कम हो गया है। यह नेपाल सरकार के रॉयल्टी, शुल्क, बीटीएस साइट प्रभार जैसे सांविधिक देयों तथा अन्य देयों का भुगतान नहीं कर पा रही है। कंपनी के पास बकायों को निपटाने के लिए संसाधन नहीं हैं। उन्होंने संयुक्त उद्यम के साझेदारों द्वारा इक्विटी ऋण सहभागिता किए जाने की मांग की है परंतु एमटीएनएल, टीसीआईएल तथा टीसीएल सभी भारतीय संयुक्त उद्यम साझेदारों ने इसकी शेयर पूंजी अथवा ऋण में कोई भी राशि न देने का निर्णय किया है। सभी भारतीय संयुक्त उद्यम साझेदारों ने संयुक्त उद्यम से बाहर निकलने का निर्णय लिया है तथा 30 जनवरी 2018 को बाहर आने के अपने अधिकार का प्रयोग कर लिया है। बाहर आने का नोटिस (संयुक्त उद्यम कंपनी में अपना हिस्सा बेचना) दे दिया गया है तथा इसे 3 महीने के अंदर अर्थात 30 अप्रैल 2018 को या उससे पहले स्वीकृत किया जाना अपेक्षित था परंतु अभी तक यूटीएल/एनवीपीएल द्वारा इसे प्रभावी नहीं बनाया गया है।

तद्नुसार ऐसे निवेश को 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों में ''बिक्री के लिए रखे गए'' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। नेपाल में भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को वापस लौटाना नेपाल सरकार के विभाग में अनुमोदन की प्रक्रिया में है एमटीएनएल तथा अन्य संयुक्त उद्यम साझेदार ने सचिव दूरसंचार विभाग के माध्यम से मामले को नेपाल में भारत के राजदूत के समक्ष रखा है जिससे इस प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके तथा यूटीएल में निवेश की गई राशि वापस प्राप्त हो।

नेपाल सरकार के विदेश मंत्रालय ने दिनांक 26 नवम्बर 2019 के पत्र के माध्यम से भारतीय दूतावास, काठमांडू (नेपाल) को सूचित किया है कि नेपाल सरकार के संबद्ध प्राधिकारी यूटीएल के भारतीय शेयरधारकों जैसे एमटीएनएल, टीसीआईएल तथा टीसीएल द्वारा निवेश की गई पूंजी प्रत्यावर्तन को अनुमोदित कर देंगे, यदि एक बार यूटीएल द्वारा नेपाल सरकार तथा नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण को भुगतान की जाने वाली नेपाली

रुपये (एनआर) 85,83,86,044.00 की बकाया कर राशि (प्रशुल्क, रॉयल्टी, शुल्क, प्रभार इत्यादि) का पूर्ण रूप से निपटारा हो जाए।

foÙk o"kZ 2019&20 ds nkSjku dEiuh dh lgk;d] lg;ksxh dEifu;ksa vFkok la;qDr m|eksa esa dksbZ ifjorZu ugha gqvk gSA

foÙk o"kZ 2019&20 ¼31 ekpZ] 2020 dks½ ds fy, i.kkyh ¼flLVe½ dh fLFkfr dk fooj.k%

31 मार्च, 2020 को आपकी कंपनी के पास लैंडलाइन, जीएसएम, ब्रॉडबैंड आदि की सज्जित एवं प्रयुक्त क्षमता निम्नानुसार है : –

Ø-l-	ijkehVj	,eVh,u,y fnYyh	,eVh,u,y eqacbZ	,eVh,u,y ;ksx
1.	स्विचों की संख्या	364	285	649
2.	{kerk dk fooj.k			
2. (ए)	फिक्स्ड फोन	2416505	2586392	5002897
2. (बी)	जीएसएम	2800000	2800000	5600000
2. (सी)	ब्रॉडबैंड क्षमता (पोर्ट में)	788736	845908	1634644
3.	डीईएल (फिक्स्ड–लाइन, जीएसएम और ब्रॉडबैंड सहित)	4010763	3234783	7245546
3. (ए)	फिक्स्ड लाइन	1395358	1698442	3093800
3. (बी)	जीएसएम	2181486	1178701	3360187
3. (सी)	ब्रॉडबैंड उपभोक्ता	433939	357640	791579
4.	एफटीटीएच उपभोक्ता	20519	13833	34352
5.	आईएसडीएन	7057	10560	17617
6.	डीएलसी (संख्या)	425	39	464
7.	टैक्स क्षमता	150000	115200	265200
8.	टेंडम क्षमता	215500	331240	546740
9-	vkfIVdy Qkbcj dscy			
9. (ए)	रूट कि. मी. में ओएफसी	9047.845	9216.24	18264.085
9. (बी)	फाइबर कि. मी. में ओएफसी	302312.914	297002.618	599315.532
10.	लीज्ड सर्किट	9548	16500	26048

ekuo lalkèku fodkl

कंपनी अपनी बौद्धिक पूंजी की गुणवत्ता को उच्चतम प्राथमिकता देती है तथा इस बात में विश्वास करती है कि कर्मियों का ज्ञान तथा कौशल इसके कॉरपोरेट मिशन की प्राप्ति के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कंपनी के पास बहुत अच्छी भर्ती नीति तथा व्यापक प्रशिक्षण प्रणाली है। विगत एक वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने मानव संसाधन विकास पर अधिक बल दिया है। हम एक ऐसा कुशल कार्यबल बनाने पर पर्याप्त संसाधन लगा रहे हैं जिसमें लगातार बदलते उपभोक्ता आधार के कारण पैदा हुए खतरों का मुकाबला करने की क्षमता हो। कंपनी विभिन्न प्रशिक्षण तथा विकास संबंधी गतिविधियों का संचालन करती रही है जिसमें कर्मियों को वृहत्तर संगठनात्मक लक्ष्य की तरफ अभिमुख करने के अलावा अन्य किसी प्रकार के कौशल अंतराल तथा तकनीकी पुरानेपन को समाप्त करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रशिक्षण पर प्रबंधन का दृष्टिकोण कार्मिकों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना तथा उन्हें एक महत्वपूर्ण उत्पादक संसाधन बनने में समर्थ बनाना है।

if'k{k.k mi yfC/k;k

वर्तमान में एमटीएनएल के पास अपने दो अत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र दिल्ली तथा मुंबई में हैं। दिल्ली तथा मुंबई के प्रशिक्षण केन्द्रों की उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:

¼I½ nj lpkj] ik|kfxdh ,o icl/ku lLFkku ¼vkbVhVh,e½] ubl fnYyh

दूरसंचार, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, शादीपुर, नई दिल्ली एमटीएनएल, दिल्ली का अत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र है जो अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर प्रणाली एवं प्रबंधन के क्षेत्र में प्रवेश स्तर पर प्रशिक्षण (इंडक्शन ट्रेनिंग) तथा लघु अवधि के प्रशिक्षण दे रहा है। आईटीटीएम के पास जीएसएम, ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी, स्विचिंग, ट्रासमिशन, बाह्य संयंत्र, सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर प्रणाली, प्रबंधन तथा विभिन्न स्वास्थ्य एवं जीवन शैली प्रबंधन संबंधी विषयों जैसे प्रेरणा, सकारात्मक सोच, तनाव प्रबंधन तथा कार्यक्षेत्र में आध्यात्मिकता और अन्य स्वास्थ्य की देखभाल कार्यक्रम जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक आधारभूत ढाँचा, तकनीकी एवं अकादमिक क्षमता तथा उत्कृष्टता है। इसके अतिरिक्त आईटीटीएम में भारत के इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा विभिन्न स्कूलों के छात्रों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा दौरे भी किए जाते हैं। अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक आईटीटीएम में एमटीएनएल, दिल्ली के कुल 1043 (आंतरिक प्रशिक्षु) तथा बाह्य प्रशिक्षु (औद्योगिक प्रशिक्षण तथा औद्योगिक दौरे सहित) के मामले में 621 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। इंजीनियरिंग/डिप्लोमा छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए वित्तवर्ष 2019–20 में आईटीटीएम में अर्जित राजस्व 13,23,960/– रुपये है।

¼II½ nj lpkj ik|kfxdh rFkk icl/ku mRd"Vrk dsnl ¼lhbVhVh,e½] epcbl

आईएसओ–9001–2015 प्रमाणित संस्थान दूरसंचार प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन उत्कृष्टता केन्द्र टैक्नोलॉजी स्ट्रीट, हीरानंदानी गार्डन, पवई, मुंबई में स्थित है। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान सीईटीटीएम की उपलब्धियां इस प्रकार हैं :– (ए) सीईटीटीएम ने 1111 आंतरिक कार्मिकों तथा 1535 बाह्य कार्मिकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया, जो 11828 प्रशिक्षण दिवसों की उपलब्धि है। कुल 158 कार्यक्रम संचालित किए गए। (बी) सीईटीटीएम ने एमटीएनएल में नए भर्ती किए 03 सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन), 07 सहायक प्रबंधक (विक्रय तथा विपणन) तथा 07 सहायक प्रबंधक (वित्त) उम्मीदवारों के लिए 10 सप्ताह का प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया। (सी) सीईटीटीएम ने टीएम पदोन्नति के लिए 5 उम्मीदवारों के लिए 6 सप्ताह का प्रारंभिक प्रशिक्षण संचालित किया। (डी) कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जबकि 23 छात्रों ने एक/दो/छः माह के परियोजना प्रशिक्षण कार्यों में भाग लिया। वर्ष 2019–20 के दौरान, सीईटीटीएम में 24 विभिन्न कॉलेजों के कुल 1366 इंजीनियरिंग डिप्लोमा एवं डिग्री कॉलेज छात्रों ने ''औद्योगिक दौरा कार्यक्रम'' में भाग लिया। (ई) मंत्रिमंडलीय सचिवालय से 28 वरिष्ठ अधिकारियों का वीओआईपी, नेक्स्ट जनरेशन नेटवर्क तथा सूचना प्रणाली सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। (एफ) एमएमआरसीएल के 28 अधिकारियों को 3 दिवसीय आईपी नेटवर्किंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। (जी) विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत, सीईटीटीएम ने विभिन्न आईटीईसी देशों से कुल 54 विदेशी प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण के 2 कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किए। (एच) महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड (एमएसबीटीई) से पॉलिटेकनिक शिक्षकों को सूचना सुरक्षा पर 3 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। (आई) विभिन्न क्षेत्रीय महाप्रबंधक इकाईयों में 17 पॉलिटेकनिक छात्रों को अंतः संयंत्र (इन–प्लांट) प्रशिक्षण (आई योजना–एमएसबीटी) प्रदान किया गया। (जे) ''4जी एलटीई बेसिक्स'' पर 3 दिवसीय आंतरिक सेवा पाठ्यक्रम तथा लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, औएफसी स्पलाइसिंग, पीओएन, एफटीटीएच तथा उन्हें ठीक करने के संबंध में विभिन्न कार्यस्थल पर तथा आंतरिक कार्यक्रम संचालित किए गए। सीईटीटीएम

ने एमटीएनएल की सेवाओं को सुधारने के लिए आवश्यकता आधार पर एमटीएनएल कर्मियों के लिए लघु अवधि के विभिन्न तकनीकी तथा प्रबंधन से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किए हैं।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान सीईटीटीएम द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं : सीईटीटीएम ने ''विश्व दूरसंचार तथा सूचना समाज दिवस'' मनाया। इस अवसर पर दिनांक 17 मई, 2019 को आईआईटी बंबई में सीएसई विभाग के प्रोफेसर डॉ० अश्विन गुमस्ते द्वारा ''नेटवर्क सोफ्टवेयराइज़ेशन–द न्यू फ्रंटीयर फॉर एसडीएन क्लाउड्स, एनएफवी डाटा सेंटर्स एंड 5जी'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया गया। 21 जून 2019 को सीईटीटीएम में ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस'' मनाने के लिए एमटीएनएल के कर्मियों के लिए 'योग संस्थान' के कार्मिकों द्वारा योग सत्र तथा वार्ता का संचालन किया गया। ओसीबी तथा ईडब्ल्यूएसडी अनुरक्षण पर 19 जुलाई 2019 तथा 22 अक्टूबर 2019 को कार्यशालाएं संचालित की गई। अक्टूबर 2019 में आईएनडीएएस लेखांकन प्रशिक्षण की कार्यशालाएं संचालित की गई।

¼III½ dk'ky fodkl

कुशल भारत की परिकल्पना के साथ, कौशल विकास और उद्यमिता (एमएसडीई) मंत्रालय का उद्देश्य गति और ऊंचे मानकों के साथ बड़े पैमाने पर भारत को कुशल (स्किल्ड) बनाना है। प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) ऐसी प्रमुख योजना है जो इस परिकल्पना को साकार करने के महत् प्रयास कर रही हैं। एमटीएनएल के दो प्रशिक्षण केंद्र हैं, एक मुंबई में (सीईटीटीएम) और दूसरा दिल्ली में (आईटीटीएम)। दोनों प्रशिक्षण केंद्र कौशल विकास की अपेक्षाओं को पूरा करने में लगे हुए हैं और बीई/बीटेक के विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण दे रहे हैं। बाहरी व्यक्तियों जिनमें विद्यार्थी, गृहणियां और अन्य शामिल हैं, के लिए लघु अवधि (एक दिन/दो दिन) के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कौशल विकास कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एमटीएनएल ने दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद और ग्लोबल इंसटिट्यूट ऑफ स्किल डिवलपमेंट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमटीएनएल ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण सह कौशल केंद्र चलाने के लिए ग्रामीण विकास ट्रस्ट (जीवीटी) के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एमटीएनएल ने वर्ष 2019–20 में 2156 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया है।

vkS|kSfxd lac/k

औद्योगिक शांति तथा औद्योगिक सद्भाव अच्छे कर्मचारी–नियोक्ता के संबंधों पर आधारित होते हैं और गत वर्ष की भांति समीक्षाधीन इस पूरे वर्ष में भी कार्मिक संबंधों सौहार्दपूर्ण बने रहे। कर्मचारियों/यूनियनों/एसोसिएशनों द्वारा उठाई गई शिकायतों/मुद्दों पर उचित ध्यान और महत्व दिया गया है। उनके द्वारा उठाए गए मामलों/मुद्दों को प्रबंधन तथा यूनियनों/संगठनों के बीच नियमित बैठकों तथा विचार विमर्श के द्वारा सुलझाया गया तथा उनके बीच हुई सहमति के बाद मामले के निपटान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। दूरसंचार विभाग के दिनांक 29 अक्टूबर 2019 के कार्यालय ज्ञापन तथा एमटीएनएल के निदेशक मंडल के निर्णय के अनुसरण में कार्यालय आदेश सं.: एमटीएनएल/सीओ/जीएम (एचआर)/वीआरएस/एनई/2016–17/337 दिनांक 04 नवम्बर 2019 के माध्यम से एमटीएनएल स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना 2019 प्रस्तुत की गई।

,eVh,u,y LoSfPNd lsokfuof`Ùk ;kstuk ¼ohvkj,l½&2019

दूरसंचार विभाग ने कार्यालय ज्ञापन संख्या:– 30–04–2019–पीएसयू अफेयर्स, दिनांक 29.10.2019 के माध्यम से एमटीएनएल के पुनरुत्थान पर मंत्रीमंडल के अनुमोदन को अवगत कराया था। पुनुरुत्थान का एक उपाय 50 वर्ष या उससे अधिक के कर्मियों को गुजरात मॉडल के नमूने के आधार पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना की पेशकश किया जाना था। तदनुसार एमटीएनएल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना 2019 निम्नलिखित प्रमुख विशेषताओं के साथ दिनांक 04.11.2019 से 03.12.2019 तक प्रस्तुत की गई:– प्रत्येक पूर्ण सेवा वर्ष के लिए 35 दिन के वेतन के बराबर तथा अधिवर्षिता तक शेष बची हुई सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 25 दिन के वेतन के बराबर अनुग्रह राशि भुगतान योग्य

होगी ।यह उस वेतन की कुल राशि से अधिक नहीं होगी जो कार्मिक वर्तमान स्तर पर प्राप्त कर रहा होता। केन्द्रीय सिविल सेवाएं पेंशन नियमावली, 1972 के नियम 37–ए के अंतर्गत संयुक्त सेवा पेंशन के हकदार कर्मचारियों को भुगतान योग्य अनुग्रह राशि अधिवार्षिता की तिथि तक शेष बची अवधि के लिए प्राप्त किए जाने वाला वेतन होगा लेकिन जो वर्तमान स्तर पर कुल वेतन के 125% से अधिक नहीं हो जो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना की प्रभावी तिथि अर्थात् 31.01.2020 से अधिवार्षिता तक कर्मचारी द्वारा आहरित किए जाने थे। एमटीएनएल द्वारा 01.04.1986 को अथवा उसके बाद सीधे भर्ती किए गए कर्मचारियों के संबंध में अनुग्रह राशि पूर्ण की गई सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 35 दिनों के वेतन के बराबर तथा अधिवर्षिता तक शेष बची सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 25 दिन के वेतन के बराबर होगी। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना विकल्पधारक अनुग्रह राशि तथा सामान्य सेवानिवृति के लाभों जैसे पेंशन, ग्रेच्युटी, पेंशन संराशीकरण (कम्यूटेशन) तथा अवकाश नकदीकरण के हकदार होंगे। उन्हें सामान्य सेवानिवृत कर्मचारी के समान समझा जाएगा। स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना के लिए कुल अर्हक 16361 कर्मियों में से 14387 कर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति का विकल्प दिया। कर्मचारियों को अनुग्रह राशि के भुगतान का वित्तीय भार भारत सरकार द्वारा वहन किया गया। कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की तिथि पर विद्यमान एमटीएनएल नीति के अनुसार सेवानिवृत्ति हितलाभों के भी हकदार हैं।

deipkjh dY;k.k

कंपनी अपने कर्मचारियों को कर्मचारी कल्याण योजनाएं जैसे आर्थिक सहायता प्राप्त कैंटीन, आवास, चिकित्सा सुविधाएं, सामूहिक बीमा, रात्रि पाली इत्यादि में तैनात महिलाओं के लिए शयन कक्ष की सुविधा प्रदान कर रही है। वर्ष के दौरान खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अंशदायी समूह स्वास्थ्य बीमा योजना से सीजीएचएस में बदलाव–एमटीएनएल के दूरसंचार विभाग से कार्रवाई करते रहने के पश्चात, स्वास्थ्य मंत्रालय ने एमटीएनएल के सेवानिवृत्त कार्मिकों (सरकारी पेंशन लेने वाले) को सीजीएचएस में शामिल करने के लिए सीजीएचएस को निदेश जारी किए। उपर्युक्त को सुलभ बनाने के लिए संबंधित सेवानिवृत्त कार्मिकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अभी तक एमटीएनएल के अनुमानतः '10946' सेवानिवृत्त कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

jktHkk"kk uhfr dk dk;kZUo;u

कंपनी ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की सांविधिक अपेक्षाओं के अनुपालन हेतु अपने प्रयास जारी रखे हैं तथा कंपनी में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन व संवर्धन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों में से अधिकांश को प्राप्त करने में कंपनी सफल रही है।

vuqlwfpr tkfr@vuqlwfpr tutkfr@vU; fiNM+k oxZ vkSj 'kkjhfjd fodykax leqnk; ds fy, vkj{k.k uhfr dk dk;kZUo;u

कंपनी ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक रूप से विकलांग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण नीति को लागू करने से संबंधित सभी प्रकार की सांविधिक अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है।

dk;LFky ij efgykvksa ds ;kSu mRihM+u ¼fuokj.k] fu"ks/k vkSj lekèkku½ vf/kfu;e] 2013 dk dk;kZUo;u

कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और उससे जुड़े अथवा उत्पन्न होने वाले सभी संबंधित मामलों, जिसका उल्लेख कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध और समाधान) अधिनियम, 2013 में किया गया है, के निवारण, निषेध और समाधान से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए आंतरिक समिति का गठन किया है।

efgyk deZpkfj;ksa ds fy, dke djus dh fLFkfr;ka

हमारा यह निरंतर प्रयास है कि महिला कर्मचारियों के प्रति हमारे कर्मचारी विशेष रूप से संवेदनशील रहें। जो महिला कर्मचारी रात्रि की ड्यूटी पर रहती हैं उनका विशेष ध्यान रखा जाता है। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों के निवारण के लिए भी विशेष प्रकोष्ठ गठित किए गए हैं।

Je'kfDr fLFkfr

31 मार्च, 2020 के अनुसार कंपनी के कुल कार्मिकों तथा अन. जाति/अ.जा. जाति श्रेणी की संख्या के ब्योरे निम्नानुसार हैंः–

leg	dk;jr	vu|lfpr tkfr	vu|lfpr tutkfr
ए	214	55	26
बी	1074	201	41
सी	1742	334	28
डी	1152	352	31
टीएसएम	3	–	–
कुल योग	4185	942	126

ub| Hkrh|

सहा. प्रबं. (मानव संसाधन) /वित्त/विपणन शाखा में ई–2 स्तर के कुल 18 प्रशिक्षु अधिकारियों ने एमटीएनएल में कार्यभार ग्रहण किया।

dkjikjsV lkekftd mÙkjnkf;Ro ¼lh,lvkj½

पिछले कुछ वर्षो से कंपनी घाटे में चल रही है इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधान लागू नहीं हैं। तथापि, कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों तथा इस विषय पर लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुपालन में एक सीएसआर समिति गठित की है तथा सीएसआर नीति भी बनाई है। एमटीएनएल गैर निधि आधारित जैसे कोविड–19 के फैलने पर जागरूकता, स्वच्छ भारत, पल्स पोलियों तथा अन्य सरकारी कार्यक्रमों आदि के बारे में जनता में जागरूकता फैलाने के लिए कृपया एसएमएस भेजने जैसी सीएसआर गतिविधियां कर रहा है। सीएसआर समिति के विषय में अन्य विवरण जानने के लिए कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट देखें, जो इस रिपोर्ट का एक भाग है। सीएसआर नीति कंपनी की वेबसाइट http://mtnl.in/csr_2014.pdf पर उपलब्ध है।

lrdZrk

एमटीएनएल के सतर्कता विभाग के प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी हैं। वर्तमान में श्री एच.एस. सोहल, सीवीओ, बीएसएनएल,एमटीएनएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी एमटीएनएल में पूरे सतर्कता प्रशासन के लिए उत्तरदायी हैं तथा कार्य प्रणाली में उत्तरदायित्व तथा पारदर्शिता संबंधी जागरूकता को बढ़ाने के लिए वर्ष 2019–20 की अवधि के दौरान विभिन्न फील्ड निरीक्षण किए गए निवारक सतर्कता पर बल दिया गया। सतर्कता इकाई द्वारा प्रणाली (सिस्टम) के सुधार हेतु सलाह जारी की गई। केंद्रीय सर्तकता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार सीटीई प्रकार के निरीक्षण भी किए गए। इसके अतिरिक्त, अवधि के दौरान कर्मचारियों के लिए सतर्कता/शिकायतों के निपटान एवं अनुशासनिक कार्यवाहियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम/सेमिनार आयोजित किए गए जिससे प्रतिभागी एमटीएनएल की आचरण नियमावली, विभागीय कार्यवाहियों के निपटान की प्रक्रियाविधि को समझ सकें तथा अपनी कार्यकुशलता में सुधार ला सकें। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेशानुसार 28.10.2019 से 02.11.2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान, विभिन्न गतिविधियां जैसे ईमानदारी शपथ ग्रहण, सतर्कता तथा अनुशासनिक मामलों पर सूचना पुस्तिका का विमोचन जिसका केन्द्र बिंदु ''Integrity –A way of life (ईमानदारी–एक जीवन शैली)'' था। निवारक सतर्कता तथा अन्य सामान्य आचरण (क्या करें तथा क्या न करें) एमटीएनएल के कार्मिकों में वितरित किए गए। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम जैसे सेमिनार,

कार्यशालाएं, वाद–विवाद तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित किए गए। एमटीएनएल के निदेशक मंडल को तिमाही रिपोर्टों के माध्यम से समीक्षा के लिए अनुशासनिक मामलों की प्रगति से नियमित रूप से अवगत करवाया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा सतर्कता कार्य/मामलों की समीक्षा भी मुख्य सतर्कता अधिकारी के अनुमोदन के साथ तिमाही रूप में प्रस्तुत की गई।

jgL;kn?kkVudrkZ ¼fOgly Cyksvj½ uhfr@lrdZ dk;Zfof/k

आपकी कंपनी के पास कंपनी की रहस्योद्घाटनकर्ता (ह्विसल ब्लोअर) नीति के माध्यम से वास्तविक चिंताओं की रिपोर्ट देने के लिए एक जबरदस्त सतर्क कार्यविधि है। रहस्योद्घाटनकर्ता पर नीति को कंपनी की वेबसाइट के लिंकः http://mtnl.in/whistleBlowerPolicy.pdf पर देखा जा सकता है। कंपनी अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में नैतिककतापूर्ण व्यवहार को बढ़ावा देती है तथा अवैधानिक अथवा अनैतिक व्यवहार, जैसा सेबी (एलओडीआर) विनियमन 2015 के विनियम 22 के अंतर्गत परिभाषित किया गया है, की रिपोर्ट देने के लिए एक कार्यविधि बनाई गई है। रहस्योद्घाटनकर्ता नीति के अंतर्गत कर्मचारियों को यह स्वतंत्रता प्राप्त है कि वे लागू कानूनों, विनियमों तथा आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष को दें। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, किसी भी कार्मिक को लेखा परीक्षा समिति तक पहुंच से इंकार नहीं किया गया।

fofu;ked vFkok U;k;ky;ksa vFkok U;k;kf/kdj.kksa }kjk ikfjr fd, egRoi.kZ rFkk Bksl vkns'k

विनियामकों/न्यायालयों/न्यायाधिकरणों द्वारा ऐसे कोई महत्वपूर्ण तथा ठोस आदेश पारित नहीं किए गए हैं जो कंपनी के कार्यशील संस्था के दर्जे तथा इसके भावी परिचालनों को प्रभावित करें।

Vªkalijsalh bUVjus'kuy bafM;k ds lkFk lR;fu"Bk le>kSrk dk;ZØe

एमटीएनएल ने अपने व्यापारिक लेन–देन, ठेकों तथा खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सत्यनिष्ठा समझौता कार्यक्रम (आईपीपी) लागू करने के लिए ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई) के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहमति पत्र के अंतर्गत एमटीएनएल अपने सभी प्रमुख खरीद (प्रापण) एवं कार्य ठेका गतिविधियों में सत्यनिष्ठा समझौता लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। सत्यनिष्ठा समझोते ने विभिन्न हितधारकों में विश्वास पैदा करके स्थापित प्रणाली तथा प्रक्रियाओं को मजबूत किया है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा तीन ख्याति प्राप्त स्वतंत्र एवं बाह्य पर्यवेक्षकों (आईईएम) को नामित किया गया है जो गतिविधियों की निगरानी करते हैं। 31.03.2020 के अनुसार श्री ध्रुव कुमार अग्रवाल (पूर्व–सलाहकार (टी) दूरसंचार विभाग, श्री वी.के. गुप्ता (पूर्व अपर महानिदेशक, केलोनिवि) तथा सुश्री अलका सिरोही, आईएएस (सेवानिवृत्त) एमटीएनएल के स्वतंत्र बाह्य पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इन तीनों का कार्यकाल 22.05.2020 को समाप्त हो गया। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान विक्रेता तथा प्रबंधन स्वतंत्र बाह्य पर्यवेक्षकों के साथ की नियमित बैठकें हुई हैं। केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने पत्र संख्या 011/वीजीएल/001/455 दिनांक 17.07.2020 के माध्यम से श्रीमती रश्मि गोयल, आईआरएएस (सेवानिवृत्त) तथा श्री धीरेन्द्र कुमार त्यागी, आईडीएसई (सेवानिवृत्त) को तीन वर्ष के लिए एमटीएनएल का नया स्वतंत्र बाह्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

ÅtkZ dk laj{k.k] izkS|ksfxdh foy;u] fons'kh eqnzk dk vtZu rFkk 0;;

सेवा प्रदाता कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (एम) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कुल विदेशी मुद्रा का अर्जन 1.44 करोड़ रु. था और कुल विदेशी मुद्रा व्यय 2.08 करोड़ रु. था।

m|e tksf[ke izca/ku

कंपनी के निदेशक मंडल ने एक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है जो कंपनी के लिए जोखिम प्रबंधन योजना बनाएगी, उसका क्रियान्वयन तथा निगरानी करेगी। समिति जोखिम प्रबंधन योजना के पुनरीक्षण तथा इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। लेखापरीक्षा समिति वित्तीय जोखिमों एवं नियंत्रणों का भी

अतिरिक्त रूप से निरीक्षण करती है। व्यवसाय तथा कार्यों द्वारा पहचाने गए प्रमुख जोखिमों को कम करने के लिए व्यवस्थित ढंग से समाधान नियमित रूप से किया जाता है। जोखिम प्रबंधन नीति के विकास एवं कार्यान्वयन को इस रिपोर्ट के प्रबंधन परिचर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट के अंतर्गत लिया गया है, जो इस रिपोर्ट का ही भाग है।

fun'kd eMy dh cBd

रिपोर्टाधीन वर्ष अर्थात् वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, आपकी कंपनी के निदेशक मंडल के निदेशक चार बार मिले। दो बैठकों के बीच का अंतराल कंपनी अधिनियम, 2013 तथा सूचीकरण विनियमनों द्वारा निर्धारित अवधि के अनुसार था। बोर्ड की बैठकों का विवरण कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है जो इस रिपोर्ट का भाग है। निदेशक मंडल द्वारा इन बैठकों में बजट, महत्वपूर्ण वित्तीय लेन–देनों तथा निजी ऑपरेटरों के साथ मूलभूत टेलीफोन सेवा, सेल्युलर मोबाइल टेलीफोनी और अन्य मूल्यवर्धित सेवाओं में चल रही प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए विविध उपायों पर गहन चर्चा की गई।

fun'kdk d ukekdu rFkk fu;fDr d fy, p;u rFkk ifØ;k ,o mudk ikfjJfed

एमटीएनएल सरकारी कंपनी होने के कारण पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति तथा नियुक्ति के नियम एवं शर्तें (पारिश्रमिक सहित) भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। हालांकि निदेशक मंडल ने एक नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति का गठन किया है। सरकारी नामिती निदेशक कंपनी से कोई पारिश्रमिक प्राप्त नहीं करते। स्वतंत्र निदेशकों को निदेशक मंडल अथवा उसकी समिति की प्रत्येक बैठक में भाग लेने पर बैठक शुल्क के रूप में रुपये 10,000/– का भुगतान किया जाता है। बैठक शुल्क के अलावा इसके लिए उन्हें यात्रा व्यय तथा होटल व्यय, यदि कोई हो, की प्रतिपूर्ति की जाती है। समीक्षाधीन वर्ष के लिए पूर्णकालिक निदेशकों तथा प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक तथा स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान किए गए बैठक शुल्क का विवरण निगमित अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है, जो इस रिपोर्ट के परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

fun'kdk dk fu"iknu eY;kdu

7- vkrfjd fu;=.k foQyrkvks vkj foÿkh; tkudkjh dh lR;fu"Bk dk tkf[ke%

नीति और निर्णय लेने के लिए प्रत्येक स्तर/विभाग में जानकारी की आवश्यकता होती है। प्रभावी आंतरिक नियंत्रण और प्रबंधन सूचना प्रणाली का अभाव एक संगठन को अप्रभावी नीति और निर्णय लेने के जोखिम में डाल सकता है। राजस्व के रिसाव की किसी भी संभावना से बचने के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का हिस्सा होने वाले राजस्व आश्वासन को भी मजबूत किया जाना चाहिए। आंतरिक नियंत्रण और राजस्व आश्वासन के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रणाली टूल को उनकी उपयुक्तता और पर्याप्तता के लिए समीक्षा प्रणाली के माध्यम से भी नियंत्रित किया जाना चाहिए। नए कंपनी अधिनियम 2013 ने वित्तीय रिपोर्टिंग पर 2015–16 से आंतरिक नियंत्रण के ऑडिट के लिए अनिवार्य बना दिया, जो अनुपालन जोखिमों को भी जोड़ता है।

प्रभावी आंतरिक नियंत्रण संगठन को विश्वसनीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्रस्तुत करने में सक्षम बनाता है और उस पर लागू होने वाले कानूनों और नियमों का पर्याप्त अनुपालन करता है। हालांकि, संगठन परिचालन और रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए किस हद तक उद्यम के बाहर के कारकों पर निर्भर करता है, जैसे प्रतियोगिता, नियम, सरकारी प्रक्रियाएं और नियंत्रण या तकनीकी नवाचार। ये कारक आंतरिक नियंत्रण के दायरे से बाहर हैं और इसलिए, प्रभावी आंतरिक नियंत्रण परिचालन और रणनीतिक उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए प्रगति पर केवल समय पर जानकारी या प्रतिक्रिया प्रदान करता है, लेकिन उनकी उपलब्धि की गारंटी नहीं दे सकता है।

8- lpuk ik|kfxdh vkj i.kkyh lj{kk tkf[ke%

सूचना प्रौद्योगिकी सामान्य नियंत्रण&इससे संबंधित नियंत्रण संबंधित नियंत्रणः इसके अंतर्गत है ए) सुरक्षाः अधिकृत कर्मी की ही सिस्टम तथा डाटा तक पहुंच सुनिश्चित करना, जैसे पासवर्ड का उपयोग और एक्सेस लॉग की समीक्षा और बी) और परिवर्तन प्रबंधन, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रोग्राम कोड को ठीक से नियंत्रित किया गया है, जैसे उत्पादन और परीक्षण वातावरण को अलग करना, स्वीकृति से पहले परिवर्तनों का प्रणाली और उपयोगकर्ता परीक्षण और उत्पादन में कोड के स्थानांतरण पर नियंत्रण। सूचना प्रौद्योगिकी एमटीएनएल के संचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये वे उपकरण हैं जो काम की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार करते हैं। वे महत्वपूर्ण और मालिकाना कॉर्पोरेट जानकारी के संग्रहकर्त्ता हैं। इन संसाधनों के अनुचित उपयोग या विनाश से कंपनी के लिए गंभीर परिणाम होंगे। इसलिए सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के लिए पूर्ण सुरक्षा देने हेतु आईटी पॉलिसी दस्तावेज को एमटीएनएल सूचना प्रोद्योगिकी टीम द्वारा अंतिम रूप दिया गया है जिससे–

- सुनिश्चित करें कि आईटी संसाधनों को विनाश, परिवर्तन या अनधिकृत पहुंच से उचित रूप से संरक्षित किया जाए।
- इन अनुप्रयोगों के लिए उपयोग किए गए सभी हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर उचित रूप से घुसपैठ, विनाशकों, परिवर्तन या अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा सुनिश्चित हो।

आईटी अनुप्रयोग नियंत्रण&आईटी अनुप्रयोगों द्वारा लागू सूचना प्रसंस्करण पर नियंत्रण, जैसे कि डेटा प्रविष्टि को मान्य करने के लिए जांच संपादित करना, संख्यात्मक अनुक्रमों में लेनदेन के लिए लेखांकन, और नियंत्रण खातों के साथ फ़ाइल योगों की तुलना करना। आईटी से संबंधित संसाधन जैसे कि प्रचालनीय, बिलिंग और कस्टमर केयर प्रणाली हैकिंग, स्पूफिंग और अन्य साइबर अपराधों के लिए सम्भावित हैं।

सीबीसीआरएम प्रणाली&सीबीसीआरएम प्रणाली राजस्व के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से वॉइस आईयूसी सेटलमेंट, मोबाइल रेटिंग, इनवॉइस जनरेशन आदि कई राजस्व गतिविधियां की जा रही हैं। परियोजना/इसके उपकरण 2006 से चल रहे हैं और इनका जीवन लगभग समाप्त हो गया है। प्रमुख चुनौतियां स्रोत कोड की अनुपलब्धता, निषेधात्मक लागत आदि के कारण विभिन्न लाइसेंसों के समर्थन की कमी है। इस तरह की अड़चनें गतिशील बाजार की स्थितियों के अनुसार विकास के कार्यान्वयन/व्यवहार्यता में चुनौतियां पेश करती हैं। बीईएल, परियोजना, कार्यान्वयनकर्ता पहले ही जुलाई 2014 में परियोजना से बाहर हो चुके हैं। बाहर होने के बाद सीमित समर्थन को शुरू में जून 2016 के लिए अंतिम रूप दिया जा सका था और आगे जून 2017 तक जहाँ जैसा है के आधार पर आगे बढ़ाया गया और आगे कोई समर्थन उपलब्ध नहीं है।

एमटीएनएल प्रणाली का अनिश्चित काल तक उपयोग नहीं कर सकता है और नई बिलिंग टेंडर / नई बिलिंग प्रणाली को जल्दी से जल्दी चालू किए जाने की आवश्यकता है।

बीएसएनएल, एमटीएनएल की आवश्यकता सहित फिक्स्ड् सेवाओं के लिए सीडीआर पी3 प्रणाली लागू कर रहा है जिसे बाद में मोबाइल सेवाओं में भी उन्नयन (अपग्रेड) किया जाएगा।

अप्रचलित हार्डवेयर अवसंरचना–कोर सेवाएं प्रदान करने और सहायक / वर्कफ़्लो प्रक्रिया प्रदान करने के लिए कई हार्डवेयर अप्रचलित हो गए हैं और सीएसएमएस, आईएसपी सेटअप,/सीबीसीआरएम ईओएसएल और हार्डवेयर आदि के पुर्जों की अनुपलब्धता के कारण बदलने की आवश्यकता है।

कॉल सेंटर–लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड और मोबाइल जैसी सेवाओं के लिए दिल्ली और मुंबई में कई कॉल सेंटर काम कर रहे हैं। अधिकांश सेट–अप मुख्य उपकरणों के साथ खरीदे गए थे और अब अप्रचलित हैं। हाल के दिनों में इन उपकरणों पर समर्थन की अनुपलब्धता (उदाहरण के लिए सीबीसीआरएम मुंबई में मोबाइल कॉल सेंटर) का ग्राहक संतुष्टि और कंपनी बदलने पर सीधा प्रभाव पडता है।

नेटवर्क सुरक्षा तथा लेखापरीक्षा–भारत सरकार महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना (सीआईआई) की सुरक्षा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और एमटीएनएल की कई आईटी प्रणालियों को सीआईआई के रूप में घोषित किया गया है। दूरसंचार विभाग के निर्देशन के तहत सभी आईएसपी को एक साल में एक बार अपनी प्रणाली का ऑडिट करवाना अनिवार्य कर दिया है। एमटीएनएल नेटवर्क का तृतीय पक्ष ऑडिट यानी मैसर्स पीडब्लूसी द्वारा 2016 में पूरा कर लिया गया है।

उपरोक्त जोखिमों से बचाव के लिए, सभी डेटा केंद्रों में प्रभावी आईटी सुरक्षा नीति का पालन किया जाना है। इसके अलावा, उचित बैकअप व्यवस्था के साथ–साथ आपदा से उबरने के तंत्र भी लगाए जाने हैं।

एमटीएनएल ने व्यवसाय के सभी क्षेत्रों और नेटवर्क के लिए सामान्य आईटी नीति को अंतिम रूप दे दिया है और यह 01.01.2016 से प्रभावी है। आईटी नीति भारत सरकार के साथ–साथ तैयार करने वाले विभिन्न मानक संगठनों यथा आईएसओ, आईटीयू के दिशा–निर्देशों और समय–समय पर उनके संशोधन आदि का भी संज्ञान लेती है जो कंपनी के व्यवसाय और कार्य प्रवाह आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

डिजिटल केवाईसी बुकिंग–मोबाइल और लैंडलाइन डिजिटल केवाईसी आधारित ईकेवाईसी बुकिंग और बिल प्रस्तुत करने और वैकल्पिक आधार पर भुगतान लागू करने जा रहा है। डीकेवाईसी का लाभ ओटीपी/आईवीआर के माध्यम से डाटा सेंटर से तुरन्त ग्राहकों की सेवा के सक्रियण और प्रमाणीकरण समय को कम करना है। इसके माध्यम से भुगतान स्मार्ट सेवा केंद्रों की ओर एक कदम है।

एनालिटिक्स इंजन–एमटीएनएल को डेटा प्रधानता के क्षेत्र में बढ़ने और ग्राहक एनालिटिक्स इंजन स्थापित करने की आवश्यकता है। एनालिटिक्स ग्राहक के उपयोग के पिछले विवरण के आधारपर विभेदक बिलिंग और ग्राहक प्रोफाइलिंग को सक्षम करेगा जिससे लक्षित उपभोक्ताओं की पहचान में एमटीएनएल को मदद मिलेगी। इसके साथ संभावित उच्च राजस्व समूहों की पहचान करने के लिए क्लस्टर आकलन भी लागू किया जा सकता है। एमटीएनएल को ग्राहक के लिए यथा समय पूर्वानुमान लगाना तथा उनकी जरुरत के अनुसार उत्पादों में निवेश करने की आवश्यकता है। उपभोक्ता एनालिटिक्स विशेषताएं विशिष्ट योजनाएँ प्रदान करने में मदद कर सकती हैं। एमटीएनएल में एकीकृत ईआरपी प्रणाली नहीं है। कंपनी द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न सॉफ्टवेयर पैकेजों को बीच में अंतराल छोड़ते हुए सॉफ्टवेयर लिंक या मैनुअल हस्तक्षेप के माध्यम से इंटरफेस किया जाता है। हालांकि एमटीएनएल के पास इंटरफेस के साथ कई एकल पैकेज हैं। ईआरपी प्रकार की प्रणाली नहीं होने का जोखिम अंतर्निहित है।

9- vkink icz/ku vkj 0;kikj fujrjrk tkf[ke%

उचित आपदा प्रबंधन का अभाव व्यवसाय के लिए खतरा बन सकता है। इस जोखिम से बचाव के लिए, डेटा के प्रत्याशित जोखिम के साथ–साथ अन्य सूचना हानि को ध्यान में रखते हुए प्रभावी आपदा प्रबंधन नीति तैयार की जानी चाहिए। इसलिए उचित बैक अप व्यवस्था के साथ–साथ आपदा से उबरने के तंत्र को भी रखा जाना है।

10- vf/kd ikjn£'krk rFkk lLFkk Lrjh; ufrd vkj vfHk'kklu tkf[ke%

सभी संबंधितों के नैतिक स्तर की निगरानी के लिए नीति बनाई जानी है, ताकि किसी भी निर्णय को सोच–समझकर पूरी सावधानी के साथ और उचित परिश्रम से लागू किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सतर्कता तंत्र और रहस्योद्घाटनकर्ता नीति पहले से ही लागू है।

okf"kd ys[kk 2019&20

foukn dqekj ,.M ,lksfl,V~l
lunh ys[kkdkj
4696, बृज भवन,
21ए, अंसारी रोड़, दरियागंज
नई दिल्ली – 110002
दूरभाषः 011–23288101

dqekj fot; xqIrk ,.M daiuh
lunh ys[kkdkj
408, नई दिल्ली हाउस,
बाराखम्बा रोड़, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली – 110001
दूरभाषः 011–23314525 / 26, 45562649

Lora= ys[kkijh{kk dh fjiksVZ

सेवा में,

egkuxj VsyhQksu fuxe fyfeVsM ds lnL;

,dy Hkkjrh; ys[kk ekud foÙkh; fooj.kksa dh ys[kkijh{kk ij fjiksVZ

lkis{k er

हमने महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (''कंपनी'') के संलग्न एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों, की लेखापरीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2020 को कंपनी के तुलन पत्र (बैलेंसशीट), तथा उसी दिन समाप्त हो रहे वर्ष के लाभ–हानि लेखे (अन्य व्यापक आय सहित), रोकड़ प्रवाह विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तन का विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखानीतियों के सार एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना (जिन्हें यहां आगे ''एकल वित्तीय विवरण'' कहा गया है), शामिल हैं।

हमारे मत से तथा हमारी अधिकतम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हमारी रिपोर्ट के सापेक्ष मत के आधार खंड में दिए गए मामलों के प्रभावों को छोड़कर, पूर्वोक्त एकल वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') द्वारा अपेक्षित सूचना उपलब्ध करवाते हैं तथा यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली 2015 (''भारतीय लेखा मानक'') तथा भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित किए गए भारतीय लेखांकन मानकों के अनुरूप 31 मार्च, 2020 को कंपनी के कार्यों की स्थिति, हानि तथा कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन तथा इसी तिथि को समाप्त वर्ष में इसके नकदी प्रवाह का सच्चा तथा निष्पक्ष चित्रण करता है।

lkis{k er ds vk/kkj

हमने अधिनियम (एसए) की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार एकल वित्तीय विवरण का लेखापरीक्षण किया है। उन मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्वों का वर्णन हमारी रिपोर्ट के 'एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व' खंड के अंतर्गत किया गया है। अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी की गई नैतिक संहिता के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं तथा हमने इन अपेक्षाओं और आईसीएआई की नैतिक संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक उत्तरदायित्व पूरे कर लिए हैं। हमारा विश्वास है कि हमें जो लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त हुआ है, वह एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर हमारे सापेक्ष लेखापरीक्षा मत का आधार उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त तथा उपयुक्त है।

(i) कंपनी की निवल मालियत पूरी तरह समाप्त हो गई है। कंपनी को पूर्व वर्ष की भांति 31 मार्च 2020 को समाप्त चालू वर्ष में तथा पिछले वर्ष में निवल नकद हानि हुई है और चालू देयताएं चालू परिसंपत्तियों से वस्तुतः बढ़ी हैं।

इसके अतिरिक्त लौक उद्यम विभाग ने अपने कार्यालय ज्ञापन सं. डीपीई / 5(1) / 2014– फाइनेंस (पार्ट–IX–ए) के अनुसार कंपनी की स्थिति को प्रारंभिक बीमार सीपीएसई" के रूप में वर्गीकृत किया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने भी फाइल सं. 19–17 / 2017–एसयू–II के माध्यम से अपने पत्र सं. I / 3000697 / 2017 के अनुसार स्थिति की पुष्टि की है।

तथापि, कंपनी के एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों को भारत सरकार की बहुलांश हिस्सेदारी और संलग्न प्रबंधन टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए कार्यशील संस्था के आधार पर तैयार किया गया है।

इसके अतिरिक्त केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी लागत कम करके, 4जी सेवाओं के लिए स्पैक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन, सरकारी प्रतिभूति बॉण्ड द्वारा ऋण पुनः नवीनीकरण, संपत्तियों का मुद्रीकरण तथा भारत संचार निगम लिमिटेड एवं एमटीएनएल के विलयन के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन के द्वारा मा.सं.नि.लि. तथा एमटीएनएल के पुनरूत्थान की योजना को भी अनुमोदित कर दिया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 76 भी देखें।)

(ii) Hkkjr lapkj fuxe fyfeVsM ¼ch,l,u,y½

ए) कंपनी की बीएसएनएल से कुछ निश्चित राशि प्राप्य एवं देय है। वसूली योग्य निवल राशि 3,504.10 करोड़ रुपये समाधान एवं पुष्टि के अधीन है। समाधान एवं पुष्टि न होने तथा दावों एवं प्रतिदावों के संबंध में लंबित विवादों को देखते हुए हम बकाया शेष का अभिनिश्चय करने एवं उसके सही होने एवं इससे कंपनी की एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी पर पड़ने वाले प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 63 का बिंदु सं. (ए) भी देखें)।

बी) कंपनी ने सेवा प्रदाताओं को 180 दिन की अवधि के अंदर सेवा कर का भुगतान न करने तथा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अंतर्गत संक्रमण प्रावधान के कारण, कालातीत (लैप्सड) केन्द्रीय मूल्यवर्द्धित कर क्रेडिट के संबंध में संदेहास्पद दावों के लिए प्रावधान नहीं किया है, जहां रुपये 144.66 करोड़ के पूर्वोक्त केन्द्रीय मूल्यवर्द्धित कर क्रेडिट को आगे नहीं ले जाया गया है तथा रुपये 51.65 करोड का अपात्र क्रेडिट जीएसटी कानूनों के अंतर्गत अधिक रूप में ट्रांस–1 में आगे ले जाया गया है, परिणामस्वरूप चालू परिसंपत्तियों को अधिक बढ़ाकर तथा उस सीमा तक हानि को कम बताया गया है।

(iii) कंपनी की दूरसंचार विभाग से कुछ निश्चित राशि प्राप्य एवं देय है। वसूली योग्य कुल राशि 410.46 करोड़ रु. समाधान तथा पुष्टि के अधीन है। समाधान एवं पुष्टि न होने के कारण हम बकाया शेष का अभिनिश्चय करने एवं उसके सही होने एवं इससे कंपनी की एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी पर पड़ने वाले प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 68 का बिंदु सं. (ए) भी देखें)

(iv) वित्तीय वर्ष 2011–12 तक दूरसंचार विभाग को देय लाइसेंस शुल्क, जो बीएसएनएल को आईयूसी प्रभार के रूप में है, को लाइसेंस करार की शर्तों के बजाय प्रोद्भवन आधार पर निकाला गया है जिसमें सकल राजस्व में से व्यय को घटाना वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमत है। वित्तीय वर्ष 2012–13 से दूरसंचार विभाग को देय लाइसेंस शुल्क का भुगतान नियमतः लाइसेंस करार के निबंधन के अनुसार तैयार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2011–12 तक कंपनी द्वारा लाइसेंस शुल्क की गणना वास्तविक आधार के बजाय प्रोद्भूत आधार पर की गई जैसा कि ऊपर भी बताया गया है जिससे कंपनी ने लाइसेंस शुल्क के इस अंतर को दर्शाना जारी रखा है

जिसके कारण वास्तविक देयता के स्थान पर आकस्मिक देयता 140.36 करोड़ रु. है। परिणामतः वर्तमान देयता को कम करके आंका गया है तथा हानि को उस सीमा तक कम करके बताया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 79 को भी देखें)

(v) कंपनी ने पूंजीगत कार्यों के लिए उपरिव्यय का आबंटन इस तरह किया था, जो अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत स्वीकृत लेखाकरण पद्धति एवं भारतीय लेखा मानक–16 ''संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर'' के अनुसार नहीं हैं। परिणामतः चालू पूंजीकृत कार्यों/संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर को अधिक बताया गया है तथा हानि को कम करके बताया गया है। वर्ष में एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण पर पड़ने वाले इसके वास्तविक प्रभाव का निश्चय नहीं किया गया है तथा मात्रा का पता नहीं लगाया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 38, 39 एवं 41 भी देखें)।

(vi) सीडीएमए इकाइयों की परिसंपत्तियों की पूर्व वर्षों में बतायी गई क्षरण हानि को छोड़कर अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखामानक–36 ''परिसंपत्तियों का क्षरण'' के संबंध में वर्ष के दौरान क्षरण से हुई किसी हानि के किसी समायोजन पर कोई विचार नहीं किया गया है। कंपनी द्वारा भावी योजनाओं के जो आकलन किए गए हैं उनकी प्राप्ति में अनिश्चय की स्थिति होने के कारण हम नकदी उपार्जक इकाइयों की रखाव लागत में होने वाले क्षरण के संबंध में अपेक्षित प्रावधान एवं इसके परिणामस्वरूप वर्ष में होने वाली हानि, आरक्षित निधि एवं अधिशेष के संचित शेष तथा नकदी उपार्जक इकाइयों की रखाव लागत पर इसके प्रभाव का अभिनिश्चय करने एवं उन पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 70 भी देखें।)

(vii) व्यापार प्राप्यों से प्राप्य राशि, भारत सरकार के विभागों और अन्यों के पास जमा, प्रचालकों और अन्य पार्टियों से वसूली योग्य दावे और व्यापार देय की देय राशि, प्रचालकों के देय दावे और अन्य पार्टियों को देय राशि के संबंध में कंपनी पुष्टि की प्राप्ति और शेष का समाधान करने की पद्धति का अनुसरण नहीं करती है। तद्नुसार, विभिन्न पार्टियों से प्राप्य और देय राशि पुष्टि और समाधान के अधीन है। पुष्टि और समाधान के लंबित होने के कारण एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण पर पड़ने वाले इसके प्रभाव और मात्रा का निश्चय नहीं किया जा सकता और मात्रा नहीं बताई जा सकती। (एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 65 भी देखें)

(viii) कंपनी द्वारा की गई बिलिंग पर उपभोक्ता से प्राप्त किए गए असंबद्ध क्रेडिट 75.69 करोड़ रुपये समनुरूप प्राप्यों से मेल नहीं खाते, जो तुलन पत्र में देयता के रूप में अंकित है। इस सीमा तक व्यापार प्राप्य और चालू देयताओं को अधिक बताया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 64 और 75 भी देखें)।

(ix) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर का पूंजीकरण सामान्यत इंजीनियरी विभाग से पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर अथवा खरीदी गई पूंजीगत वस्तुओं के बिल वित्त विभाग द्वारा प्राप्त होने अथवा स्टोर से वस्तु जारी होने पर किया जाता है। पूर्णता प्रमाणपत्र जारी होने अथवा बिल प्राप्ति अथवा वस्तु जारी करने की पर्ची की प्राप्ति में विलम्ब होने के कारण संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के पूंजीकरण के ऐसे मामले हैं जो अगले वर्ष के लिए आस्थगित हो जाते हैं। परिणामतः इसका लाभ एवं हानि के विवरण पर मूल्यह्रास तथा संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की राशि जिसका पूंजीकरण तुलन–पत्र में किया गया है, आदि से पड़ने वाले प्रभाव को निश्चित नहीं किया जा सकता तथा मात्रा नहीं बताई जा सकती।

(x) पूर्व के वर्षों में दूरसंचार विभाग से एमटीएनएल को स्थानांतरित कुछ भूमि तथा भवनों को पट्टाभूमि (लीज होल्ड) के रूप में दर्शाया गया है। सुसंगत रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण हम इसके पट्टाभूमि के रूप में वर्गीकरण, पूंजीकरण और परिशोधन के संबंध में तथा सुसंगत रिकॉर्डो से पुष्टि के बिना इस प्रकार के वर्गीकरण, पूंजीकरण और परिशोधन के परिणामस्वरूप पड़ने वाले प्रभाव, यदि कोई हो तो, उस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। संगत रिकार्ड उपलब्ध न होने के कारण इस प्रकार के वर्गीकरण से एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण पर पड़ने वाले प्रभाव का निश्चय नहीं किया जा सकता एवं मात्रा नहीं बताई जा सकती।

(xi) वर्ष 2012–13 में दूरसंचार विभाग ने कंपनी से 2जी स्पैक्ट्रम के एकबारगी प्रभार 3313.15 करोड़ रु. के भुगतान की मांग की थी जो कंपनी द्वारा लिए गए जीएसएम और सीडीएमए की पहले ही बीत चुकी लाइसेंस की अवधि और साथ ही लाइसेंस की शेष वैध अवधि तथा परीक्षण आधार पर दिए गए स्पैक्ट्रम के लिए थी।

जैसाकि स्पष्ट किया गया है सीडीएमए के लिए स्पैक्ट्रम उपयोग की मांग को 107.44 करोड़ रुपये तक संशोधित किया गया, जो वास्तविक उपयोग में सुधार के कारण संशोधित की गई है तथा बाद में इसे वापस ले लिया गया।

साथ ही जैसाकि स्पष्ट किया गया है कि स्पैक्ट्रम के एक हिस्से को वापस करने के संबंध में कंपनी द्वारा मामले पर अंतिम निर्णय लंबित होने, कंपनी द्वारा किए गए दावे पर इसी प्रकार की मांगों को लकर अन्य प्राइवेट प्रचालकों के विरोध को देखते हुए डीओटी द्वारा निश्चय करने तथा सर्वोच्च अदालत में विचाराधीन होने के कारण देय राशि यदि कोई हो तो, अनिश्चेय है। तद्नुसार इस मामले में डीओटी द्वारा की गई मांग के लिए कोई देयता नहीं रखी गई है तथा 3205.71 करोड़ रु. का आकस्मिक देयता के रूप में पिछले वर्ष तक प्रकटीकरण किया गया है। यद्यपि दूसरसंचार विभाग से अभी तक कोई और मांग नहीं आई है। हालाँकि जैसा आगे वर्णन किया गया है टीडीएसएटी ने 6.2 मैगाहर्ट्ज से अधिक आबंटित स्पैक्ट्रम पर ओटीएससी की उगाही (लेवी) अलग रखते समय सरकार को 01.07.2008 के बाद आबंटित स्पैक्ट्रम के लिए मांग की समीक्षा करने का निदेश दिया था तथा वह भी 01.01.2013 से पूर्व आबंटित 6.2 मैगाहर्ट्जज से अधिक स्पैक्ट्रम के मामले में, जो 01.01.2013 से प्रभावी था। जैसाकि वर्णित किया गया है, टीडीएसएटी आदेशों के अनुसार भी अभी तक कोई और मांग नहीं की गई है तथा टीडीएसएटी निर्देशों के आधार पर प्रबंधन के अनुसार मांग, यदि कोई हो तो 455 करोड़ रुपये से अधिक नहीं हो सकती, जिसका प्रकटन आकस्मिक देयताओं में किया गया है।

उपर्युक्त को देखते हुए हम कंपनी के निर्णय (स्टैण्ड) के सही होने तथा अंततः इससे कंपनी के एकल वित्तीय परिणामों पर पड़ने वाले प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 59 भी देखें।)

(xii) कंपनी ने संविदागत शर्तों के पूरा न होने के कारण विक्रेताओं से परिसमाप्त क्षतियों की वसूली/कटौती की है जिन पर वस्तु एवं सेवा शुल्क (जीएसटी) का भुगतान नहीं किया गया है इसका वर्ष हेतु एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर वास्तविक प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया गया है तथा माप नहीं की गई है।

सूचना के अभाव में उसके पड़ने वाले प्रभाव की मात्रा नहीं बताई जा सकती। हम 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के कंपनी के एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की बिन्दु सं. (i), (ii)(ए), (ii)(बी), (iii), (v), (vi), (vii), (viii), (ix) (x), (xi) एवं (xii) में बताई गई मदों के संभावित प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

ekeyk ij /;kukd"k.k

हम एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की निम्नलिखित टिप्पणियों की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं क्योंकि ये मामले egkuxj VsyhQksu fuxe fyfeVsM से संबंधित हैं तथा हमें उन पर विशेष बल देने की आवश्यकता है। इन मामलों पर हमारा मत सापेक्ष (क्वालीफाइड) नहीं है :

(i) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 आईए के अंतर्गत कंपनी के द्वारा दावा किए गए कटौती के संबंध में आयकर विभाग के साथ लंबित विवाद जो माननीय न्यायालयों में विचाराधीन हैं, के संदर्भ में कंपनी के पास आकस्मिक आरक्षित निधि की पर्याप्तता अथवा अन्यथा प्रावधान के संबंध में एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 61 देखें।

(ii) एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 62 का बिन्दु सं. (ए) एमटीएनएल के मैसर्स एम एंड एन पब्लिकेशंस लिमिटेड के साथ एमटीएनएल की टेलीफोन निर्देशिकाओं के मुद्रण, प्रकाशन और आपूर्ति के विवाद में दावे और प्रतिदावे के लेखाकरण के संबंध में है। इसकी अंतिम वसूली/भुगतान यथोचित रूप से निश्चित होने पर इसे उस वर्ष के लेखे में लिया जाएगा।

(iii) बीएसएनएल तथा अन्य प्रचालकों से प्राप्य राशि को व्यापार प्राप्य एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों जैसे दो हिस्सों में बांटने के स्थान पर ऋण एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में दर्शाया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 10, 15 और 18 भी देखें)

(iv) संयुक्त सेवा का विकल्प चयन करने वाले एमटीएनएल के विलयित कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) के निपटान के संबंध में दूरसंचार विभाग से राशि की वसूली के कंपनी के दावे पर, डीओटी ने पूरी राशि और उस पर ब्याज की स्वीकृति/मंजूरी नहीं दी है। इस विषय में कंपनी और दूरसंचार विभाग के बीच निरंतर पत्राचार चल रहा है जिसे एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण में डीओटी से वसूली योग्य और जीपीएफ में देय दर्शाया गया है तथा एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 68 के बिन्दु सं. (डी) में इसका विवरण दिया गया है।

(v) लाइसेंस शुल्क और स्पैक्ट्रम उपयोग प्रभार के देय का समायोजन संयुक्त सेवा पेंशन के विकल्पधारकों की अधिक पेंशन अदायगी से किया जाएगा, जिसकी दूरसंचार विभाग से वसूली की जानी है। मामला विचाराधीन है तथा कंपनी और दूरसंचार विभाग के बीच इस पर पत्राचार चल रहा है।

(vi) कंपनी और दूरसंचार विभाग के बीच लाइसेंस करार में समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की गणना की पद्धति में परिवर्तन के संबंध में दिशा–निर्देश आई–जीएएपी से भारतीय लेखामानक में संक्रमण के कारण नहीं दिए गए हैं। दूरसंचार विभाग को देय लाइसेंस शुल्क और स्पैक्ट्रम उपयोग प्रभार के लिए प्रावधान और देयता का भुगतान भारतीय लेखामानक आधारित वित्तीय विवरणों के आधार पर किया गया है। समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की संगणना में राशि अंतर दूरसंचार विभाग के विचाराधीन है।

(vii) पूर्ण स्वामित्व और पट्टेवाली भूमि के कुछ मामलों में कंपनी के पास हक विलेख हैं, जो कंपनी के नाम पर हैं, परंतु उनका मूल्य कंपनी के लेखा बहियों में दर्ज नहीं है।

(viii) उपलब्ध कराए गए लीज सर्किटों के संबंध में बीएसएनएल के साथ राजस्व सहभागिता के कारण उत्पन्न आय को बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के बीच हुए सहमति ज्ञापन के संदर्भ में नहीं पहचाना गया है। सहमति ज्ञापन के अनुसार राजस्व तथा व्यय व्यवसाय प्राप्त करते समय छूट, यदि कोई हो, को लागू करने के बाद उपभोक्ताओं को प्रस्तावित की गई कीमत पर आधारित होंगे। हालांकि राजस्व को उपलब्ध सूचना के आधार पर पहचाना गया है जो या तो कंपनी कार्ड दरों पर आधारित हैं या बीएसएनएल की पुरानी दरों पर। कुछ मामलों में बीएसएनएल

ने अद्यातित दरों के बारे में सूचना दी है परंतु उस पर भारत संचार निगम लि. के साथ राजस्व सहभागिता को दर्ज करते समय विचार नहीं किया गया है। संबंधित अद्यतित रिकॉर्ड के अभाव में हम उसका एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है।

(ix) राजस्व सहभागिता करारों के कारण प्रचालकों से देयों को देनदार नहीं माना गया है तथा परिणामस्वरूप संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान करने हेतु उन्हें हिसाब में नहीं लिया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं.–3 का खंड सं. (के) भी देखें।)

(x) दूरसंचार विभाग के पत्र सं. एफसं.30–04/2019–पीएसयू अफेयर, दिनांक 29 अक्टूबर, 2019 तथा दिनांक 04 नवम्बर, 2019 के परिपत्र नियमन के माध्यम से एमटीएनएल निदेशक मंडल के निर्णय के अनुसरण में दिनांक 04 नवम्बर, 2019 से प्रभावी एमटीएनएल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना प्रस्तुत की गई है। जिसके अंतर्गत एमबिएनएल के 14,387 कर्मियों ने स्वैचिछक सेवानिवृत्ति का विकल्प दिया तथा मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसार, मुआवजे के कारण अनुग्रहित राशि का व्यय बजटीय सहायता के माध्यम से दूरसंचार विभाग / भारत सरकार को वहन करना है। इसलिए वित्त वर्ष 2019–20 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति मुआवजे के ऐसे किसी प्रावधान पर विचार नहीं किया गया है। एमटीएनएल की वी.आर.एस. योजना 2019 के संदर्भ में वास्तविक स्थिति दर्शाने के लिए वीआरएस का विकल्प देने वाले कार्मिकों का दिनांक 31 मार्च, 2020 तक भुगतान योग्य शेष राशि को कंपनी के वित्तीय विवरणों में दूरसंचार विभाग से प्राप्य तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति विकल्पधारक कर्मियों को भुगतान योग्य दिखाया गया है (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 78 भी देखें)

इन मामलों में हमारा मत नहीं बदला गया है।

dk;'khy lLFkkuk ls lcfèkr egRoi.k vfuf'prrk%

हम वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं 76 की ओर ध्यान दिलाते हैं, जो दर्शाती है कि कंपनी को संचित हानियां हुई हैं तथा इसकी निवल मालियत पूर्ण रूप से/पर्याप्त रूप से क्षरित हुई हैं, कंपनी को वर्तमान तथा पूर्ववर्ती वर्ष (वर्षों) के दौरान निवल हानि/निवल नकदी हानि हुई है तथा तुलनपत्र की तिथि के अनुसार कंपनी की वर्तमान देयताएं इसकी वर्तमान परिसंपत्तियों से अधिक हो गई हैं। ये घटनाएं अथवा स्थितियां तथा इसके साथ अन्य मामला, जैसा कि टिप्पणी 76 में बताया गया है, दर्शाती हैं कि एक महत्वपूर्ण अनिश्चितता विद्यमान है जो एक कार्यशील संस्था के रूप में जारी रहने की कंपनी की योग्यता पर बड़ा संदेह पैदा कर सकता है।

इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी लागत कम करके, 4जी सेवाओं के लिए स्पैक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन, सरकारी गारन्टी बॉण्ड द्वारा ऋण पुनः नवीनीकरण, परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण तथा भा.सं.नि.लि. एवं एमटीएनएल विलयन के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन के द्वारा ''भा.सं.नि.लि. तथा एमटीएनएल'' के पुनरूत्थान प्लान को भी अनुमोदित कर दिया है।

इस मामले में हमारा मत नहीं बदला है।

ie[k y[kkijh{kk ekey

प्रमुख लेखापरीक्षा वे मामले हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय के हिसाब से वर्तमान अवधि के एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्रत; एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा तथा उन पर अपनी राय बनाने के संदर्भ में देखा गया तथा हम इन मामलों पर कोई अलग राय नहीं देते।

सापेक्ष मत के आधार खंड में वर्णित मामलों के अतिरिक्त हमने नीचे वर्णित मामलों को अपनी रिपोर्ट में प्रमुख लेखा परीक्षा मामलों के रूप में देने का निश्चय किया।

	izeq[k ys[kkijh{kk ekeyk	gekjs ys[kk ijh{k.k us izeq[k ys[kkijh{kk ekeys dk dSls gy fd;k
1.	**jktLo dh igpku%** प्रणालियों की जटिलता तथा राजस्व पहचान में बदलते कीमत मॉडल के प्रभाव को देखते हुए दर्ज किए गए राजस्व की विशुद्धता के संबंध में एक अंतर्निहित जोखिम है। (प्रशुल्क संरचनाएं, प्रोत्साहन व्यवस्थाएं, छूट इत्यादि) एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 57 देखें।	हमने नए राजस्व लेखांकन मानकों को अपनाए जाने के प्रभावों को पहचानने की कंपनी की प्रक्रिया का आकलन किया। हमारे लेखा परीक्षण दृष्टिकोण में नियंत्रण परीक्षण तथा वास्तविक प्रक्रियाएं शामिल, जिसमें विशेष रूप से: • सूचना प्रौद्योगिकी वातावरण का परीक्षण, जिसमें बिलिंग, रेटिंग तथा अन्य संबंधित समर्थन प्रणालियां रहती हैं, इसमें प्रणालियों में विद्यमान परिवर्तन नियंत्रण प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो महत्वपूर्ण राजस्व शाखाओं का बिल बनाती है। • व्यवसाय समर्थन प्रणालियों से बिलिंग तथा रेटिंग प्रणालियों से सामान्य बही खाते तक एक सिरे से दूसरे सिरे तक समाधान का परीक्षण। इस परीक्षण में बिलिंग प्रणाली तथा सामान्य बही खाता के बीच प्रसंस्कृत महत्वपूर्ण रोज नामचा (जर्नल) को मान्यता देना शामिल है। • नमूने के आधार पर उपभोक्ता का बिल निकालने की परिशुद्धता पर परीक्षण करना तथा उपभोक्ता के बिल पर लगाए गए क्रेडिट एवं छूटों का परीक्षणः तथा • कस्टमर बैक से कस्टमर इनवाइस तक नमूने की परीक्षण रसीदें।
2.	**vfuf'pr djk/kku ekeys%** कंपनी के महत्वपूर्ण अनिश्चित कर मामले विवादित हैं जिसमें इन विवादों के संभावित परिणाम के निर्धारण का महत्वपूर्ण निर्णय शामिल है। एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 50 तथा 61 देखें।	हमने प्रबंधन से 31 मार्च, 2020 तक पूर्ण किए गए कर आकलन तथा मांग प्राप्त की ली हैं। हमने कर प्रावधानों के अनुमान करने तथा विवादों के संभावित परिणाम में प्रबंधन की अंतनिर्हित धारणाओं का आकलन किया। हमने इन अनिश्चित कर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करने में कंपनी के अपने मामलों सहित कानूनी नजीर तथा अन्य विनिर्णयों (रूलिंग) पर भी विचार किया।
3.	कंपनी के सहयोगी कंपनियों, संयुक्त उद्यमों तथा सहायक कंपनियों में रुपये 106.13 करोड़ के निवेश है। सहयोगी कंपनियों, संयुक्त उद्यमों तथा सहायक कंपनियों में निवेश को क्षरण के लिए किए गए किसी प्रावधान को घटाकर आयी लागत पर हिसाब में लिया गया तथा निवेशों का क्षरण के लिए वार्षिक रूप में परीक्षण किया जाता है। यदि क्षरण विद्यमान है तो सहयोगी, संयुक्त उद्यम तथा सहायक कंपनियों में निवेश की वसूली योग्य राशियों का अनुमान क्षरण हानि, यदि कोई हो, की	हमने 31 मार्च, 2020 को कंपनी के निवेश के निवल परिसंपत्ति मूल्यों का कंपनी के निवेश रखाव मूल्य के साथ आकलन किया। हमारे कार्य के परिणामस्वरूप, हम प्रबंधन के साथ इस बात पर सहमत हुए कि कंपनी द्वारा धारित निवेश के रखाव मूल्य कंपनी के वित्तीय विवरण ों को समग्र रूप में देखते हुए समर्थन योग्य हैं।

	सीमा निर्धारित करने के लिए लगाया जाता है। ऐसी किसी क्षरण हानि को आय के विवरण में पहचाना जाता है। एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 9 देखें।	
4.	**vkdfLed n;rk,¡** कंपनी के विरूद्ध विभिन्न मंचों पर कई मुकद्दमे लंबित हैं तथा आकस्मिक देयता के रूप में प्रकटन के लिए प्रबंधन के निर्णय की आवश्यकता है। हमने इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में पहचाना है क्योंकि जिन अनुमानों पर ये राशियां आधारित हैं उनमें प्रबंधन के निर्णय का एक महत्पवूर्ण अंश शामिल है तथा यह प्रबंधन के पक्षपात के अधीन हो सकता है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 50 देखें।)	हमने आकस्मिक देयताओं के प्राक्कलन तथा प्रकटन के संबंध में कंपनी के आंतरिक निर्देशों तथा प्रक्रियाओं की समझ प्राप्त की तथा निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया:– – लंबित मुकद्दमेबाजी मामलों के लिए सभी प्रासंगिक सूचना प्राप्त करने हेतु प्रबंधन द्वारा स्थापित नियंत्रणों की रूपरेखा तथा परिचालन प्रभाविता को समझा तथा परीक्षण किया; – प्रबंधन के साथ किसी महत्वपूर्ण परिवर्तन पर तथा कानूनी मामलों की नवीनतम स्थिति पर चर्चा की; – मुकद्दमेबाजी के मामलों से संबंधित विभिन्न पत्र–व्यवहारों तथा संबंधित दस्तावेज तथा प्रबंधन द्वारा प्राप्त किए गए संबंधित बाहरी मतों का अध्ययन किया तथा आकस्मिक देयताओं के प्रकटन को समर्थन प्रदान करने वाली गणनाओं पर ठोस प्रक्रियाएं की; – प्रबंधन के निर्णयों (जजमेंट) तथा आकलन की परीक्षा की, कि क्या प्रावधानों की आवश्यकता है; – प्रबंधन द्वारा उन मामलों के आकलन किए जाने पर विचार किया, जो महत्वपूर्ण बहिर्वाह (आउटफ्लो) की संभावना के रूप में प्रकट नहीं किए गए हैं। इस संभावना को बहुत कम माना गया है; – प्रकटनों की पर्याप्तता तथा पूर्णता की समीक्षा की गई; निष्पादित की गई उपर्युक्त प्रक्रियाओं के आधार पर आकस्मिक देयताओं का अनुमान तथा प्रकटीकरण पर्याप्त तथा तर्कसंगत माने गए हैं (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 50 देखें)।

,dy foÙkh; fooj.kksa ds vykok vU; lwpuk rFkk mu ij ys[kkijh{kd dh fjiksVZ

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचना तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई सूचना शामिल है परंतु एकल वित्तीय विवरण तथा उन पर हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

एकल वित्तीय विवरणों पर हमारे मत में अन्य सूचना शामिल नहीं है तथा हम उस पर किसी प्रकार का आश्वासन निर्णय व्यक्त नहीं करते।

एकल वित्तीय विवरण की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अन्य सूचना को पढ़ें तथा वैसा करते हुए विचार करें कि क्या अन्य सूचना एकल वित्तीय विवरणों अथवा लेखापरीक्षा करने के दौरान प्राप्त हमारी जानकारी के अनुरूप नहीं है अथवा अन्यथा ठोस रूप से गलत कथन प्रतीत होता है।

यदि हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इस अन्य सूचना की ठोस गलतबयानी हुई है तो हमसे उस तथ्य की रिपोर्ट की जाने की अपेक्षा की जाती है। इस संबंध में हमें कोई रिपोर्ट नहीं देनी है।

,dy Hkkjrh; ys[kk ekud fooj.kks ds fy, izca/ku rFkk vfHk'kklu ¼xousZal½ ds izHkkjh O;fDr;ksa ds nkf;Ro

कंपनी का निदेशक मंडल इन एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में अधिनियम की धारा 134(5) में वर्णित मामलों के लिए उत्तरदायी है, जो भारतीय लेखा मानकों तथा भारत में सामान्य तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन, कुल व्यापक आय, इक्विटी तथा कंपनी के नकदी प्रवाह में परिवर्तन का सत्य एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करें। इस उत्तरदायित्व में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड रखना भी शामिल हैं जिससे कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा की जा सके; धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोका जा सके तथा उनका पता लगाया जा सके, समुचित नीतियों का चयन तथा प्रयोग किया जा सके; तर्कसंगत तथा विवेक संगत निर्णय तथा आकलन किए जा सके; पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए जा सकें; कार्यान्वित किए जा सके तथा उनका रखरखाव किया जा सके, जो लेखा रिकॉर्ड की सटीकता तथा पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रचलन में हों, ऐसे एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों को तैयार करने तथा प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक हो, जिनसे सत्य एवं निष्पक्ष चित्र सामने आता हो तथा धोखाखड़ी अथवा गलती के कारण ठोस गलतबयानी से मुक्त हों।

एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रबंधन कंपनी के कार्यशील संस्था के रूप में जारी रहने की योग्यता, जैसा लागू हो, कार्यशील संस्था से संबंधित मामलों के प्रकटन, तथा तब तक लेखा के कार्यशील संस्था आधार का प्रयोग करने जब तक कि प्रबंधन का कंपनी को परिसमाप्त करने अथवा परिचालनों को बंद करने का इरादा नहीं होता अथवा उसके पास, वैसा करने के अलावा कोई यथार्थवादी विकल्प नहीं होता, के लिए उत्तरदायी है।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग की देखरेख के लिए उत्तरदायी है।

,dy Hkkjrh; ys[kk ekud foÙkh; fooj.kks dh ys[kk ijh{kk ds fy, ys[kk ijh{kdks dk mÙkjnkf;Ro

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण कुल मिलाकर ठोस गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या गलती के कारण, से मुक्त हैं तथा एक ऐसी लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी करना, जिसमें हमारा मत शामिल हों। तर्कसंगत आश्वासन एक उच्चस्तर का आश्वासन होता है लेकिन यह ऐसी गारंटी नहीं है कि लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार की गई लेखापरीक्षा ठोस गलतबयानी विद्यमान होने पर हमेशा उसका पता लगा लेगी। गलत बयानियां धोखाधड़ी अथवा गलती से हो सकती हैं तथा उन्हें ठोस माना जाता है, यदि उनके द्वारा अकेले या कुल मिलाकर इन एकल वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए प्रयोक्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की तर्कसंगत संभावना हो।

लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार, लेखा परीक्षा के हिस्से के रूप में हम संपूर्ण लेखा परीक्षा में पेशेवर निर्णय लेते हैं तथा पेशेवर संदेहावाद बनाए रखते हैं, हमः

- एकल वित्तीय विवरणों की ठोस गलतबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हुई हो अथवा गलती से, के जोखिमों को भी पहचानते हैं तथा आकलन करते हैं, उन जोखिमों को देखते हुए लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं बनाते हैं तथा काम में लाते हैं तथा लेखा परीक्षा प्रमाण भी प्राप्त करते हैं, जो हमारे मत को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त

तथा समुचित हो। धोखाधड़ी के कारण होने वाले ठोस गलतबयानी का पता न लगने का जोखिम गलती से होने वाली ठोस गलतबयानी से अधिक है क्योंकि धोखाधड़ी में सांठ–गांठ, जालसाजी, इरादातन चूक (ओमिशन), गलत प्रस्तुतीकरण अथवा आंतरिक नियंत्रणों का उल्लंघन शामिल हैं।

- ऐसी लेखा परीक्षा प्रणालियां बनाने, जो परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हों, के लिए लेखापरीक्षा हेतु सुसंगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ भी प्राप्त करते हैं। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत हम इस बात पर भी अपना मत व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक, वित्तीय नियंत्रण प्रणाली तथा उन नियंत्रणों की परिचालन प्रभावकारिता है।
- प्रबंधन द्वारा प्रयोग में लाई गई लेखा नीतियों की उपयुक्तता तथा लेखा अनुमानों और संबधित प्रकटनों की तर्कसंगता का मूल्यांकन करते हैं।
- प्रबंधन द्वारा लेखांकन की कार्यशील संस्था आधार का प्रयोग करने की उपयुक्तता तथा प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष निकालते हैं कि क्या घटनाओं अथवा स्थितियों संबंधी कोई ठोस अनिश्चितता विद्यमान है, जो कार्यशील संस्था के रूप जारी रहने की कंपनी की योग्यता पर कोई महत्वपूर्ण संदेह पैदा करे। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई ठोस अनिश्चितता विद्यमान है तो हमें एकल वित्तीय विवरणों में अपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट में संबंधित प्रकटनों की तरफ ध्यान आकर्षित करवाना पड़ता है अथवा क्या ऐसे प्रकटन हमारे मत को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष उन लेखा परीक्षा प्रमाणों पर आधारित होते हैं जो हमारे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त हुए हैं। हालांकि हो सकता है कि भविष्य की घटनाएं अथवा स्थितियां कंपनी को कार्यशील संस्था के रूप में जारी न रहने दें।
- एकल वित्तीय विवरणों के समूचे प्रस्तुतीकरण, संरचना तथा विषयवस्तु का मूल्यांकन करना, जिसमें प्रकटन तथा यह भी शामिल है कि क्या एकल वित्तीय विवरण अंतनिर्हित लेनदेनों तथा घटनाओं को उस तरह से दर्शाते हैं, जिससे निष्पक्ष प्रस्तुतिकरण हो पाता है।

ठोसपन (मैटीरियलिटी) एकल वित्तीय विवरणों में गलत बयानियों की वह मात्रा है, जो एकल रूप में या समग्र रूप में यह संभव बनाती है कि वित्तीय विवरणों के एक तर्कसंगत रूप से जानकार प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित किए जा सकते हैं। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य के क्षेत्र की योजना बनाने तथा अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में; तथा (ii) वित्तीय विवरणों में पहचाने गए किन्हीं गलत बयानियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक ठोसपन तथा गुणवत्तापरक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अभिशासन (गवर्नेस) के प्रभारी अधिकारियों के साथ अन्य मामलों के साथ–साथ लेखापरीक्षा के योजनाबद्ध दायरे, समय तथा हमारी लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रणों के मामले में हमारी पहचान में आई किन्हीं महत्वपूर्ण कर्मियों सहित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों पर संवाद करते हैं।

हम अभिशासन के प्रभारी अधिकारियों को यह विवरण भी उपलब्ध करवाते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में संबंधित नैतिक अपेक्षाओं का पालन किया है तथा उनके साथ संबंधों तथा अन्य मामलों, जो तर्कसंगत रूप से हमारी स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकते हैं तथा जहां लागू हो, संबंधित बचावों पर बात करते हैं।

अभिशासन के प्रभारी अधिकारियों के साथ संवाद किए गए मामलों से हम उन मामलों का निश्चय करते हैं जो वर्तमान अवधि के एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे तथा इसलिए प्रमुख लेखा परीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं, जब तक कि मामले के विषय में कानून अथवा विनियम सार्वजनिक प्रकटीकरण से नहीं रोकते अथवा जब बहुत ही दुर्लभ परिस्थितियों में हम यह निश्चय करते हैं कि किसी मामले को हमारी रिपोर्ट में नहीं बताया जाना चाहिए क्योंकि वैसा करने के प्रतिकूल परिणाम तार्किक रूप में उस संप्रेषण के जनहित लाभों पर हावी होने की संभावना होगी।

vU; fof/kd ,o fu;ked vis{kkvks ij fjiksV

1. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 की उपधारा (11) के निबंधनों के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश 2016 (''आदेश'') की अपेक्षानुसार आदेश के पैरा 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर टिप्पणी/विवरण, जहां तक वे लागू होते हैं, ''परिशिष्ट ए'' में दिए गए हैं।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा कंपनी के ध्यानाकर्षण हेतु उठाए गए मामलों का विवरण अधिनियम की धारा 143 (5) की अपेक्षानुसार परिशिष्ट 'बी' में दिया गया है।

3. अधिनियम की धारा 143 (3) की अपेक्षानुसार, अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर हम प्रतिवेदित करते है किः

   (ए) हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से जहां तक हमें ज्ञात है और विश्वास है हमने अपेक्षित सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं।

   (बी) हमारे मत में लेखा बहियों की जांच करने से ऐसा प्रतीत होता है कि कंपनी ने समुचित लेखा बहियों को विधि की अपेक्षा अनुसार रखा है।

   (सी) तुलनपत्र, अन्य व्यापक आय सहित लाभ–हानि विवरण, नकदी प्रवाह विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तन का विवरण, जिसके विषय में इस रिपोर्ट में विचार किया गया है, लेखा की संबंधित लेखाबहियों से मेल खाते हैं।

   (डी) हमारे मत में पूर्वोक्त एकल वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियमावली 2014 के नियम 7 के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का पालन करते हैं।

   (ई) सरकारी कंपनी होने के नाते निगमित कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्याः जीएसआर 463 (ई) दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसरण में अधिनियम की धारा 164 की उपधारा (2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।

   (एफ) हमारे मत में ऊपर कार्यशील संस्था से संबंधित ठोस अनिश्चितता में वर्णित कार्यशील संस्था मामले का कंपनी की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

   (जी) कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की सक्रिय प्रभावशीलता पर हमारी अलग रिपोर्ट ''परिशिष्ट सी'' पर दी गई है। हमारी रिपोर्ट वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के पर्याप्त होने तथा परिचालन प्रभाविता पर एक बिना संशोधित मत व्यक्त करती है।

   (एच) निगमित कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या जीएस आर 463 (ई) दिनांक 5 जून 2015 के अनुसार धारा 197 सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं है। तदनुसार अधिनियम की धारा 197(16) के प्रावधानों की अपेक्षा के अनुसार रिपोर्ट देना कंपनी के लिए लागू नहीं है।

   (आई) यथा संशोधित कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारे मत में तथा हमारी अधिकतम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसारः

      (i) कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमेबाजी का प्रभाव पड़ने का प्रकटीकरण अपने एकल वित्तीय विवरणों में किया है।

(ii) कंपनी ने निकट भविष्य में व्युत्पन्न अनुबंधों सहित दीर्घावधि अनुबंधों पर महत्वपूर्ण प्रत्याशित हानियों, यदि कोई हो, के लिए लागू होने वाले कानून अथवा लेखांकन मानक के अंतर्गत अपेक्षित प्रावधान बनाए हैं।

(iii) कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि को राशि अंतरित करने में कोई विलंब नहीं हुआ है।

Ñr foukn d|ekj ,M ,lkfl,Vl	Ñr d|ekj fot; xIrk ,M diuh
सनदी लेखाकार	सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 002304एन	फर्म पंजीकरण सं. 007814एन
¼lh, ed'k n/khp½	¼lh, iou d|ekj xx½
साझेदार	साझेदार
सदस्यता सं. 511741	सदस्यता सं. 097900
यूडीआईएनः 20511741एएएएचजे3366	यूडीआईएनः 20097900एएएएके3575

LFkku% नई दिल्ली
fnukd% 22.07.2020

ifjf'k"V&,

Lor= ys[kkijh{kdksa dh fjiksVZ dk vuqc/k

,eVh,u,y ds lnL;ksa dks iLrqr 31 ekpZ 2020 dks lekIr o"kZ ds ,dy Hkkjrh; ys[kk ekud foÙkh; fooj.kksa ij le frfFk dh gekjh Lor= ys[kk ijh{kk fjiksVZ ds lnHkZ esa

(i) (ए) दिल्ली यूनिट (मूलभूत तथा बेतार दोनों) ने स्थिर परिसंपत्तियों के रिकॉर्ड रखे हैं। तथापि स्थिर परिसंपत्तियों की पहचान नम्बर तथा स्थान का उल्लेख नहीं किया है। यह देखा गया है कि भूमि और भवनों के संबंध में संपदा विभाग के रिकॉर्ड वित्तीय बहियों के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते हैं।

मुंबई यूनिट (बेसिक एवं वायरलेस सेवा यूनिट दोनों) के मामले में 01.04.2002 से स्थिर परिसंपत्ति रजिस्टर रखे गए है। तथापि, मुंबई यूनिट द्वारा अचल परिसंपत्तियों के रिकॉर्ड अद्यतन नहीं किए गए हैं तथा उनका वित्तीय रिकॉर्ड से मिलान नहीं किया गया है साथ ही अचल परिसंपत्तियों के पहचान नम्बर तथा स्थान भी नहीं दिए गए हैं।

निगम कार्यालय ने अचल परिसंपत्तियों के रिकॉर्ड रखे हैं। हालाँकि पहचान नम्बर तथा अचल परिसंपत्तियों को स्थान का रिकार्ड नहीं रखा गया।

(बी) कंपनी की लेखांकन नीति के अनुसार, प्रबंधन द्वारा अचल परिसपंत्तियों का भौतिक सत्यापन 3 वर्षों में एक बार चक्रानुक्रम आधार पर किया जाना होता है जो हमारे मतानुसार कंपनी के आकार एवं इसके व्यापार की प्रकृति को देखते हुए समुचित एवं पर्याप्त है। कोविड–19 महामारी तथा लॉकडाउन के कारण 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा अचल परिसंपत्तियों को कोई सत्यापन नहीं किया गया, हालाँकि प्रबंधन द्वारा प्रमाणित किए गए अनुसार पूर्व भौतिक सत्यापन के दौरान देखने में आई विसंगतियों को हिसाब में किया गया है। अचल परिसंपत्तियों की सत्यापन प्रक्रिया की यथार्थता, विश्वसनीयता और पूर्णता हमारे द्वारा सत्यापित नहीं की जा सकी।

(सी) कंपनी की बहियों में दर्ज कुछ अचल परिसंपत्तियों के हक विलेख (टाइटल डीड) भारत सरकार, डाक–तार विभाग तथा भारत के राष्ट्रपति के नाम से हैं क्योंकि दूरसंचार विभाग के दिल्ली तथा मुंबई का परिचालन आरंभ होने पर इन्हें एमटीएनएल में परिवर्तित कर दिया गया था। ऐसी संपत्तियों का विवरण निम्नलिखित है :–

(राशि रुपये करोड़ में)

fooj.k	fnYyh bdkbZ	eqcbZ bdkbZ
पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि		
– मामलों की कुल संख्या	1	23#
– सकल ब्लॉक	0.06	4.15
पट्टे वाली भूमि/प्रयोग का अधिकार		
– मामलों की कुल संख्या	89*	12#
– सकल ब्लॉक	219.53	2.65

fooj.k	fnYyh bdkbl	eqcbl bdkbl
– निवल ब्लॉक	143.17	1.72
भवन		
– मामलों की कुल संख्या	53**	2##
– सकल ब्लॉक	32.37	1.53
– निवल ब्लॉक	1.83	0.71

fnYyh ;fuV d lcek e

* 89 में से जिन 43 मामलों में पट्टे वाली भूमि दूरसंचार विभाग से अधिगृहीत की गई है उसे एमटीएनएल द्वारा पूंजीकृत किया गया है और ऐसी परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास तथा निवल अवलिखित मूल्य (डब्ल्यूडीवी) के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि अचल परिसंपत्तियों के रजिस्टर से उनकी पहचान नहीं की जा सकती।

** सरकार के विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा एमटीएनएल को आबंटित पट्टे वाले भवनों की कोई सूचना उपलब्ध नहीं है परंतु उसे एमटीएनएल द्वारा पूंजीकृत किया गया है तथा सूचना उपलब्ध न होने के कारण उपर्युक्त मामलों को ऊपर दिए गए विवरण में शामिल नहीं किया गया है।

eqcbl ;fuV d lc/k e

\# 12 मामलों में कंपनी के पास पूर्ण स्वामित्व वाली और पट्टेवाली भूमि का कब्जा है परंतु उनका मूल्य मुंबई यूनिट की लेखा बहियों में दर्ज नहीं है। जिसमें से 1 पूर्ण स्वामित्व वाली और 6 पट्टेवाली भूमि का हक विलेख कंपनी के नाम पर नहीं है।

\## 5 मामलों में कंपनी के पास पूर्ण स्वामित्व वाले और पट्टे वाले भवनों का कब्जा है परंतु उनका मूल्य मुंबई यूनिट की लेखा बहियों में दर्ज नहीं है। जिसमें से पट्टेवाले 1 भवन का हक विलेख कंपनी के नाम पर नहीं है।

इसके अतिरिक्त अधिकांश मामलों में हक विलेखों के अनुसार अचल परिसंपत्तियों का मूल्य लेखा बहियों से मेल नहीं खाता तथा 9 मामलों के संबंध में, न्यायिक मामले विभिन्न प्राधिकरणों में लंबित हैं जिनमें से 1 फ्री होल्ड भूमि तथा 1 पट्टे वाली भूमि के हक विलेख कंपनी के नाम पर नहीं है।

इसके अतिरिक्त पूर्ण स्वामित्व और पट्टेवाले 9 मामलों में, जिनका कुल क्षेत्रफल 21,160 वर्ग मीटर है, पर विभिन्न व्यक्तियों ने कब्जा कर लिया है, जिसका मामला न्यायालय में लंबित है अथवा कब्जा हटाने के लिए विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष मामला चल रहा है। कुल 9 मामलों में से पूर्ण स्वामित्व की भूमि के 2 मामले, जिनका क्षेत्रफल 1840 वर्ग मीटर है और पट्टेवाली भूमि के 1 मामले में, जिसका क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर है, का हक विलेख कंपनी के नाम पर नहीं है।

¼ii½ fnYyh ;fuV d lc/k e %

हमारे मतानुसार प्रबंधन द्वारा माल सूची का वास्तविक सत्यापन उचित अंतरालों पर किया गया है। हालाँकि कोविड–19 महामारी एवं लॉकडाउन के कारण, प्रबंधन द्वारा 31 मार्च, 2020 तक माल सूची का वास्तविक सत्यापन नहीं किया गया।

e|cb ;fuV d l c/k e %&

हमारे मतानुसार प्रबंधन द्वारा माल सूची का वास्तविक सत्यापन उचित अंतरालों पर किया गया है। हालाँकि कोविड–19 महामारी एवं लॉकडाउन के कारण, प्रबंधन द्वारा 31 मार्च, 2020 तक माल सूची का वास्तविक सत्यापन नहीं किया गया।

माल सूची के वास्तविक सत्यापन के दौरान पाई गई विसंगतियां बही रिकॉर्ड की तुलना में बड़ी नहीं थी और लेखा बहियों में पूर्व अवधि में उनका उचित निपटान कर लिया गया है।

(iii) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 189 के अनुसार रखे जाने वाले रजिस्टर में निहित कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता साझेदारी अथवा अन्य पार्टियों को कंपनी ने कोई जमानती अथवा गैर जमानती ऋण नहीं दिया।

(iv) कंपनी ने ऐसा कोई लेन–देन नहीं किया है जिससे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधानों के अनुपालन की आवश्यकता हो। अतः आदेश का पैरा 3(iv) लागू नहीं होता।

(v) कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 से 76 अथवा अन्य संगत प्रावधानों में व्याख्यायित अथवा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार जनता से कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की हैं।

(vi) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(1) के अनुसार कंपनी के लिए लागत रिकॉर्ड रखना आवश्यक है। हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने अभी वर्ष 2019–20 के लागत रिकॉर्ड नहीं बनाए हैं।

(vii) (ए) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरणों तथा कंपनी के रिकॉर्डों की हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार अविवादित सांविधिक देयों को, जिनमें भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, बिक्रीकर, सेवाकर, माल और सेवा कर, सीमा–शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर, उपकर एवं अन्य महत्वपूर्ण सांविधिक देयों, जहां कहीं लागू हो, शामिल हैं, के संबंध में लेखा बहियों में कटौती की गई राशि/प्रोद्भूत राशि का उपयुक्त प्राधिकारियों को कंपनी ने सामान्यतः नियमित रूप से भुगतान किया है।

हालाँकि कंपनी ने संविदागत शर्तों को पूरा न करने के कारण विक्रेताओं से परिसमाप्त क्षतियों की कटौति/वसूली की है, जिन पर वस्तु एवं सेवा कर का भुगतान नहीं किया गया है।

(बी) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, बिक्रीकर, सेवा कर, माल और सेवाकर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर, उपकर अथवा अन्य सांविधिक देय की कोई अविवादित राशि 31 मार्च, 2020 को उनकी देय तारीख से छह माह से अधिक की बकाया राशि नहीं थी।

(सी) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार किसी विवाद के कारण आयकर, बिक्रीकर, सेवाकर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर के संबंध में केवल निम्नलिखित को छोड़कर ऐसे कोई देय नहीं हैं, जो समुचित प्राधिकरण को जमा न करवाए हों:–

दिल्ली यूनिट के संबंध में

i- fcØh dj

lfof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS
दिल्ली मूल्यवर्धित कर अधिनियम, 2004	12.21	2007–08	दिल्ली मूल्यवर्धित कर अधिकरण
दिल्ली मूल्यवर्धित कर अधिनियम, 2004	62.60	2009–10 एवं 2010–11 (राष्ट्रमंडल खेल 2010)	दिल्ली मूल्यवर्धित कर अधिकरण
केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956	0.04	2012–13	अपर बिक्रीकर आयुक्त
dqy	74-85		

ii- lsok dj

lfof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS
वित्त अधिनियम 1994	8.12	2005–06	केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर आयुक्त
वित्त अधिनियम 1994	22.13	2006–08	केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण
वित्त अधिनियम 1994	0.08	2000–03	केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर आयुक्त
वित्त अधिनियम 1994	1.36	2008–12	केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर आयुक्त
dqy	31-69		

iii- Je midj

lfof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS
भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996	9.73	1996 से 2001	उप श्रमायुक्त

eqcbZ cfLd ;fuV ds lac/k esa

i- vk;dj

lfof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS
आयकर अधिनियम, 1961	शून्य	2000–08	माननीय उच्चतम न्यायालय, भारत
dqy	'kwU;		

ii- fcØh dj

lfof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS
बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	0.17	1993–94	महाराष्ट्र बिक्री कर अधिकरण, मुंबई
बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	5.27	1996–97	माननीय उच्च न्यायालय, बंबई
बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	170.08	1997–98	माननीय उच्चतम न्यायालय, भारत

बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	216.01	2003–04	महाराष्ट्र बिक्री कर अधिकरण, मुंबई
बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	101.32	2004–05	संयुक्त आयुक्त बिक्रीकर, मुंबई
बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	14.97	2009–10	संयुक्त आयुक्त बिक्रीकर, मुंबई
बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	6.11	2011–12	संयुक्त आयुक्त बिक्रीकर, मुंबई
बंबई बिक्री कर अधिनियम, 1959	26.47	2012–13	संयुक्त आयुक्त बिक्रीकर, मुंबई
dqy	540-40		

iii- lsok dj

lafof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS
वित्त अधिनियम, 1994	2.91	2012–13 से 2016–17	सीमा शुल्क, उत्पाद और सेवाकर अपीलीय अधिकरण
dqy	2-91		

eqcbZ ekeyksa lsok bdkbZ ds lacaf/k esa

dsUæh; mRikn%

lafof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS
केंद्रीय उत्पाद अधिनियम, 1944	शून्य	2004–05	आयुक्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क
केंद्रीय उत्पाद अधिनियम, 1944	शून्य	2006–07	आयुक्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क
केंद्रीय उत्पाद अधिनियम, 1944	शून्य	2013–14	आयुक्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क
केंद्रीय उत्पाद अधिनियम, 1944	शून्य	2006–07	आयुक्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क
केंद्रीय उत्पाद अधिनियम, 1944	शून्य	2005–06	आयुक्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क
dqy	'kwU;		

fuxe dk;kZy; ds lacaf/k esa%

vk;dj%

lafof/k dk uke	jkf'k ¼#i;s djksM+ esa½ ¼fuoy½	vof/k ftlls jkf'k lacaf/kr gS	eap tgka fookn yafcr gS	fVIi.kh
आयकर अधिनियम 1961	शून्य	आकलन वर्ष 1998–99 से आकलन वर्ष 2006–07	माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली	रुपये 740.90 करोड़ की कुल विवादित मांग का या तोकंपनी द्वारा भुगतान किया गया है अथवा कंपनी को देय धनवापसी से आयकर विभाग द्वारा काटा गया है।
आयकर अधिनियम 1961	शून्य	आकलन वर्ष 2007–08 से आकलन वर्ष 2009–10	माननीय आयकर अपील अधिकरण और आयकर आयुक्त (अपील)	
dqy	'kwU;			

(vii) कंपनी ने वित्तीय संस्थानों, बैंक, सरकार को ऋण अथवा उधार की चुकौती करने और डिबेंचर धारकों को देय का भुगतान करने में कोई चूक नहीं की है।

(viii) कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रारंभिक पब्लिक ऑफर अथवा उसके बाद पब्लिक ऑफर (कर्ज लिखतों सहित) द्वारा किसी भी रकम की उगाही नहीं की है और सामान्यतः जिस कार्य के लिए आवधिक ऋण लिया था, उसी पर व्यय किया गया है।

सी	(i) विलंबित भुगतानों / लंबित न्यायालय मामलों / कर मामलों पर डीडीए को ब्याज (ii) मूल कंपनी द्वारा अधिगृहीत भूमि और भवनों पर देय स्टाम्प शुल्क	राशि अनिश्चित राशि वर्तमान में अनिश्चेय	राशि अनिश्चित राशि वर्तमान में अनिश्चेय
डी	मूल कंपनी के विरुद्ध दावे, जिन्हें ऋण नहीं माना गया	654.31	3,234.93
ई	लंबित मध्यस्थता / न्यायालय मामले	2,500.99	2,440.63
एफ	बैंक गारंटी एवं साख–पत्र	86.35	87.14
जी	निदेशिका विवाद	55.43	53.49
एच	भूमि अधिग्रहण के विरुद्ध लंबित न्यायालय मामले	4.87	4.87
आई	नेटिंग आधार पर भुगतान किए बीएसएनएल प्रभारों के संदर्भ में लाइसेंस शुल्क संबंधी आकस्मिक देयता	140.36	140.36
जे	अनंतिम आकलन के संदर्भ में लाइसेंस शुल्क संबंधी आकस्मिक देयता	2,865.04	1,197.07
के	दूरसंचार विभाग द्वारा दिया गया बीटीएस से सबंधित अर्थ दंड	84.25	84.25

^ऊपर 1 (ए) में दर्शाए गए अनुसार आयकर के कारण आकस्मिक देयता में टीडीएस विभाग से प्राप्त वे विभिन्न नोटिस शामिल नहीं हैं, जिनमें दाखिल किए गए रिटर्न के साथ उनके रिकार्ड का मिलान न होने के कारण मांग पैदा हुई।

51- ifrc)rk,

ए. रिपोर्ट अवधि के अंत में संविदागत पूंजीगत व्यय लेकिन जिसे देयताओं के रूप में नहीं पहचाना गया इस प्रकार से हैं:–

	31 ekpl 2020	31 ekpl 2019
संपत्ति, संयंत्र तथा उपस्कर	51.81	68.26

बी. अधूरी संविदाओं पर किया गया व्यय पहले ही संविदा मूल्य से अधिक हो गया है, उसे पूरा करने के लिए अतिरिक्त व्यय अपेक्षित है जिसकी मात्रा नहीं बताई जा सकती।

52- Hkkjrh; ys[kk ekud 116 iÍs

समूह के पास कार्यालय भवन, टॉवरों तथा संबद्ध सुविधाओं एवं कारों के पट्टे हैं। लघु अवधि पट्टों तथा कम मूल्य की आधारभूत परिसंपत्तियों के पट्टों को छोड़कर, प्रत्येक पट्टे को तुलन–पत्र में परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार तथा पट्टा देयता के रूप में दर्शाया जाता है। परिवर्तनशील पट्टा भुगतान जो किसी सूचकांक (इंडेक्स) अथवा दर पर निर्भर नहीं होते, को पट्टा देयता तथा परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार के प्रारंभिक मापन से हटा दिया जाता है। समूह अपनी संपत्ति, संयंत्र अथवा उपकरण के अनुरूप अपनी परिसंपत्तियों को वर्गीकृत करता है।

प्रत्येक पट्टा सामान्यतः यह प्रतिबंध लगाता है कि परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार का प्रयोग केवल समूह द्वारा ही किया जा सकता है जब तक समूह के पास परिसंपत्ति को अन्य पार्टी को उप पट्टा पद देने का संविदागत अधिकार न हो। कुछ पट्टों में आगे की अवधि के लिए पट्टों को विस्तारित करने का विकल्प होता है। समूह के लिए आधारभूत पट्टा परिसंपत्तियों को प्रतिभूति के रूप में बेचना अथवा गिरवी रखना वर्जित है। कार्यालय भवन तथा अत्य परिसरों को पट्टे पर देने के लिए समूह को इन परिसंपत्तियों को सही दशा में रखना तथा पट्टे की समाप्ति पर संपत्तियों को उनकी वास्तविक स्थिति में वापस करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, समूह को पट्टा संविदा के अनुसार अनुरक्षण–शुल्क का भुगतान करना चाहिए।

¼,½ iÍk Hkqxrku tks iÍk ns;rkvksa dh x.kuk esa 'kkfey ugha gS

पट्टा देयताओं की गणना में भुगतान से संबंधित जो व्यय शामिल नहीं है वे निम्न प्रकार हैं:–

fooj.k	31 ekpZ 2020
परिवर्तनशील पट्टा भुगतान	46.11

(बी) अवधि के दौरान पट्टा देयताओं की रखाव राशि (ऋणों के अंतर्गत) तथा उतार–चढ़ाव निम्नानुसार हैं:

fooj.k	31 ekpZ 2020
प्रारंभिक शेष	352.91
जोडे गए	6.43
घटाए गए	(0.61)
ब्याज अभिवृद्धि	29.70
भुगतान	(63.49)
vUr 'ks"k	**324.94**
pkyw	**103.91**
xSj&pkyw	**221.03**

(सी) समूह के पास 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए पट्टे हेतु कुल नकदी प्रवाह 109.62 करोड़ रुपये (परिवर्तनशील पट्टा भुगतानों सहित) था।

(डी) पट्टा देयता को परिपक्वता विवरण के लिए कृपया टिप्पणी 45(बी)(बी) देखें।

(ई) विस्तार एवं समाप्ति विकल्पों के संबंध में सूचना।

ifjlEifÙk;ksa dk iz;ksx dk vf/kdkj	iÍksa dh la[;k	'ks"k vof/k dh lhek	vkSlr 'ks"k iÍk vof/k	foLrkj fodYi lfgr iÍksa dh la[;k	[kjhn fodYi ds lkFk iÍksa dh la[;k	lekfIr fodYi lfgr iÍksa dh la[;k
टॉवर	1,608	3-21 वर्ष	12 वर्ष	424	-	-
भवन	37	1- 3 वर्ष	3 वर्ष	-	-	37
पट्टा भूमि	3	1- 50 वर्ष	49 वर्ष	3	-	3

(एफ) ifjorZu ¼VªkaT'ku½ ls iHkko

1. समूह ने 1 अप्रैल 2019 से भारतीय लेखामानक 116 ''पट्टे'' का स्वीकरण कर लिया तथा 1 अप्रैल 2019 को विद्यमान सभी पट्टा संविदाओं पर संशोधित पूर्वव्यापी पद्धति को लागू किया। परिवर्तन पर, नए मानक को ग्रहण

करने के फलस्वरूप 352.91 करोड़ रुपये की पट्टा देयता तथा समरूप 5590.57 करोड़ रुपये के परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार की पहचान हुई।

2. 1 अप्रैल 2019 को संविदाओं के लिए, समूह ने भारतीय लेखा मानक 17 से पट्टे की परिभाषा को लागू करने का निर्णय किया है तथा व्यवस्थाओं के लिए भारतीय लेखामानक 116 को लागू नहीं किया जो पहले भारतीय लेखामानक 17 के अंतर्गत पट्टे के रूप में पहचाने नहीं गए थे।

3. समूह ने 1 अप्रैल 2019 को भारतीय लेखामानक 116 को लागू करने की प्रारंभिक दिनांक को विद्यमान परिचालन पट्टों के लिए परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार के मापन में प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत को सम्मिलित न करने का निर्णय लिया है।

4. लागू करने की प्रारंभिक दिनांक पर परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार पर लागू करने की क्षति–समीक्षा करने के स्थान पर समूह उसके पूर्व के मूल्यांकन पर निर्भर रहा है कि क्या पट्टे भारतीय लेखामानक 116 के लागू करने की प्रारंभिक दिनांक से तुरंत पहले भारयुक्त थे।

5. परिवर्तन पर 12 माह से कम की शेष पट्टा समयावधि वाली प्रचालन पट्टों के रूप में पहले हिसाब में रखे गए पट्टों तथा कम मूल्य परिसंपत्तियों के पट्टों के लिए समूह ने परिसंपत्तियों के प्रयोग के अधिकार की पहचान न करने के लिए नहीं, बल्कि शेष पट्टा समयावधि पर सीधी रेखा पद्धति पर पट्टा व्यय का लेखा जोखा करने के लिए वैकल्पिक छूट लागू की है।

6. वे पट्टे जो पहले वित्त पट्टों के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं उनके लिए अनुप्रयोग की प्रारंभिक दिनांक से तुरंत पूर्व भारतीय लेखा मानक 17 के अंतर्गत उन्हीं राशियों पर प्रारंभिक अनुप्रयोग की दिनांक पर परिसंपत्ति के प्रयोग के अधिकार तथा पट्टा देयता को मापा जाता है।

7. भारतीय लेखा मानक 116 में परिवर्तन पर, पट्टा देयताओं पर लागू भारित औसत वृद्धिमान उधार ग्रहण दर 8.79% पहचानी गई थी।

8. समूह ने भारतीय लेखामानक 17 के अंतर्गत 31 मार्च 2019 को किन्हीं पट्टा दायित्वों को प्रस्तुत नहीं किया क्योंकि चल रहे पट्टों को रद्द करने योग्य समझा गया था और जबकि 1 अप्रैल 2019 को पट्टा देयताओं का मूल्य मुख्यतः आकलन विस्तार विकल्पों जिनका समुचित रूप से निश्चित प्रयोग किया जाना है तथा समाप्ति विकल्पों का समुचित रूप से निश्चित प्रयोग नहीं किया जाना है। उस प्रकार की पट्टा देयताओं को छूट देने भारतीय लेखा मानक 116 के अंतर्गत वर्तमान मूल्य के प्रभाव के कारण है।

53- [kM lpuk

कंपनी भारत में दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के कारोबार में है और इसमें दो रिपोर्टेबल सेगमेंट हैं। बेसिक और सेलुलर। इंड एएस एएस 108 'ऑपरेटिंग सेगमेंट' के पैरा 4 के अनुसार, यदि किसी वित्तीय रिपोर्ट में समेकित वित्तीय विवरणों के साथ–साथ अलग वित्तीय विवरण दोनों शामिल हैं, तो सेगमेंट की जानकारी केवल समेकित वित्तीय विवरणों में आवश्यक है

54- l ifÙk l j{kk d : i e fxjoh j[kk x;k

(रुपये करोड़ में)

fooj.k	31 ekp 2020	31 ekp 2019
pky		
सममात्रा प्रभार		
मालसूची	18.54	24.17
व्यापार प्राप्य	620.74	603.85
नकदी एवं नकद समतुल्य	142.68	74.85
अन्य बैंक शेष	13.02	20.42
ऋण	3,545.20	3,390.42
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	3,492.91	899.90
अन्य चालू परिसंपत्तियां	631.32	692.31
dy pky ifj lifÙk;k ftUg fxjoh j[kk x;k	**8,464.40**	**5,705.93**
xj&pky		
सममात्रा प्रभार		
उपकरण एव संयंत्र	1,417.55	1,721.23

fooj.k	31 ekp 2020	31 ekp 2019
वाहन	1.26	1.28
फर्नीचर	9.33	10.58
कार्यालय मशीनरी तथा उपस्कर	1.81	1.97
विद्युत उपकरण	14.21	13.42
कम्प्यूटर	16.58	17.75
dy pky ifjlifÙk;k ftUgs fxjoh j[kk x;k	**1,460.74**	**1,766.24**
dy ifjlifÙk;k ftUgs fxjoh j[kk x;k	**9,925.14**	**7,472.17**

55- l{e] y?k vkj eè;e m|e fodkl ¼,e,l,ebMh vfèkfu;e] 2006½ d vrxr idVu fuEu idkj l g%

(रुपये करोड़ में)

	fooj.k	31 ekp 2020	31 ekp 2019
(i)	प्रत्येक लेखाकंन वर्ष के अंत में किसी आपूर्तिकर्ता को भुगतान के लिए बकाया मूलधन और उसका ब्याज;	37.98	5.35
(ii)	धारा 16 की शर्तों के अनुसार खरीददार द्वारा भुगतान किए गए ब्याज की राशि के साथ प्रत्येक लेखावर्ष के दौरान निश्चित दिन के बाद आपूर्तिकर्ता को किए गए भुगतान की राशि;	शून्य	शून्य
(iii)	ब्याज की देय राशि तथा भुगतान करने (वर्ष के दौरान जिसका भुगतान किया जा चुका है, परन्तु निश्चित दिन के बाद) में विलंब के कारण भुगतान योग्य राशि, जिसमें एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 में विहित किए गए अनुसार ब्याज नहीं जोड़ा गया है;	शून्य	शून्य
(iv)	प्रोद्भूत ब्याज की राशि और जो प्रत्येक लेखा–वर्ष के अंत तक अदत्त रही;	9.17	शून्य
(v)	उत्तरवर्ती वर्षों में भी देय तथा आगे बकाया ब्याज की राशि उस तिथि तक, जब उपर्युक्त देय ब्याज का लघु उद्यम को वास्तव में भुगतान किया जाता है। जो धारा 23 के अंतर्गत कटौती योग्य व्यय की अनुमति नहीं देने के उद्देश्य से है।	शून्य	शून्य

सूक्ष्म लघु तथा मध्यम आय विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत समूह विक्रेताओं की स्थिति के संबंध में पुष्टि प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। उक्त प्रकटीकरण उस सीमा तक निश्चित किया गया है, जहां तक समूह के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर ऐसी पार्टियों की पहचान की गई है। इस पर लेखापरीक्षकों द्वारा विश्वास किया गया है।

56ए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अंतर्गत मूल कंपनी आती है और तदनुसार बोर्ड की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति गठित की गई है। तथापि, पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों में मूल कंपनी को कोई औसत निवल लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, अतः मूल कंपनी को अधिनियम, 2013 की शर्तों के अनुसार कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर कोई राशि व्यय करने की आवश्यकता नहीं है।

56बी वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा रुपये 2.08 करोड़ के बराबर विदेशी मुद्रा में व्यय किया गया है। जबकि विदेशी मुद्रा में रुपये 1.44 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है।

57- miHkkDrk d lkFk lfonkvk l jktLo

भारतीय लेखा मानक 115 उपभोक्ताओं के साथ संविदाओं से राजस्व (भारतीय लेखा मानक 115) यह निर्धारित करता है कि राजस्व कितना और कब चिह्नित है और राजस्व तथा उपभोक्ता संविदाओं से उत्पन्न नकदी प्रवाह की प्रकृति, राशि, समय और अनिश्चितता का प्रकटन अपेक्षित है। भारतीय लेखा मानक 115 के तहत राजस्व की 5 चरणीय दृष्टिकोण के माध्यम से पहचान की गई है:

(i) उपभोक्ताओं के साथ संविदाओं की पहचान;

(ii) संविदाओं में पृथक निष्पादन दायित्व की पहचान;

(iii) लेनदेन के मूल्य का निर्धारण;

(iv) निष्पादन दायित्व का लेनदेन मूल्य नियत करना; और

(v) निष्पादन दायित्व की पूर्ति पर गए राजस्व की पहचान

वर्तमान वित्त वर्ष अर्थात् 1 अप्रैल 2018 के आरंभ में धारित अर्जनों में, ऐसे संचयी पकड़ समायोजन के साथ संशोधित पूर्व प्रभावी दृष्टिकोण के प्रयोग द्वारा समूह ने 1 अप्रैल 2018 को मानक अपनाया है, मानों मानक हमेशा ही प्रभावी था। यह मानक केवल उन्हीं संविदाओं पर लागू होगा जो 1 अप्रैल 2018 तक पूरे नहीं हुए हैं। तुलनात्मक सूचनाएं पुनः नहीं बताई गई हैं और उन अवधियों के लिए प्रभावी लेखामानकों के अंतर्गत निरंतर प्रतिवेदित की गई हैं। नए मानक को अपनाने से समूह के राजस्व और निवल आय में कोई समायो. जन नहीं हुआ।

(i) lfonk ifjlifÙk;k vkj lfonk n;rkvk d lcèk e igpku x, jktLo

lfonk ifjlifÙk;k e ifjoru%

(रु. करोड़ में)

fooj.k	31 ekp] 2020 dk lekIr o"k
वर्ष के आरंभ में संविदा परिसंपत्तियां	201.14
जोड़ेः वर्ष के दौरान पहचाने गए राजस्व	1,420.13
घटाएंः वर्ष के दौरान बनाए गए बीजक	**(1,483.28)**
	137.99

संविदा देयताओं में परिवर्तनः

(रु. करोड़ में)

fooj.k	31 ekp] 2019 dk lekIr o"k
वर्ष के आरंभ में संविदा देयताएं	631.17
घटाएंः चालू वर्ष में पूरी की गई निष्पादन बाध्यताएं	(532.56)
जोडेंः वर्ष के दौरान प्राप्त अग्रिम	444.98
	543.59

(ii) fHkUu fdLe d jktLo%

(रु. करोड़ में)

fooj.k	jkf'k
से राजस्वः	
–स्थायी टेलीफोन आय	948.32
–उद्यम व्यापार	257.33
–मोबाइल सेवाएं	154.12
–अन्य	**176.59**
	1,536.36

(iii) miHkkDrkvk d lkFk lfonk l lcfèkr ifjlifÙk;k vkj n;rk,

(रु. करोड़ में)

fooj.k	31 ekp] 2020 d vuqlkj		31 ekp] 2019 d vuqlkj	
	xj&pky	pky	xj&pky	pky
lfonk ifjlifÙk;k				
बिल रहित प्राप्य राशियां	-	137.98	-	201.14
संविदा देयताएं				
उपभोक्ताओं से अग्रिम	-	395.71	-	457.20
आस्थगित आय	105.78	20.93	127.97	22.20
आस्थगित सक्रियण/संस्थापन शुल्क	14.83	6.34	18.13	5.67

58. बहियों में पूंजीकृत कुछ भूमियों तथा भवनों का मूल कंपनी के नाम से पंजीकरण/कानूनी रूप से प्रलेखीकरण लंबित है तथा दूरसंचार विभाग से अधिगृहीत भूसंपत्ति कंपनी के नाम अंतरित नहीं हुई है तथा पट्टेवाली भूमि के संबंध में प्रलेखीकरण अभी लंबित है। बिक्रीनामा (सेल डीड) के अनुसार दूरसंचार विभाग से 01.04.1986 के पश्चात अधिगृहीत भूमि तथा भवनों की स्टाम्प शुल्क देयता दूरसंचार विभाग की है तथा संपत्तियों की बिक्री या निपटान के समय आवश्यकतानुसार प्रलेखीकरण पर विचार किया जाएगा।

59. दूरसंचार विभाग ने एमटीएनएल पर जीएसएम तथा सीडीएमए स्पैक्ट्रम के लिए एकबारगी लगने वाले स्पैक्ट्रम प्रभार लगाए हैं तथा परीक्षण आधार पर 1800 मेगाहर्ट्ज़ फ्रीक्वेंसी में 4.4 मेगाहर्ट्ज़ तक प्रदान किए गए स्पैक्ट्रम को भी गणनाओं में शामिल किया गया है। गणनाएं धारित स्पैक्ट्रम की मात्रा तथा दूरसंचार विभाग के अनुसार लाइसेंस की शेष बची वैधता अवधि में अंतरों के अधीन तथा उनके अनुसार परिवर्तनीय होगी। एमटीएनएल ने परीक्षण आधार पर उपलब्ध करवाए गए कुछ स्पैक्ट्रम को वापस लौटा दिया है तथा सीडीएमए स्पैक्ट्रम के लिए भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सीडीएमए के लिए इसके पास केवल 2.5 मेगाहर्ट्ज़ स्पैक्ट्रम है। दूरसंचार विभाग को इससे अवगत करवा दिया गया है तथा इस मामले पर अभी भी पत्राचार हो रहा है। इसके अलावा परीक्षण आधार पर दिए गए स्पैक्ट्रम के लिए शुल्कों के मामलों में भी निर्णय किया जाना है। एमटीएनएल ने 28.2.2016 को सीडीएमए स्पैक्ट्रम अंतिम रूप से लौटा दिया है।

इसके अतिरिक्त प्रारंभ से ही एकबारगी स्पैक्ट्रम प्रभार लगाए जाने की दूरसंचार विभाग की नीति को ही निजी ऑपरेटरों द्वारा चुनौती दी गई है तथा आज तक यह न्यायाधीन है जबकि एमटीएनएल के मामले में भी दूरसंचार विभाग द्वारा न्यायालय के निर्णय के आधार पर निश्चित किया जाना है कि स्पैक्ट्रम को वापस किया जाना अथवा रखा जाना है। प्रभारों को अंतिम रूप दिया जाना तथा भुगतान के तरीकों को अभी निश्चित रूप दिया जाना है तथा आज की तारीख में प्रभारों एवं देयता की मात्रा की स्थिति पूरी तरह से अनिश्चित है। इस न्यायाधीन मामले का अंतिम परिणाम आने तक जो अभी तक न्यायाधीन है एवं दूरसंचार विभाग को देय प्रभारों, यदि कोई हो, की मात्रा को अंतिम रूप न दिए जाने के कारण लेखा बहियों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि राशि पूर्णतः अनिश्चेय है। हालांकि 3,205.71 करोड़ रुपये की आकस्मिक देयता दूरसंचार विभाग द्वारा जीएसएम के संबंध में उठाई गई मांग के आधार पर दर्शाई गई है जो बहुत पुरानी है अभी तक जिसका आग्रह नहीं किया गया है। मुकद्दमेबाजी और टीडीएसएटी निर्णय में उद्योग संबंधी मुद्दे के अनुसार आकलित देयता 455.15 करोड़ रुपये से अधिक नहीं हो सकती थी। दिनांक 08.01.2013 से अभी तक 3207.71 करोड़ रुपये की मांग के बाद और कोई अन्य मांग नहीं है, आकस्मिक देयता भी, यदि यह फलीभूत होती है, 455.15 करोड़ से अधिक नहीं हो सकती। अतः इसका प्रकटन तदनुसार किया गया है।

60. महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड द्वारा क्षतिग्रस्त/गुमशुदा स्थायी परिसंपत्तियों तथा वस्तुओं के संबंध में बीमा कंपनियों के समक्ष दावे किए गए हैं लेकिन ये दावे निपटारे के लिए लंबित हैं। दावा राशि तथा वापिस ली गई परिसंपत्तियों के बीच अंतर का अंतिम समायोजन दावे के निपटान वर्ष में किया जाएगा।

61. मूल कंपनी ने वित्तीय वर्ष 1996–97 से 2005–06 के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80–आईए के अंतर्गत लाभ का दावा किया था। अपीलीय प्राधिकारियों ने दावा की गई राशि के 75 प्रतिशत तक के दावे की अनुमति दी है। मूल कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में शेष दावों के लिए अपील करने को वरीयता दी है। मूल कंपनी ने इस दावे हेतु आकलन वर्ष 1998–99, 1999–00 और 2000–2001 के लिए 375.96 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 375.96 करोड़ रु.) का प्रावधान बनाए रखा है। यद्यपि इस कारण आकलन वर्ष 2000–2001 से 2005–06 के लिए 243.22 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 243.22 करोड़ रु.) की मांगों को आकस्मिक आरक्षित निधि के रूप में दिखाया गया है ताकि आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 आईए के अंतर्गत लाभ के दावों की अनुमति न मिलने से उत्पन्न हो सकने वाली आकस्मिकताओं को पूरा किया जा सके।

62. मुकदमेबाजी

ए) एमटीएनएल ने मैसर्स एम एंड एन पब्लिकेशंस लिमिटेड के साथ दिल्ली व मुंबई यूनिट के लिए 1993 से प्रारम्भ होने वाली 5 वर्ष की अवधि के लिए टेलीफोन निदेशिकाएं छापने, प्रकाशित करने तथा आपूर्ति करने के लिए संविदा की थी। मैसर्स एम एंड एन पब्लिकेशन लिमिटेड ने 1993 के अंक (मुख्य तथा अनुपूरक) तथा 1994 की मुख्य निदेशिका छापने एवं जारी करने के बाद 4.4.1996 को संविदा को समय से पहले समाप्त कर दिया। एमटीएनएल मुंबई और दिल्ली ने 09.04.1996 को बैंक गारंटी के लिए अनुरोध किया तथा 22.07.1996 को कानूनी नोटिस दिया तथा संविदा समाप्त कर दी।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एमटीएनएल द्वारा एकमात्र मध्यस्थ की नियुक्ति की गई है। एकमात्र मध्यस्थ ने दि. 09–04–2013 को आंशिक रूप से एमटीएनएल मुंबई और दिनांक 31.07.2013 को एमटीएनएल दिल्ली के पक्ष में अपना निर्णय दिया है। माध्यस्थम् के अंतर्गत दावे तथा प्रतिदावे का लेखांकन उस वर्ष किया जाएगा जब उसका अंतिम संग्रहण/भुगतान तर्कसंगत रूप से निश्चित हो जाएगा। मैसर्स एम एंड एन पब्लिकेशन माध्यस्थम् के निर्णय के विरुद्ध बंबई और दिल्ली उच्च न्यायालय गया है तथा एमटीएनएल भी देय शेष राशि के लिए बंबई और दिल्ली उच्च न्यायालय गया है।

इस लेखे में 49.04 करोड़ रुपये का दावा दिल्ली इकाई में आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया गया है ।

बी) माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निदेशानुसार 158.92 करोड़ रुपये के दावे के लिए एक यूएएसएल ऑपरेटर ने एमटीएनएल, मुंबई को वर्ष 2004–05 और 2005–06 में क्रमशः 124.93 करोड़ रुपये और 33.99 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है। मूल कंपनी ने उक्त अवधि के राजस्व के रूप में इस राशि की पहचान की है। माननीय टीडीएसएटी ने 96.71 करोड़ रुपये के धनवापसी के आदेश दिए हैं। एमटीएनएल ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय में सिविल अपील दाखिल की और टीडीएसएटी के आदेश पर रोक लगाने के लिए आवेदन दिया है जिन पर उच्चतम न्यायालय द्वारा 08.05.2014 को निदेश दिए गए कि अपीलकर्ता के कहने पर टीडीएसएटी इन विरोधी आदेशों की समीक्षा करेगा। एमटीएनएल के द्वारा दाखिल किए गए समीक्षा आवेदन का माननीय टीडीएसएटी द्वारा दिनांक 27.05.2014 के आदेशानुसार निपटान कर दिया गया था जिस पर एमटीएनएल ने दिनांक 16.07.2014 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में सीडब्ल्यूपी नं. 022764 याचिका दायर की और यह लंबित है। इसी दौरान यूएएसएल प्रचालक ने भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की है। इस खाते के 96.71 करोड़ रुपये के दावे को आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया गया है।

सी) ''एमटीएनएल, मुंबई को मैसर्स बीईएसटी, विद्युत आपूर्ति प्रदाता से दावे प्राप्त हुए हैं जिनमें एमटीएनएल को औद्योगिक टैरिफ के बदले वाणिज्यिक टैरिफ की श्रेणी में रखा गया है। यह दावे एचटी कनेक्शन के संबंध में फरवरी 2007 से मई 2009 तक की अवधि और एलटी कनेक्शन के संबंध में जनवरी 2002 से अप्रैल 2011 की अवधि के लिए पूर्वव्यापी प्रभाव से किए गए हैं। एमटीएनएल ने बीईएसटी को इस पर पुनर्विचार करने के लिए अभ्यावेदन दिया है जिसे बीईएसटी ने स्वीकार नहीं किया। अतः एमटीएनएल माननीय उच्च न्यायालय, मुंबई के पास गया और बीईएसटी के 20.82 करोड़ रु. के दावे के स्थगन आदेश प्राप्त किए। प्रबंधन का मत है कि एमटीएनएल के विरूद्ध मामले का निपटान होने की बहुत कम संभावना है।''

डी) ''मोबाइल सेवाएं, दिल्ली के संबंध में अक्तूबर–09 से मार्च–10 तक की अवधि के लिए आईएलडी प्रभार हेतु मैं टीसीएल द्वारा 25.89 करोड़ रु. का दावा किया गया है जिसका मैसर्स टीसीएल को आईएलडी ट्रैफिक में तीव्र गति से बढ़ोतरी होने के कारण भुगतान नहीं किया गया है। तकनीकी विश्लेषण करने पर पाया गया कि ये कॉलें संदिग्ध तथा छोटे स्थानों को की गई थीं। इन स्थानों की पुष्टि संबंधित देशों के अंतरराष्ट्रीय नंबरिंग प्लान से नहीं होती और ये स्थान स्वीकृत अन्तः सम्बद्ध (इंटरकनेक्ट) करार अनुबंध

के अनुसार स्वीकृत नहीं हैं। इसके अतिरिक्त ये कॉलें इन गन्तव्य स्थानों पर सीधे समाप्त (टर्मिनेट) नहीं हुई हैं। इस अनुवीक्षण के संबंध में मैसर्स टीसीएल के साथ चर्चा की गई। मैसर्स टीसीएल को यह भी परामर्श दिया गया कि धोखाधड़ी से की गई कॉलों से संबंधित जो राशि बकाया है, भुगतान योग्य (देय) नहीं है तदनुसार लेखा बहियों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस मामले को जांच के लिए समिति को सौंप दिया गया था। तत्पश्चात मैसर्स टीसीएल ने राशि की वसूली के लिए माननीय टीडीएसएटी में मामला दर्ज कराया जिसका निर्णय प्रतीक्षित है। इस खाते के 25.89 करोड़ रुपये के दावे को आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया गया है।''

इसके अतिरिक्त, समूह पर विधिक कार्यवाहियां और दावे हैं, जो व्यापार की सामान्य प्रक्रिया से उत्पन्न हैं। समूह प्रबंधन का यह मानना है कि अंत में जब ये विधिक कार्यवाहियां समाप्त और निर्धारित होंगी तो समूह के वित्तीय विवरणों पर इनका कोई विशेष प्रभाव नहीं होगा।

63. बीएसएनएल के साथ निपटान

ए) बीएसएनएल से वसूली योग्य राशि 5,584.66 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 5,455.62 करोड़ रुपये) और भुगतान योग्य राशि 2,065.05 करोड़ रुपये (2,051.34 करोड़ रुपये) है। वसूली योग्य निवल राशि 3,519.61 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 3,404.28 करोड़ रुपये) समाधान और पुष्टि के अधीन है। बीएसएनएल से वसूली योग्य निवल राशि का रखाव मूल्य 3,504.10 करोड़ रुपये है (पिछले वर्ष 3,352.67 करोड़ रुपये) जिसे परिशोधित लागत पर मापा गया है।

बी) बीएसएनएल के कुछ अन्य दावे जैसे सिग्नलिंग चार्ज के रूप में 21.93 करोड़ रु., (पिछले वर्ष 21.93 करोड़ रु.) ट्रांज़िट टैरिफ के रूप में 25.19 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 25.19 करोड़ रु.), एमपी बिलिंग के रूप में 6.01 करोड़ रु. (6.01 करोड़ रु.), सर्विस कनेक्शन के रूप में 40.15 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 40.15 करोड़ रु.) आईयूसी के रूप में 10.14 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 10.14 करोड़ रु.) और गुजरात सर्किल से आईयूसी के रूप में 1.11 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 1.11 करोड़ रु.) समीक्षाधीन हैं। बीएसएनएल से ऐसे ही अन्य दावों के लंबित निपटान तक किसी प्रावधान को आवश्यक नहीं समझा गया है।

सी) दिल्ली यूनिट ने बीएसएनएल द्वारा 01.10.2000 से 30.09.2006 तक की अवधि के लिए एमटीएनएल की तरफ बनाए गए सर्विस कनेक्शनों के 9.80 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 9.80 करोड़ रु.) के टेलीफोन बिलों के व्यय को उत्तरवर्ती अवधियों हेतु 31.27 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 31.27 करोड़ रु.) के विवादास्पद दावों की वास्तविक प्रतिपूर्ति के आधार पर हिसाब में ले लिया है क्योंकि बार–बार आग्रह करने के बाद भी बीएसएनएल से अभी तक कोई विवरण/औचित्य प्राप्त नहीं हुआ है। 21.47 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 21.47 करोड़ रु.) की शेष राशि आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाई गई है।

64. उपभोक्ताओं के देय और जमा राशिः

अन्य चालू देयताओं में उपभोक्ताओं से सेवाकर सहित प्राप्तियों के कारण क्रेडिट सहित राशि 74.37 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 49.20 करोड़ रुपये) है जिसे देयता के रूप में पहचाना अथवा तदनुसार देनदारों से मिलान जैसा भी मामला हो, नहीं किया जा सका। इन क्रेडिट का मिलान अथवा समाधान करते समय सेवाकर सहित, समुचित समायोजन/भुगतान किए जाएंगे। अतः इसे संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान में समायोजित नहीं किया जा सका।

65. प्राप्य और देय राशियां (एनएलडी/आईएलडी रोमिंग प्रचालकों सहित) पुष्टि एवं समाधान के अधीन हैं।

66. रोमिंग से होने वाले प्राप्यों/देय राशियों की बिलिंग का मैक (एमएसीएच) द्वारा सूचित किए गए वास्तविक परियात (ट्रैफिक) के साथ मिलान किया जा रहा है। रोमिंग से होने वाली आय एमटीएनएल की ओर से मैक

द्वारा तैयार किए गए वास्तविक बीजकों के आधार पर बुक की जाती है। इसी प्रकार रोमिंग व्यय एमटीएनएल द्वारा उन वास्तविक बीजकों के आधार पर बुक किया जाता है, जो उसे अन्य आपरेटरों की ओर से मैक से प्राप्त होते हैं। हालांकि संग्रहण के मामले में अन्य ऑपरेटरों द्वारा विभिन्न अवधियों का भुगतान सीधे बैंक में किया जाता है।

एमटीएनएल की दिल्ली इकाई में, बिलों के समक्ष प्रचालकों से प्राप्त वसूली राशि को पूरी तरह मिलाया जाता है। विस्तृत सूचना के अभाव में व्यक्तिगत प्रचालकों के लेखों में वसूली का आबंटन लंबित है जिसे मांगा जा रहा है। अतः यद्यपि रोमिंग आय और व्यय वास्तविक आधार पर बुक किए जाते है, विस्तृत सूचना के अभाव में रोमिंग देनदारों का समाधान समग्र रूप में किया जाता है तथा ऐसे समाधान को नियमित आधार पर किया जा रहा हैं।

67. मूल कंपनी की मुंबई इकाई के मामले में, गैर–अनुसूचित बैंकों में शेष इस प्रकार हैंः–

(राशि रुपये करोड़ में)

fooj.k	31 ekp] 2020	31 ekp] 2019
इंदिरा सहकारी बैंक लिमिटेड	0.56	0.56
(खाता बंद किया गया, संदिग्ध माना गया)	(0.56)	(0.56)

68- njlapkj foHkkx ds lkFk fuiVku%

ए) दूरसंचार विभाग से चालू खाते पर वसूली योग्य राशि 718.34 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 763.76 करोड़ रुपये) और देय राशि 307.88 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 94.42 करोड़ रुपये) है। निवल वसूली योग्य राशि 410.46 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 669.34 करोड़ रुपये) समाधान एवं पुष्टि के अधीन है। चालू खाते पर वसूली योग्य ब्याज/देय ब्याज के लिए एमटीएनएल और दूरसंचार विभाग के बीच कोई करार नहीं है। तद्नुसार, सामान्य भविष्य निधि दावों पर दूरसंचार विभाग से प्राप्य ब्याज की वसूली को छोड़कर वर्ष के दौरान शेष पर भुगतान योग्य/प्राप्य ब्याज के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया हैं।

बी) दूरसंचार विभाग द्वारा दी गई अनंतिम (प्रोविजनल) सूचना के अनुसार 31 मार्च, 1986 को मुंबई यूनिट के पास आवेदकों तथा उपभोक्ताओं की 81.32 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 81.32 करोड़ रुपये) की राशि जमा थी। वर्ष के अंत में यह जमा राशि 103.28 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 103.28 करोड़ रुपये) थी। अंतर 31 मार्च, 1986 से पहले के कनेक्शनों से प्राप्त जमा राशि/धन वापसी के कारण है। दूरसंचार विभाग से इस खाते में अभी तक वसूली योग्य शेष राशि 55.85 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 55.85 करोड़ रुपये) हैं।

सी) दिनांक 31.03.2020 तक छुट्टी नकदीकरण का कुल प्रावधान 215.29 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 1,119.08 करोड़ रुपये) है। इसमें से 45.48 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 48.48 करोड़ रुपये) तथा 43.37 करोड़ रुपये़ (43.37 करोड़ रुपये) की दूरसंचार विभाग से वसूली योग्य राशि क्रमशः कंपनी के ग्रुप 'सी' एवं 'डी' तथा ग्रुप 'बी' कार्मिकों के एमटीएनएल में विलयन से पूर्व की अवधि की है।

डी) दिनांक 31.3.2020 तक सामान्य भविष्य निधि अंशदान के लिए शून्य रुपये (पिछले वर्ष 23.15 करोड़ रुपये) की राशि दूरसंचार विभाग से वसूली योग्य है। यह राशि 01.11.1998 तथा 01.10.2000 से एमटीएनएल में विलयित क्रमशः कंपनी के ग्रुप 'सी' तथा 'डी' एवं ग्रुप 'बी' कर्मियों से संबंधित है।

69. राजपत्र की अधिसूचना सं. जीएसआर 138(ई) दि. 3 मार्च, 2014 के अनुसार विलयित संयुक्त सेवा पेंशन के विकल्पधारकों के पेंशन लाभों का भुगतान बीएसएनएल के समान वेतनमानों पर भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। एमटीएनएल के संयुक्त सेवा पेंशन के विकल्पधारी कर्मियों के अतिरिक्त अन्य कर्मियों के लिए उपदान प्रावधान और एमटीएनएल के सभी कर्मियों के लिए छुट्टी नकदीकरण का प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया गया है।

70. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानक–36 ''परिसंपत्तियों का क्षरण'' के अंतर्गत केंद्र सरकार के उपक्रम के समूह तौर पर कुल मिलाकर कंपनी की 'परिसंपत्तियों के क्षरण' का कोई संकेत नहीं है।

71. लेखा नीति के अनुसार, बोनस/अनुग्रह राशि का भुगतान उत्पादकता से जुड़े मानकों के आधार पर किया जाता है, और तदनुसार इनका प्रावधान किया जाता है, बशर्तें समूह को मुनाफा हुआ हो। समूह के घाटे के मद्देनजर, समीक्षाधीन वर्ष में बोनस/अनुग्रह राशि का प्रावधान नहीं किया गया।

72. डिबेंचर मोचन आरक्षित : हानियों को देखते हुए, 2014–15 से मोचनीय अपरिवर्तनीय डिबेंचर (बॉण्ड्स के रूप में) के संबंध में डिबेंचर मोचन आरक्षित नहीं बनाई गई है।

73. मूल कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि को अंतरित की जाने वाली कोई राशि अपेक्षित नहीं है।

74. समूह की ऐसी कोई हानि दृष्टिगत नहीं होती जिसका पूर्वानुमान लगाया जाए, जिसके लिए लागू नियमों अथवा दीर्घावधि संविदा पर लेखांकन मानकों के अनुसार प्रावधान की आवश्यकता हो तथा जिसका व्युत्पन्नी संविदा से बिल्कुल संबंध न हो।

75. 31 मार्च 2020 के बैंक समाधान विवरणों में क्रमशः 1.32 करोड़ रुपये (पूर्व में 1.84 करोड़ रुपये) तथा 6.23 करोड़ रुपये (पूर्व में 3.37 करोड़ रुपये) बेमेल/असंबद्ध क्रेडिट/डेबिट शामिल हैं इनका मिलान/संशोधन कराने के लिए बैंक के साथ समाधान तथा अनुवर्ती कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

76. समीक्षाधीन वर्ष में समूह को 3693.73 करोड़ की हानि हुई है। कंपनी 2009–10 से (वित्तीय वर्ष 2013–14 को छोड़कर) निरंतर घाटे में है तथा समीक्षाधीन वर्ष में निवल मालियत पूर्ण रूप से समाप्त हो गई है। लगातार घाटे तथा नकारात्मक निवल मालियत को ध्यान में रखते हुए समूह के कार्यशील रहने की योग्यता का मूल्यांकन प्रबंधन द्वारा किया गया है। दूरसंचार विभाग के पत्र सं. एफ नं. 30–04–2019 पीएसयू अफेयर्स, दिनांक 29 अक्टूबर 2019 तथा 4 नवम्बर 2019 को परिपत्र के माध्यम से एमटीएनएल निदेशक मंडल के निर्णय एमटीएनएल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना प्रस्तुत की गई। जिसके अंतर्गत एमटीएनएल में 4 नवम्बर 2019 के सभी ग्रेड के 14387 कार्मिकों ने विकल्प द्वारा तथा 01 नवम्बर 1998 एवं 01 अक्टूबर 2000 को विलयित सरकार के अधीन भर्ती किए गए इन कर्मियों को स्वैच्छिक सेवानिवृति प्रदान की गई जिससे विरासत में प्राप्त इन कर्मियों की स्टॉफ लागत को कम किया गया था। अनुग्रह के अनुसार बजटीय सहयोग के माध्यम से दूरसंचार विभाग/भारत सरकार द्वारा वहन की गई थी। इसलिए कंपनी स्टाफ खर्चों को 2400 करोड़ प्रति वर्ष से कम करके 600 करोड़ तक कर सकी। इससे कंपनी को अपनी लागतों एवं घाटों को कम करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, सरकार ने कपंनी पर अत्याधिक ऋण के बोझ को समाप्त करने के लिए डीआईपीएएम की सहायता से कंपनी के भवनों तथा भूमि के मौद्रिकीकरण का अनुमोदन किया है कंपनी के भवनों एवं भूमि के मौद्रिकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा, सरकार ने कपंनी को 4जी लाइसेंस उपलब्ध कराने तथा 4जी लाइसेंस प्रदान करने के बदले सरकार द्वारा नई पूंजी लगाने का भी अनुमोदन कर दिया है ताकि एमटीएनएल अन्यों से प्रतिस्पर्धा कर सके। सरकार ने एफ नं. 12(16)–बी(एसडी)/2020 दिनांक 08/07/2020 के माध्यम से एमटीएनएल को एनसीडी के निर्गम के लिए 6500 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी उपलब्ध कराई है। एनसीडी के निर्गम की प्रक्रिया चल रही है। वित्तीय विवरण को तैयार करते समय प्रबंधन द्वारा इन सभी पहलुओं पर विचार किया गया है तथा संस्था की कार्यशील क्षमता का संगठन के रूप में चलन की लिए प्रक्रिया मूल्यांकन तदनुसार किया है।

77. कोविड–19 महामारी के कारण दिनांक 24/03/2020 से राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन किया गया था तथा अनिवार्य सेवा प्रदाता होने के नाते इस रिपोर्टाधीन अवधि में एमटीएनएल की सेवाएं बाधित नहीं हुई। अतः रिपोर्टाधीन वर्ष में एमटीएनएल के कार्य करने पर कोविड–19 महामारी का व्यावहारिक रूप से कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

78. दूरसंचार विभाग के पत्र सं. एफ नं. 30–04/2019–पीएसयू एफेयर्स दिनांक 29 अक्टूबर 2019 तथा दूरसंचार विभाग की समिति की दिनांक 31 अक्टूबर 2019 को अनुशंसाा तथा एमटीएनएल के निदेशक मंडल के दिनांक 4 नवम्बर 2019 के निर्णय के अनुसार स्वैच्छा से दिनांक 31/01/2020 से सेवानिवृत्त होने का विकल्प देने वाले कार्मिकों के लिए एमटीएनएल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना प्रस्तुत की गई थी जिसके अंतर्गत सभी ग्रेडों के 14387 एमटीएनएल कर्मियों ने विकल्प दिया था तथा उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) प्रदान की गई। सरकार द्वारा भर्ती किए गए एमटीएनएल में विलयित विरासत में प्राप्त कर्मियों की स्टाफ लागत को कम किया जा सके। 23/10/2019 को भारत सरकार/मंत्रीमंडल अनुमोदन तथा दूरसंचार विभाग के उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन के अनुसार अनुग्रह राशि प्रतिपूर्ति के कारण होने वाले व्यय को बजटीय समर्थन के माध्यम से दूरसंचार विभाग/भारत सरकार द्वारा वहन किया जाना था। 31/01/2020 तक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के विकल्प धारक कर्मियों को भुगतान योग्य कुल अनुग्रह राशि 2,619.88 करोड़ रुपये थी। हालांकि दूरसंचार विभाग ने मार्च 2020 में 804 करोड़ रुपये तथा जून एवं जुलाई 2020 में 1590 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। कर्मचारियों को इसका भुगतान कर दिया गया है। 225.88 करोड रुपये की शेष राशि अभी भी प्राप्त की जानी है। एमटीएनएल की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) 2019 के संदर्भ में वास्तविक स्थिति दर्शाने के लिए 31/03/2020 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के अंतर्गत संवानिवृत्त कर्मियों को भुगतान योग्य 1815.88 करोड़ रुपये की राशि को कंपनी के वित्तीय विवरणों में दूरसंचार विभाग से प्राप्य तथा स्वैच्छिक सेवानिवृति विकल्प धारकों को देय के रूप में दिखाया गया है।

79. समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) पर लाइसेंस शुल्क को वित्त वर्ष 2011–12 तक अन्य प्रचालकों के साथ राजस्व और राजस्व भागिता दोनों के संबंध में अर्जन आधार पर परिकलित और लेखा में लिया गया था। लाइसेंस फीस और एजीआर के परिकलन के विषय में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व में दिए गए निदेशानुसार मामले को टीडीएसएटी में वापस भेज दिया गया। टीडीएसएटी ने अपने दि. 23.04.2015 के फैसले के अनुसार डीओटी की संदेहास्पद मांगों को रद्द कर दिया और डीओटी को उनके निष्कर्षों के आलोक में फिर से लाइसेंस फीस पर काम करने का निदेश दिया। हालांकि, एमटीएनएल इस विवाद में एक पक्ष नहीं है और एजीआर लाइसेंस करार के अनुसार परिकलित है। भारत संचार निगम लि. के साथ नेटिंग आधार पर राजस्व सहभागिता के संबंध में वित्त वर्ष 2011–12 तक एजीआर में दावा की गई कटौती का मुद्दा वर्ष 2012–13 के बाद से वास्तविक आधार पर लाइसेंस शुल्क का भुगतान करते समय दूरसंचार विभाग तथा बीएसएनएल के साथ उठाया गया है। इस कारण वर्ष 2011–12 तक रुपये 140.36 करोड़ के प्रभाव को आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया गया है। दूरसंचार विभाग ने एमटीएनएल के एजीआर के आधार पर परिगणित लाइसेंस शुल्क का आकलन किया है।

इसके अलावा, दूरसंचार विभाग ने एजीआर में दावा की गई कुछ कटौतियों जैसे पीएसटीएन शुल्क, अन्य ऑपरेटरों को आईयूसी भुगतान आदि को अस्वीकार कर दिया है। एजीआर में दावा की गई कटौती को एमटीएनएल से दस्तावेजों के अभाव में अस्वीकार कर दिया गया था। एमटीएनएल ने दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए हैं और लाइसेंस शुल्क के मूल्यांकन में संशोधन दूरसंचार विभाग के पास लंबित है। दूरसंचार विभाग द्वारा जारी वर्ष 2007–08 से 2016–17 तक लाइसेंस शुल्क का प्रावधान मूल्यांकन आदेश 119706 करोड़ रुपये की मांग को दर्शाता है। एमटीएनएल द्वारा सीसीए/डीओटी को प्रस्तुत दस्तावेजों के मद्देनजर मूल्यांकन में संशोधन किया जा रहा है। हालांकि 1197.06 करोड़ रुपये की राशि आकस्मिक देयता के रूप में दिखाई गई है। इसके बाद वामो संबंधित देयता की सूची दिखाई गई है। टिप्पणियों में शामिल करने के लिए लाइसेंस शुल्क मांग की गणना व्यवहारिक नहीं है। डीओटी को देय लाइसेंस शुल्क की लाइसेंस शुल्क आकस्मिक देयता का विवरण।

,eVh,u,y fuxfer dk;kZy;

nwjlapkj foHkkx dks ns; ykblsal 'kqYd dh ykblsal 'kqYd vkdfLed ns;rk dk fooj.k

Ø- l-	nwjlapkj foHkkx i=kad	fnukad	foÙkh; o"kZ	ekaxh xbZ jkf'k
1	17-90/2005/एलएफ	31 जुलाई 12	2006-07	9.09
2	17-14/2013/एलएफ	12 मई 14	2007-08	214.24
3	17-14/2012/एलएफ	3 दिसम्बर 12	2007-08	136.36
4	17-14/2013/एलएफ	12 मई 14	2008-09	146.71
5	17-14/2013/एलएफ	12 मार्च 13	2008-09	22.52
6	17-18/2013/एलएफ	16 जून 14	2009-10	144.26
7	17-18/2013/एलएफ	19 मार्च 13	2009-10	20.29
8	17-34/2013/एलएफ	24 जुलाई 14	2010-11	40.94
9	17-19/2016/एलएफए	3 अक्टूबर 16	2011-12	76.29
10	17-34/2013/एलएफ II	20 दिसम्बर 16	2010-11	124.34
11	17-34/2013/एलएफ II	20 दिसम्बर 16	2010-11	0.86
12	17-20/2016/एलएफए	27 दिसम्बर 16	2012-13	26.60
13	17-19/2016/एलएफए	6 जनवरी 17	2011-12	12.93
14	17-19/2016/एलएफए	6 मार्च 17	2011-12	33.50
15	17-19/2016/एलएफए	6 मार्च 17	2011-12	-
16	17-20/2016/एलएफए	27 अप्रैल 17	2012-13	5.70
17	17-20/2016/एलएफए	27 अप्रैल 17	2012-13	0.34
18	17-20/2016/एलएफए	28 अप्रैल 17	2012-13	0.78
19	17-20/2016/एलएफए	20 जुलाई 17	2012-13	1.90
20	17-20/2016/एलएफए	20 जुलाई 17	2012-13	0.34
21	17-4/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 सितम्बर 18	2013-14	54.47
22	17-4/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 सितम्बर 18	2013-14	28.89
23	17-4/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 सितम्बर 18	2013-14	0.16
24	17-4/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 सितम्बर 18	2013-14	0.05
25	17-4/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 सितम्बर 18	2013-14	80.75
26	17-4/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 सितम्बर 18	2013-14	20.26
27	17-4/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 सितम्बर 18	2013-14	0.01
28	17-7/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2014-15	197.66
29	17-7/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2014-15	127.74
30	17-7/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2014-15	5.80
31	17-7/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2014-15	0.09

Ø- l-	nj lapkj foHkkx i=kad	fnukad	foÙkh; o"kZ	ekaxh xbZ jkf'k
32	17-7/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2014-15	337.08
33	17-7/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2014-15	64.96
34	17-7/2017/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2014-15	7.16
35	17-43/2019/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2015-16	147.29
36	17-43/2019/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2015-16	134.41
37	17-43/2019/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2015-16	0.73
38	17-43/2019/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2015-16	0.06
39	17-43/2019/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2015-16	226.75
40	17-43/2019/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2015-16	77.51
41	17-43/2019/एलएफए/एमटीएनएल	28 मई 19	2015-16	0.52
42	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2011-12	0.09
43	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2011-12	62.47
44	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2012-13	0.09
45	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2012-13	17.71
46	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2013-14	0.04
47	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2013-14	1.33
48	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2014-15	0.09
49	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2014-15	113.79
50	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2015-16	21.76
51	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2015-16	65.19
52	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2016-17	53.66
53	1-9/सीसीए/रिवि./स्पैक्ट्रम/सेसमेंट/एमटीएनएल/1439	11 नवम्बर 19	2017-18	(1.52)
				2,865.04

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

Ñrs foukn dqekj ,.M ,lksfl,V~l	dqekj fot; xqIrk ,.M daiuh	¼,e-oh- tks'kh½	¼,l- vkj- L;ky½
सनदी लेखाकार	सनदी लेखाकार	निदेशक (वित्त)	कंपनी सचिव
एफ.आर.एन. 002304एन	एफ.आर.एन. 007814एन	डीआईएन 8273959	

हस्ता.	हस्ता.	हस्ता.
¼eqds'k n/khp½	¼iou dqekj xxZ½	¼ih-ds- iqjokj½
साझेदार	साझेदार	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
सदस्यता सं. 511741	सदस्यता सं. 097900	डीआईएन 06619060

LFkku% नई दिल्ली
frfFk% 22.07.2020

foukn dqekj ,.M ,lksfl,V~l
lunh ys[kkdkj
4696, बृज भवन,
21ए, अंसारी रोड़, दरियागंज
नई दिल्ली – 110002
दूरभाषः 011–23288101

dqekj fot; xqIrk ,.M dEiuh
lunh ys[kkdkj
408, नई दिल्ली हाउस,
बाराखम्बा रोड़, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली – 110001
दूरभाषः 011–23314525/26, 45562649

Lora= ys[kkijh{kk dh fjiksVZ

सेवा में,
महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के सदस्य

,dy Hkkjrh; ys[kk ekud foÙkh; fooj.kksa dh ys[kkijh{kk ij fjiksVZ

lkis{k er

हमने महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (''कंपनी'') के संलग्न एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों, की लेखापरीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2020 को कंपनी के तुलन पत्र (बैलेंसशीट), तथा उसी दिन समाप्त हो रहे वर्ष के लाभ–हानि लेखे (अन्य व्यापक आय सहित), रोकड़ प्रवाह विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तन का विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखानीतियों के सार एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना (जिन्हें यहां आगे ''एकल वित्तीय विवरण'' कहा गया है), शामिल हैं।

हमारे मत से तथा हमारी अधिकतम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हमारी रिपोर्ट के सापेक्ष मत के आधार खंड में दिए गए मामलों के प्रभावों को छोड़कर, पूर्वोक्त एकल वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') द्वारा अपेक्षित सूचना उपलब्ध करवाते हैं तथा यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली 2015 (''भारतीय लेखा मानक'') तथा भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित किए गए भारतीय लेखांकन मानकों के अनुरूप 31 मार्च, 2020 को कंपनी के कार्यों की स्थिति, हानि तथा कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन तथा इसी तिथि को समाप्त वर्ष में इसके नकदी प्रवाह का सच्चा तथा निष्पक्ष चित्रण करता है।

समेकित वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित संस्थाओं के वित्तीय परिणामों की तारीख का वर्ष शामिल हैरू

(ए) lgk;d dEifu;ksa dh lwph%

– महानगर टेलीफोन (मॉरीशस) लिमिटेड ('एमटीएमएल') – लेखापरीक्षित

– मिलेनियम टेलीकॉम लिमिटेड – लेखापरीक्षित

(बी) la;qä m|eksa dh lwph%

– एमटीएनएल एसटीपीआई आईटी सर्विसेज लिमिटेड ('एमएसआईएसएल') – लेखापरीक्षित

(सी) ,lksfl,V~l dh lwph%

– यूनाइटेड टेलीकम्युनिकेशन लिमिटेड ('यूटीएल') – अलेखापरीक्षित

lki{k er dk vk/kkj

हमने अधिनियम (एसए) की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार एकल वित्तीय विवरण का लेखापरीक्षण किया है। उन मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्वों का वर्णन हमारी रिपोर्ट के 'एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व' खंड के अंतर्गत किया गया है। अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी की गई नैतिक संहिता के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं तथा हमने इन अपेक्षाओं और आईसीएआई की नैतिक संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक उत्तरदायित्व पूरे कर लिए हैं। हमारा विश्वास है कि हमें जो लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त हुआ है, वह एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर हमारे सापेक्ष लेखापरीक्षा मत का आधार उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त तथा उपयुक्त है।

(i) कंपनी की निवल मालियत पूरी तरह समाप्त हो गई है। कंपनी को पूर्व वर्ष की भांति 31 मार्च 2020 को समाप्त चालू वर्ष में तथा पिछले वर्ष में निवल नकद हानि हुई है और चालू देयताएं चालू परिसंपत्तियों से वस्तुतः बढ़ी हैं।

इसके अतिरिक्त लौक उद्यम विभाग ने अपने कार्यालय ज्ञापन सं. डीपीई/ 5(1)/2014– फाइनेंस (पार्ट–IX–ए) के अनुसार कंपनी की स्थिति को प्रारंभिक बीमार सीपीएसई'' के रूप में वर्गीकृत किया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने भी फाइल सं. 19–17/2017–एसयू–II के माध्यम से अपने पत्र सं. I/3000697/2017 के अनुसार स्थिति की पुष्टि की है।

तथापि, कंपनी के एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों को भारत सरकार की बहुलांश हिस्सेदारी और संलग्न प्रबंधन टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए कार्यशील संस्था के आधार पर तैयार किया गया है।

इसके अतिरिक्त केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी लागत कम करके, 4जी सेवाओं के लिए स्पैक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन, सरकारी प्रतिभूति बॉण्ड द्वारा ऋण पुनः नवीनीकरण, संपत्तियों का मुद्रीकरण तथा भारत संचार निगम लिमिटेड एवं एमटीएनएल के विलयन के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन के द्वारा मा.सं.नि.लि. तथा एमटीएनएल के पुनरूत्थान की योजना को भी अनुमोदित कर दिया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 76 भी देखें।)

(ii) Hkkjr lapkj fuxe fyfeVsM ¼ch,l,u,y½

ए) कंपनी की बीएसएनएल से कुछ निश्चित राशि प्राप्य एवं देय है। वसूली योग्य निवल राशि 3,504.10 करोड़ रुपये समाधान एवं पुष्टि के अधीन है। समाधान एवं पुष्टि न होने तथा दावों एवं प्रतिदावों के संबंध में लंबित विवादों को देखते हुए हम बकाया शेष का अभिनिश्चय करने एवं उसके सही होने एवं इससे कंपनी की एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी पर पड़ने वाले प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 67 का बिंदु सं. (ए) भी देखें)।

बी) कंपनी ने सेवा प्रदाताओं को 180 दिन की अवधि के अंदर सेवा कर का भुगतान न करने तथा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अंतर्गत संक्रमण प्रावधान के कारण, कालातीत (लैप्सड) केन्द्रीय मूल्यवर्द्धित कर क्रेडिट के संबंध में संदेहास्पद दावों के लिए प्रावधान नहीं किया है, जहां रुपये 144.66 करोड़ के पूर्वोक्त केन्द्रीय मूल्यवर्द्धित कर क्रेडिट को आगे नहीं ले जाया गया है तथा रुपये 51.65 करोड का अपात्र क्रेडिट जीएसटी कानूनों के अंतर्गत अधिक रूप में ट्रांस–1 में आगे ले जाया गया है, परिणामस्वरूप चालू परिसंपत्तियों को अधिक बढ़ाकर तथा उस सीमा तक हानि को कम बताया गया है।

(iii) कंपनी की दूरसंचार विभाग से कुछ निश्चित राशि प्राप्य एवं देय है। वसूली योग्य कुल राशि 410.46 करोड़ रु. समाधान तथा पुष्टि के अधीन है। समाधान एवं पुष्टि न होने के कारण हम बकाया शेष का अभिनिश्चय करने एवं उसके सही होने एवं इससे कंपनी की एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी पर पड़ने वाले प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 72 का बिंदु सं. (ए) भी देखें)

(iv) वित्तीय वर्ष 2011–12 तक दूरसंचार विभाग को देय लाइसेंस शुल्क, जो बीएसएनएल को आईयूसी प्रभार के रूप में है, को लाइसेंस करार की शर्तों के बजाय प्रोद्भवन आधार पर निकाला गया है जिसमें सकल राजस्व में से व्यय को घटाना वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमत है। वित्तीय वर्ष 2012–13 से दूरसंचार विभाग को देय लाइसेंस शुल्क का भुगतान नियमतः लाइसेंस करार के निबंधन के अनुसार तैयार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2011–12 तक कंपनी द्वारा लाइसेंस शुल्क की गणना वास्तविक आधार के बजाय प्रोद्भूत आधार पर की गई जैसा कि ऊपर भी बताया गया है जिससे कंपनी ने लाइसेंस शुल्क के इस अंतर को दर्शाना जारी रखा है जिसके कारण वास्तविक देयता के स्थान पर आकस्मिक देयता 140.36 करोड़ रु. है। परिणामतः वर्तमान देयता को कम करके आंका गया है तथा हानि को उस सीमा तक कम करके बताया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 83 को भी देखें)

(v) कंपनी ने पूंजीगत कार्यों के लिए उपरिव्यय का आबंटन इस तरह किया था, जो अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत स्वीकृत लेखाकरण पद्धति एवं भारतीय लेखा मानक–16 ''संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर'' के अनुसार नहीं हैं। परिणामतः चालू पूंजीकृत कार्यों / संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर को अधिक बताया गया है तथा हानि को कम करके बताया गया है। वर्ष में एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण पर पड़ने वाले इसके वास्तविक प्रभाव का निश्चय नहीं किया गया है तथा मात्रा का पता नहीं लगाया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 41 एवं 44 भी देखें)।

(vi) सीडीएमए इकाइयों की परिसंपत्तियों की पूर्व वर्षों में बतायी गई क्षरण हानि को छोड़कर अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखामानक–36 ''परिसंपत्तियों का क्षरण'' के संबंध में वर्ष के दौरान क्षरण से हुई किसी हानि के किसी समायोजन पर कोई विचार नहीं किया गया है। कंपनी द्वारा भावी योजनाओं के जो आकलन किए गए हैं उनकी प्राप्ति में अनिश्चय की स्थिति होने के कारण हम नकदी उपार्जक इकाइयों की रखाव लागत में होने वाले क्षरण के संबंध में अपेक्षित प्रावधान एवं इसके परिणामस्वरूप वर्ष में होने वाली हानि, आरक्षित निधि एवं अधिशेष के संचित शेष तथा नकदी उपार्जक इकाइयों की रखाव लागत पर इसके प्रभाव का अभिनिश्चय करने एवं उन पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 74 भी देखें।)

(vii) व्यापार प्राप्यों से प्राप्य राशि, भारत सरकार के विभागों और अन्यों के पास जमा, प्रचालकों और अन्य पार्टियों से वसूली योग्य दावे और व्यापार देय की देय राशि, प्रचालकों के देय दावे और अन्य पार्टियों को देय राशि के संबंध में कंपनी पुष्टि की प्राप्ति और शेष का समाधान करने की पद्धति का अनुसरण नहीं करती है। तद्नुसार, विभिन्न पार्टियों से प्राप्य और देय राशि पुष्टि और समाधान के अधीन है। पुष्टि और समाधान के लंबित होने के कारण एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण पर पड़ने वाले इसके प्रभाव और मात्रा का निश्चय नहीं किया जा सकता और मात्रा नहीं बताई जा सकती। (एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 69 भी देखें)

(viii) कंपनी द्वारा की गई बिलिंग पर उपभोक्ता से प्राप्त किए गए असंबद्ध क्रेडिट 75.69 करोड़ रुपये समनुरूप प्राप्यों से मेल नहीं खाते, जो तुलन पत्र में देयता के रूप में अंकित है। इस सीमा तक व्यापार प्राप्य और चालू देयताओं को अधिक बताया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 68 और 79 भी देखें)।

(ix) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर का पूंजीकरण सामान्यत इंजीनियरी विभाग से पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर अथवा खरीदी गई पूंजीगत वस्तुओं के बिल वित्त विभाग द्वारा प्राप्त होने अथवा स्टोर से वस्तु जारी होने पर किया जाता है। पूर्णता प्रमाणपत्र जारी होने अथवा बिल प्राप्ति अथवा वस्तु जारी करने की पर्ची की प्राप्ति में विलम्ब होने के कारण संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के पूंजीकरण के ऐसे मामले हैं जो अगले वर्ष के लिए आस्थगित हो जाते हैं। परिणामतः इसका लाभ एवं हानि के विवरण पर मूल्यह्रास तथा संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की राशि जिसका पूंजीकरण तुलन–पत्र में किया गया है, आदि से पड़ने वाले प्रभाव को निश्चित नहीं किया जा सकता तथा मात्रा नहीं बताई जा सकती।

(x) पूर्व के वर्षों में दूरसंचार विभाग से एमटीएनएल को स्थानांतरित कुछ भूमि तथा भवनों को पट्टाभूमि (लीज होल्ड) के रूप में दर्शाया गया है। सुसंगत रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण हम इसके पट्टाभूमि के रूप में वर्गीकरण, पूंजीकरण और परिशोधन के संबंध में तथा सुसंगत रिकॉर्डों से पुष्टि के बिना इस प्रकार के वर्गीकरण, पूंजीकरण और परिशोधन के परिणामस्वरूप पड़ने वाले प्रभाव, यदि कोई हो तो, उस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। संगत रिकार्ड उपलब्ध न होने के कारण इस प्रकार के वर्गीकरण से एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण पर पड़ने वाले प्रभाव का निश्चय नहीं किया जा सकता एवं मात्रा नहीं बताई जा सकती।

(xi) वर्ष 2012–13 में दूरसंचार विभाग ने कंपनी से 2जी स्पैक्ट्रम के एकबारगी प्रभार 3313.15 करोड़ रु. के भुगतान की मांग की थी जो कंपनी द्वारा लिए गए जीएसएम और सीडीएमए की पहले ही बीत चुकी लाइसेंस की अवधि और साथ ही लाइसेंस की शेष वैध अवधि तथा परीक्षण आधार पर दिए गए स्पैक्ट्रम के लिए थी।

जैसाकि स्पष्ट किया गया है सीडीएमए के लिए स्पैक्ट्रम उपयोग की मांग को 107.44 करोड़ रुपये तक संशोधित किया गया, जो वास्तविक उपयोग में सुधार के कारण संशोधित की गई है तथा बाद में इसे वापस ले लिया गया।

साथ ही जैसाकि स्पष्ट किया गया है कि स्पैक्ट्रम के एक हिस्से को वापस करने के संबंध में कंपनी द्वारा मामले पर अंतिम निर्णय लंबित होने, कंपनी द्वारा किए गए दावे पर इसी प्रकार की मांगों को लकर अन्य प्राइवेट प्रचालकों के विरोध को देखते हुए डीओटी द्वारा निश्चय करने तथा सर्वोच्च अदालत में विचाराधीन होने के कारण देय राशि यदि कोई हो तो, अनिश्चेय है। तद्नुसार इस मामले में डीओटी द्वारा की गई मांग के लिए कोई देयता नहीं रखी गई है तथा 3205.71 करोड़ रु. का आकस्मिक देयता के रूप में पिछले वर्ष तक प्रकटीकरण किया गया है। यद्यपि दूसरसंचार विभाग से अभी तक कोई और मांग नहीं आई है। हालाँकि जैसा आगे वर्णन किया गया है टीडीएसएटी ने 6.2 मैगाहर्ट्ज से अधिक आबंटित स्पैक्ट्रम पर ओटीएससी की उगाही (लेवी) अलग रखते समय सरकार को 01.07.2008 के बाद आबंटित स्पैक्ट्रम के लिए मांग की समीक्षा करने का निदेश दिया था तथा वह भी 01.01.2013 से पूर्व आबंटित 6.2 मैगाहर्ट्जज से अधिक स्पैक्ट्रम के मामले में, जो 01.01.2013 से प्रभावी था। जैसाकि वर्णित किया गया है, टीडीएसएटी आदेशों के अनुसार भी अभी तक कोई और मांग नहीं की गई है तथा टीडीएसएटी निर्देशों के आधार पर प्रबंधन के अनुसार मांग, यदि कोई हो तो 455 करोड़ रुपये से अधिक नहीं हो सकती, जिसका प्रकटन आकस्मिक देयताओं में किया गया है।

उपर्युक्त को देखते हुए हम कंपनी के निर्णय (स्टैण्ड) के सही होने तथा अंततः इससे कंपनी के एकल वित्तीय परिणामों पर पड़ने वाले प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 63 भी देखें।)

(xii) कंपनी ने संविदागत शर्तों के पूरा न होने के कारण विक्रेताओं से परिसमाप्त क्षतियों की वसूली/कटौती की है जिन पर वस्तु एवं सेवा शुल्क (जीएसटी) का भुगतान नहीं किया गया है इसका वर्ष हेतु एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर वास्तविक प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया गया है तथा माप नहीं की गई है।

सूचना के अभाव में उसके पड़ने वाले प्रभाव की मात्रा नहीं बताई जा सकती। हम 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के कंपनी के एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की बिन्दु सं. (i), (ii)(ए), (ii)(बी), (iii), (v), (vi), (vii), (viii), (ix) (x), (xi) एवं (xii) में बताई गई मदों के संभावित प्रभाव पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

ekeyk ij /;kukd"k.k

हम एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की निम्नलिखित टिप्पणियों की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं क्योंकि ये मामले egkuxj VyhQku fuxe fyfeVM से संबंधित हैं तथा हमें उन पर विशेष बल देने की आवश्यकता है। इन मामलों पर हमारा मत सापेक्ष (क्वालीफाइड) नहीं है :

(i) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 आईए के अंतर्गत कंपनी के द्वारा दावा किए गए कटौती के संबंध में आयकर विभाग के साथ लंबित विवाद जो माननीय न्यायालयों में विचाराधीन हैं, के संदर्भ में कंपनी के पास आकस्मिक आरक्षित निधि की पर्याप्तता अथवा अन्यथा प्रावधान के संबंध में एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 65 देखें।

(ii) एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 66 का बिन्दु सं. (ए) एमटीएनएल के मैसर्स एम एंड एन पब्लिकेशंस लिमिटेड के साथ एमटीएनएल की टेलीफोन निर्देशिकाओं के मुद्रण, प्रकाशन और आपूर्ति के विवाद में दावे और प्रतिदावे के लेखाकरण के संबंध में है। इसकी अंतिम वसूली/भुगतान यथोचित रूप से निश्चित होने पर इसे उस वर्ष के लेखे में लिया जाएगा।

(iii) बीएसएनएल तथा अन्य प्रचालकों से प्राप्य राशि को व्यापार प्राप्य एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों जैसे दो हिस्सों में बांटने के स्थान पर ऋण एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में दर्शाया गया है। (एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 10, 16 और 19 भी देखें)

(iv) संयुक्त सेवा का विकल्प चयन करने वाले एमटीएनएल के विलयित कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) के निपटान के संबंध में दूरसंचार विभाग से राशि की वसूली के कंपनी के दावे पर, डीओटी ने पूरी राशि और उस पर ब्याज की स्वीकृति/मंजूरी नहीं दी है। इस विषय में कंपनी और दूरसंचार विभाग के बीच निरंतर पत्राचार चल रहा है जिसे एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण में डीओटी से वसूली योग्य और जीपीएफ में देय दर्शाया गया है तथा एकल भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 72 के बिन्दु सं. (डी) में इसका विवरण दिया गया है।

(v) लाइसेंस शुल्क और स्पैक्ट्रम उपयोग प्रभार के देय का समायोजन संयुक्त सेवा पेंशन के विकल्पधारकों की अधिक पेंशन अदायगी से किया जाएगा, जिसकी दूरसंचार विभाग से वसूली की जानी है। मामला विचाराधीन है तथा कंपनी और दूरसंचार विभाग के बीच इस पर पत्राचार चल रहा है।

(vi) कंपनी और दूरसंचार विभाग के बीच लाइसेंस करार में समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की गणना की पद्धति में परिवर्तन के संबंध में दिशा–निर्देश आई–जीएएपी से भारतीय लेखामानक में संक्रमण के कारण नहीं दिए गए हैं। दूरसंचार विभाग को देय लाइसेंस शुल्क और स्पैक्ट्रम उपयोग प्रभार के लिए प्रावधान और देयता का

भुगतान भारतीय लेखामानक आधारित वित्तीय विवरणों के आधार पर किया गया है। समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की संगणना में राशि अंतर दूरसंचार विभाग के विचाराधीन है।

(vii) पूर्ण स्वामित्व और पट्टेवाली भूमि के कुछ मामलों में कंपनी के पास हक विलेख हैं, जो कंपनी के नाम पर हैं, परंतु उनका मूल्य कंपनी के लेखा बहियों में दर्ज नहीं है।

(viii) उपलब्ध कराए गए लीज सर्किटों के संबंध में बीएसएनएल के साथ राजस्व सहभागिता के कारण उत्पन्न आय को बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के बीच हुए सहमति ज्ञापन के संदर्भ में नहीं पहचाना गया है। सहमति ज्ञापन के अनुसार राजस्व तथा व्यय व्यवसाय प्राप्त करते समय छूट, यदि कोई हो, को लागू करने के बाद उपभोक्ताओं को प्रस्तावित की गई कीमत पर आधारित होंगे। हालांकि राजस्व को उपलब्ध सूचना के आधार पर पहचाना गया है जो या तो कंपनी कार्ड दरों पर आधारित हैं या बीएसएनएल की पुरानी दरों पर। कुछ मामलों में बीएसएनएल ने अद्यातित दरों के बारे में सूचना दी है परंतु उस पर भारत संचार निगम लि. के साथ राजस्व सहभागिता को दर्ज करते समय विचार नहीं किया गया है। संबंधित अद्यतित रिकॉर्ड के अभाव में हम उसका एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है।

